दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :101
प्रतापगढ़ | सोमवार , 12 फरवरी-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# पहले कांग्रेस की छुट्टी हुयी थी अब सफाया होगा-मोदी

## प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के झाबुआ में कांग्रेस पर बोला जमकर हमला



**झाबुआ,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, अब 2024 में कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि सबसे पिछड़े और वंचितों का कल्याण, हमारी सरकार की प्राथमिकता है।प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान झाबुआ के गोपालपुरा में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम के जरिए मध्य प्रदेश में 2024 लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया।प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में आए लोगों का गुजराती में अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि झाबुआ जितना मध्यप्रदेश से जुड़ा है, उतना ही गुजरात से जुड़ा है। यहाँ रहते हुए मुझे यहाँ के जनजीवन और परम्पराओं से करीब से जुड़ने का मौका मिला था। आपके बीच आकर वही भाव ताजा हो जाता है। इन दिनों इस क्षेत्र में भगोरिया की तैयारी चल रही होगी। मैं आप सभी को भगोरिया की शुभकामनाएं देता हूं। भगोरिया से पहले मुझे यहां ढेर सारी सौगात आपके चरणों में सुपुर्द करने का सौभाग्य मिला है।यहां आने से पहले मैंने देखा कि मेरी यात्रा को लेकर चर्चाएं हो रही है। कुछ लोग कह रहे हैं, मोदी मप्र में झाबुआ से लोकसभा की लड़ाई का आगाज करेगा। मैं बताना चाहता हूं मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए नहीं आया है। मैं मप्र की जनता का आभार व्यक्त करने आया हूं। मप्र में विस चुनाव नतीजों से पहले आप बता चुके हैं कि लोकसभा के लिए आपका क्या मूड है।प्रधानमंत्री ने अबकी बार 400 पार का नारा भी दोहराया। पीएम ने कहा कि एनडीए की 400 पार की बात मैं भी सुन रहा हूं। लेकिन अकेली भाजपा 370 पार करेगी। उन्होंने मौजूद लोगों से चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए कहा कि आपको यहां से आकर एक ही काम करना है। पिछले तीन चुनाव में आपके यहां पोलिंग बूथ में क्या रिजल्ट आया था, उसे निकालो और कितने वोट पड़े वह निकालो और कमल को किस पोलिंग बूथ पर ज्यादा वोट मिले उसे लिख लो और जहां ज्यादा वोट मिले वहां 370 वोट ज्यादा मिलने चाहिए, ऐसी तैयारी करें।प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को बीमार बनाने के पीछे कांग्रेस का गाँव, गरीब और आदिवासी समाज के प्रति नफरत भरा रवैया था। कांग्रेस के लिए आदिवासी का मतलब कुछ वोट होता है। इन्हें गरीबों की याद सिर्फ चुनाव के समय याद आती थी। अटल जी की सरकार ने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया। ये भाजपा की सरकार है, जिसने वन उपज पर एमएसपी में वृद्धि की। करीब 90 वन उत्पादों को एमएसपी के अंतर्गत लाया गया। हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं देश का गौरव है। देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है आदिवासी समाज।मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों में सिर्फ 100 एकलव्य स्कूल खोले, जबकि भाजपा की सरकार ने इससे चार गुना ज्यादा स्कूल खोले हैं। एक भी आदिवासी बच्चा शिक्षा के अभाव में रह जाए यह संभव नहीं। भाजपा ने वन संपदा कानून में सुधार किया और आदिवासियों को उनके अधिकार लौटाए। इसके अलावा सिकल सेल एनीमिया के लिए हमारी सरकार ने काम किया।

## वैदिक के साथ ही राष्ट्र चेतना के भी ऋषि थे स्वामी दयानंद - प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित समारोह में एक वीडियो संदेश में कहा कि गुलामी के कालखंड में उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया और जनमानस को वेद और आध्यात्म से जोड़ा।प्रधानमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने सामाजिक कुरीतियों को मोहरा बनाकर हमें नीचा दिखाने की कोशिश की। सामाजिक बदलाव को हवाला देकर अंग्रेजी राज को कुछ लोगों ने सही ठहराने की कोशिश की। ऐसे समय में स्वामी दयानंद के प्रयासों से इन सभी साजिशों को गहरा धक्का लगा। आर्य समाज से प्रभावित लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल और स्वामी श्रद्धानंद जैसी क्रांतिकारियों की पूरी श्रृंखला तैयार हुई। ऐसे में कहा जा सकता है कि स्वामी दयानंद सरस्वती केवल एक वैदिक ऋषि ही नहीं बल्कि राष्ट्र चेतना के ऋषि थे।

## भाजपा, आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार भारत के डीएनए में है - राहुल गांधी



**रायगढ़,एजेंसियॉ।_** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी ''भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो।'' कांग्रेस सांसद ने दावा किया, ''वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे।'' गांधी ने आरोप लगाया, ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं।'' उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''जब मैं वहां (मणिपुर) गया, तो मेइती समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षाकर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मेइती सुरक्षाकर्मियों के लिए भी यही बात कही।'' उनके वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। इस पर लड़की ने जवाब दिया, ''न्याय।''

## क्या राम विरोधी ही कांग्रेस में रहेंगे -प्रमोद कृष्णम

### मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा



**संभल,(हि.स.)।** कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रेसवार्ता कर कहा कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। जो सनातन को मिटाने की बात करें। जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम करें। राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निष्कासन बहुत छोटी चीज है। राम, राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन पर कोई समझौता नहीं कर सकता। कांग्रेस ने मुझे मुक्ति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कि मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा है।कांग्रेस बताये क्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधीआचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूछा कि क्या अयोध्या जाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी है। क्या राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस बताए कि पार्टी विरोधी गतिविधियां क्या थीं। क्या कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कराना पार्टी विरोधी है। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना पार्टी विरोधी है।कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को छः साल के लिए निष्कासित किया है। इस पर उन्होंने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक रामभक्त को केवल छः साल के लिए ही क्यों निकाला जा रहा है। मैं छात्र जीवन से करीब 17 वर्ष की आयु में स्व. राजीव गांधी से मिला था। तब से लेकर मैं कांग्रेस में रहा। राजीव गांधी को मैंने एक वायदा किया था। हमने कहा था कि हम आखिरी सांस तक कांग्रेस के साथ रहेंगे।आचार्य ने कहा कि बहुत से ऐसे मोड़ आये, बहुत से फैसले थे जिस पर मैं सहमत नहीं था। अनुच्छेद 370 और तीन तलाक के विषय पर कांग्रेस को विरोध नहीं करना चाहिए था। मैंने कहा था कि भारत की संसद का उद्घाटन भारत का प्रधानमंत्री नहीं करेगा तो क्या पाकिस्तान का प्रधानमंत्री करेगा। मैंने अपमान के कई घूंट पिये लेकिन पार्टी नहीं छोड़ी, क्योंकि राजीव गांधी को जो वचन दिया था वह आड़े आ रहा था।

# बिहार में नीतीश की अग्नि परीक्षा आज

## विधायकों को संभालने में लगी पार्टियां



**पटना,,एजेंसियॉ।** बिहार की विधानसभा में कल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना बहुमत साबित करेंगे। सीएम फ्लोर टेस्ट को लेकर आश्वस्त है। लेकिन फिर भी राज्य की राजनीति का पारा चढ़ा हुआ है। कांग्रेस और आरजेडी को हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा है। वहीं भाजपा और जदयू भी अपने-अपने विधायकों को एकजुटता का पाठ पढ़ाने में लगी हुई है। जेडीयू ने रविवार को विधानमंडल दल की बैठक बुलाई है। शाम को मंत्री विजय कुमार चौधरी के घर पर बैठक होगी, जिसमें नीतीश कुमार भी शमील होंगे।

### जदयू ने विधायकों को जारी किया व्हिप

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को विश्वास मत हासिल करने के दौरान पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया। जदयू के मुख्य सचेतक श्रवण कुमार ने कहा कि व्हिप का उल्लंघन करने वाले ÷अपनी सदस्यता खो देंगे।÷ इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह ÷हर विधानसभा सत्र से पहले होने वाली नियमित प्रक्रिया होती है।÷ बता दें, शनिवार को मंत्री श्रवण कुमार के घर भोज आयोजित किया गया था। इसमें विधायक बीमा भारती, अशोक चौधरी, गुंजेश्वर साह दिलीप राय, डॉ संजीव, और सुदर्शन नहीं पहुंचे थे, जिसके बाद पार्टी ने व्हिप जारी किया।

### तेजस्वी यादव के आवास पर रोके गए विधायक



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को पार्टी के विधायकों के साथ मीटिंग की, जिसके बाद उन्हें सरकारी आवास में शिफ्ट किया गया। सोमवार को यहीं से सभी को विधानसभा ले जाया जायेगा। सामने आयी जानकारी के अनुसार, तेजस्वी अपने विधायकों की अच्छे से खातिरदारी करने में लगे हुए हैं। मीटिंग के बाद विधायकों को अच्छा खाना खिलाया गया और रात को आवास पर संगीत की महफ़िल भी सजाई गयी।

### भाजपा भी सतर्क, विधायकों पर लगाए प्रतिबंध

फ्लोर टेस्ट से पहले भाजपा ने भी अपने विधायकों को बोधगया के होटलों में शिफ्ट कर दिया था। अब खबर आ रही है कि पार्टी ने विधायकों के होटलों से बाहर निकलने पर रोक लगा दी है। होटल के कैंपस में मीडियाकर्मियों की एंट्री पर भी रोक लग गयी है।

बताया जा रहा है कि सभी विधायक सोमवार की सुबह फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए यहीं से ही रवाना होंगे।

# मुख्यमंत्री योगी के साथ मंत्री और विधायकों ने किए रामलला के दर्शन

## भाजपा के साथ आरएलडी, बसपा व कांग्रेस के भी विधायक पहुंचे अयोध्या धाम



**अयोध्या,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सभी मंत्री और विधायकों के साथ रामलला का दर्शन किया। दर्शन करने वालों में भाजपा के साथ आरएलडी, बसपा, कांग्रेस और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के भी विधायक शामिल थे जबकि सपा के विधायक नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर यह धार्मिक यात्रा तय की गई थी।अयोध्या धाम में सभी मंत्री और विधायक बेहद उत्साहित दिखे और भक्तिभाव में डूबे नजर आए। सभी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया।मंत्री और विधायकों के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान वह अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर काफी गदगद नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।रामलला के दर्शन के लिए मंत्री और विधायकों का काफिला सुबह करीब 09 बजे 10 लग्जरी बसों से लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

रास्ते में बाराबंकी में सभी जनप्रतिनिधियों के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहां पर नाश्ता करने के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी आगे के लिए रवाना हो गए। मंत्री और विधायकों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या धाम पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ विमान से अयोध्या धाम पहुंचे।मंत्री और विधायकों का समूह जैसे ही श्रीराम जन्मभूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। मंत्री और विधायक हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया। इस दौरान लोक कलाकारों ने अलग-अलग विधा से लोक नृत्य के जरिए सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। स्कूल के बच्चे भी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते नजर आए।

## किसानों की हुंकार से दिल्ली पुलिस अलर्ट, उत्तर पूर्वी जिले में धारा 144 लागू




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान को देखते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला में धारा 144 लगा दिया गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एमएसपी आदि मांगों को लेकर किसान संगठनों के 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के आह्वान की जानकारी मिली है। मांगें पूरी होने तक उनके दिल्ली की सीमा पर बैठने की संभावना है।पूर्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान किसानों ने जिस प्रकार का व्यवहार दिखाया था, उसे ध्यान में रखते हुए ट्रैक्टर/ट्रॉली आदि के साथ किसानों/समर्थकों के अपने-अपने जिलों से दिल्ली आने की संभावना है। यह भी संभावना है कि हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और एमपी आदि राज्यों से भी किसान आ सकते हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने और कानून और व्यवस्था बनाए रखने के साथ, क्षेत्र में जीवन और संपत्ति को बचाने के लिए धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 का एहतियाती आदेश जारी किया जाना आवश्यक है।अधिकारियों ने कहा कि, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच सभी सीमाओं पर और उत्तर पूर्वी जिले के क्षेत्राधिकार क्षेत्र में आस-पास के क्षेत्रों में आम जनता के इकट्ठा होने पर रोक रहेगी। वहीं, उत्तर प्रदेश से दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को ले जाने वाले ट्रैक्टरों, ट्रॉलियों, बसों, ट्रकों, वाणिज्यिक वाहनों, निजी वाहनों आदि में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।उत्तर पूर्वी जिला पुलिस प्रदर्शनकारियों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सभी प्रयास करेगी। किसी भी व्यक्ति/प्रदर्शनकारी को हथियार रखने की अनुमति नहीं होगी। उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ऐसे व्यक्तियों को मौके पर हिरासत में लेने के लिए सभी प्रयास करेगी। किसान आंदोलन को देखते हुए बॉर्डर एरिया में बैरिकेडिंग की जा रही है। साथ ही पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया जा रहा है।

## हल्द्वानी के कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं सुचारु




**देहरादून/हल्द्वानी,(हि. स.)।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले स्थित हल्द्वानी शहर के कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुचारु करने के साथ ही मेडिकल स्टोर खुलवाए गए हैं। साथ ही बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा को बहाल कर दिया गया है।रविवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल कर दिया है। जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने आवश्यक सेवाओं को बहाल किया। बीमार लोगों के लिए बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया गया है। इसके अलावा लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो कि बीमारी से ग्रसित था, उसे बनभूलपुरा चिकित्सालय में ले जाकर इलाज के उपरांत राजकीय वाहन से घर तक छोड़ा गया है। प्रशासन धीरे-धीरे शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारु कर रहा है।कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी वाजपेई ने बताया है कि आज हल्द्वानी के कर्फ्यू क्षेत्र के लाइन नंबर 17, किदवई नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती, लाइन नंबर 08 के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भारत और इंडेन गैस का वितरण कराया गया है।

## पाकिस्तान में नवाज शरीफ को सेना का समर्थन, गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू



**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान में गुरुवार को हुए चुनाव के पूरे परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं लेकिन त्रिशंकु संसद के आसार के बीच सेना ने नवाज शरीफ का समर्थन किया है। इसी के साथ गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में शानदार प्रदर्शन करके संख्याबल में सबसे अधिक हैं।पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन सरकार के लिए प्रयास तेज करके सौदेबाजी शुरू कर दी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं को बताया है कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए प्रधानमंत्री पद की मांग की है। पीपीपी ने अपनी इस शर्त को मानने पर गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त की है। शहबाज ने पार्टी नेताओं को बताया कि जरदारी ने पेशकश की कि बदले में पीपीपी पंजाब में अपनी सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन का समर्थन करेगी।रिपोर्ट के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और बिलावल से मुलाकात की और भविष्य के गठबंधन पर चर्चा की। इसके बाद शनिवार को दिन में पीएमएल-एन नेताओं ने केंद्र के साथ-साथ पंजाब में भावी सरकार बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। शहबाज शरीफ ने सीनेटर इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, सरदार अयाज सादिक, मरियम औरंगजेब, मलिक मुहम्मद अहमद खान, सीनेटर आजम नजीर तरार, अताउल्लाह तरार, ख्वाजा इमरान नजीर और अन्य ने नई परिस्थितियों पर चर्चा की है।रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गठबंधन सरकार बनाने के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आह्वान का समर्थन किया। इस बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकड़ ने कहा कि उन्हें देश में गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 100 सीट पर जीत हासिल कर सबको हैरान कर दिया है।पाकिस्तान चुनाव आयोग के 265 में से 255 सीटों के घोषित परिणाम के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 73, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। अन्य 11 सीटों पर छोटे दलों को जीत मिली है। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी।

## मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई



**मुंबई,(हि.स.)।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ई- मेल में कहा गया है, %%अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तुरंत सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए नहीं तो मैं हर अमेरिकी दूतावास को उड़ा दूंगा।पुलिस के अनुसार, शनिवार अपराह्न करीब 3.50 बजे दूतावास को यह ई-मेल प्राप्त हुआ। ई-मेल भेजने वाले ने खुद को भगोड़ा अमेरिकी नागरिक बताया है। उसने कहा है कि उसके खिलाफ अमेरिका में 19 आपराधिक आरोप दर्ज हैं। इस व्यक्ति ने ई-मेल में कहा, %%मेरी अमेरिकी नागरिकों को मारने की भी योजना है।दूतावास से यह जानकारी मिलने के बाद बांद्रा-कुर्ला पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505(1)(बी) और 506(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति का विवरण जुटा रही है।

## रवीन्द्र कुशवाहा बने नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय संरक्षक



**प्रयागराज।** चित्रकला के क्षेत्र में प्रयागराज ही नहीं वरन् पूरे देश में भारतीय कला संस्कृति के विकास और कलाकारों के उत्थान में पूरा जीवन अर्पण करने वाले प्रयागराज के प्रसिद्ध वरिष्ठ चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा को अब नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा अपना राष्ट्रीय संरक्षक बनाया गया है।

विदित हो कि राज्य ललित कला अकादमी उ. प्र. संस्कृति विभाग के कार्यकारिणी सदस्य रहे रवीन्द्र कुशवाहा वर्तमान समय में संस्कार भारती प्रयागराज के चित्रकला संयोजक पद पर कार्यरत हैं तथा नारायण आर्ट अकादमी के निदेशक भी हैं जो पिछले वर्ष विश्वकला प्रदर्शनी का भव्य व बृहद सफल आयोजनकर्ता रहें हैं।

नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0राकेश जेर ने श्री कुशवाहा को बधाई व ससम्मान देते हुए उन्हें यह मनोनयन- पत्र सौंपा है। इस अवसर पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बिवास कुमार सिन्हा, संस्थापक अंकुर जी, सचिव डॉ.लखन लाल आजाद, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अतुल पाडिया, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चत्रवीर सिंह, पश्चिमोत्तर भारत के अध्यक्ष डॉ विश्वजीत दाम, संरक्षक डॉ.अविनाश कांटे व बिहार राज्य के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सोना ने रवीन्द्र कुशवाहा को राष्ट्रीय संरक्षक बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई संदेश भेजे हैं।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा 18 फरवरी को

## प्रयागराज में जबरदस्त स्वागत की तैयारी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिन राजेश तिवारी ने गंगा पार जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी की तैयारी बैठक का जायजा लेते हुए आगामी 18 फरवरी को कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि उन्हें मौका मिला है विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के इस न्याय यात्रा को सफल बनाने का। उनसे मिलने का अपनी बात कहने का। वह इस तैयारी में की जान से जुट जाएं। श्री तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की यह यात्रा राजनीतिक नहीं है। यह सामाजिक यात्रा लोगों को न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी लोगों के बीच में जा रहे हैं। जिसमें सामाजिक न्याय आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा 14 जनवरी से प्रारंभ है जो की 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजर रही है और कुल 66 दिनों में 6 713 किलोमीटर की दूरी तय करके 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

वह यात्रा 18 फरवरी को प्रयागराज के बॉर्डर में प्रवेश करेगी और हंडिया सैदाबाद हनुमानगंज होते हुए झूसी के बाद प्रयागराज नगर में प्रवेश करेगी। तिवारी ने कहा कि जिले का प्रत्येक पदाधिकारी उपाध्यक्ष महासचिव सचिव पीसीसी आईसीसी के सदस्य पूर्व विधायक चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी न्याय पंचायत अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष इन सब की जिम्मेदारी है कि वह तन मन धन से सी राहुल गांधी की इस यात्रा का उद्देश्य गांव-गांव तक नौजवानों को के स्कूल कॉलेज तक व्यापारियों के दुकान से लेकर चट्टी चौराहों पर प्रचार के माध्यम से जनसंपर्क के माध्यम से बताएं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारिणी के संजय तिवारी, मकसूद अहमद, मुकुंद तिवारी, योगेंद्र मिश्रा, इमरान, सुरेश चंद यादव, मनीष मिश्रा, जितेश मिश्रा, हरकेश तिवारी, नदीम अहमद, फूजैल हाशमी, बृजेंद्र मिश्रा, हसीब अहमद, किशोर वार्ष्णेय, रईस अहमद, एहतेशाम अहमद, हलीम अंसारी, मनोज पासी, राकेश पटेल, सिद्धनाथ मौर्य, गुड्डू नकवी, अंकुर पांडे, सोनू दुबे, बजरंग लाल दुबे, सायरा बानो, मंजू संत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बेलखरिया क्रिकेट कप पर ओमेगा टीम ने का कब्जा



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** बेलखारिया के पूरा क्रिकेट कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को नारायण गंज और ओमेगा मऊआइमा के बीच खेले गए 12 ओवर के मैच में ओमेगा क्रिकेट क्लब मऊआइमा ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर बेलखरिया क्रिकेट कप पर कब्जा कर लिया।टास जीत कर नारायण गंज की टीम ने 12 ओवर में कुल 119 रन बनाया।जवाब में उतरी ओमेगा क्रिकेट क्लब मऊआइमा ने दस ओवर ही चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने विजेता कप्तान को 51 हजार नगद और कप प्रदान किया। उप विजेता टीम के कप्तान को 25 हजार नगद व शील्ड प्रदान किया। मैन आफ दी मैच अजय भारती और मैन आफ दी सीरीज अक्षय को दिया गया।दोनो ओमेगा टीम के ही खिलाड़ी रहे। मैच के संरक्षक दिल्ली वाले वरिष्ठ समाजसेवी संतोष त्रिपाठी तथा प्रमुख संयोजक सपा नेता सुजीत यादव रहे। मैच के दौरान चौका, छक्का व विकेट गिरने पर गोला के साथ ड्रोन कैमरा से निगरानी किया गया। मैच में पूर्व ब्लाक प्रमुख सोरांव संदीप यादव, सुंदर मिश्र,मान सिंह यादव, संजय गुप्ता, सूरज बलुआ, भगवान दास पटेल, दिनेश शुक्ल सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## विष्णु भगवान व दौलत हुसैन को मिले पूर्ण अंक



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने तृतीय सेंट पीटर्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रयाग क्रिकेट क्लब को 57 रन से और दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब ने किशोरी लाल क्रिकेट क्लब को 19 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है।

रविवार को भवम मैदान पर पहले मैच में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में छह विकेट पर 149 रन ( तन्मय यादव 37 नाबाद, आकाश शुक्ला 33, कार्तिकेय सिंह 26 रन, शौर्य केशरवानी 2/21, अनंत पाल 2/27, प्रभव मिश्रा 1/15 ) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की टीम ने 22 ओवर में 92 रन ( अनंत पाल 46, शुभ निषाद 16 रन, अवनीश सिंह 3/03, कार्तिकेय सिंह 2/14, सूर्यांश 1/09, प्रियम सिंह 1/22 ) ही बना सकी।

दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन ( मो. हम्माद 74, मो. बशर 19 रन, सर्वेश सोनकर 3/19, पीयूष सिंह 1/15, अनुराग 1/30 ) पर बनाए। जवाब में किशोरी लाल क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 126 रन ( अभिजीत मिश्रा 80, आयुष 23 रन, मो. बशर 1/02, मो. जैद 1/06 ) ही बना सकी।

## युगों युगों से ब्राह्मण ने ही सनातन धर्म की रक्षा श्रुति और स्मरण द्वारा की - ए के शुक्ला



**प्रयागराज।** आज जार्ज टाउन मे बरिष्ठ समाजसेवी अरुण कुमार शुक्ला के आवास पर सुंदर काण्ड पाठ के बाद ब्रह्मदेव जागरण मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक पं शिवांग पाण्डेय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव जागरण मंच की अध्यक्षता मे हुई। जिसका संचालन मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं अशोक कुमार पाण्डेय पूर्व अपर आयुक्त ने किया।

कार्यकारणी की बैठक मे अशोक कुमार शुक्ला पूर्व डीआईजी को राष्ट्रीय महामंत्री, अतुल शुक्ला को राष्ट्रीय संयोजक प्रशासनिक, रविशंकर मिश्र कर्मचारी नेता को राष्ट्रीय संयोजक, डॉ प्रशांत शुक्ला को प्रांतीय अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं जिला अध्यक्ष प्रयागराज महिला प्रकोष्ठ सपना शुक्ला और नगर अध्यक्ष प्रयागराज अरुण शुक्ला, जिला संयोजक हेमंत शुक्ला को ब्रह्मादेव जागरण मंच द्वारा सर्व सम्मति से पदाधिकारी मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर संगठन मजबूत करने और उसके उद्देश्य की जानकारी दिया।मनोनीत राष्ट्रीय महामंत्री ए के शुक्ला पूर्व डी आई जी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि युगों युगों से ब्रह्मण ही सनातन धर्म की रक्षा श्रुति और संस्मरण द्वारा किया है। ब्राह्मण की अस्मिता और खोई हुई गरिमा वापस लाने की जिम्मेदारी ब्रह्मदेव जागरण मंच के सभी सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियों की है।इस बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष प्रयागराज शिवशरण शुक्ला, मंडल अध्यक्ष रत्नेश शुक्ला, कौशाम्बी जिला अध्यक्ष युवजन देवेंद्र त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनायें दिया।

## सोशल मीडिया कॉन्क्लेव से होगी महाकुंभ की ब्रांडिंग

### सीएम योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने तैयार किया रोड मैप

**प्रयागराज।** योगी सरकार प्रयागराज में अगले साल होने वाले महाकुंभ की ग्लोबल ब्रांडिंग करने और उसे समावेशी रूप देने के लिए बड़े फैसले ले रही है। सरकार महाकुंभ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ गैर-सरकारी एजेंसियों का भी सहयोगी लेगी। इसके लिए सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

महाकुम्भ के आयोजन में अभी तक सरकारी एजेंसियों के विचार ही समाहित होते थे लेकिन अब योगी सरकार इससे एक कदम आगे जाकर गैर सरकारी एजेंसियों को भी इसमें शामिल करना चाहती है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग अधिक से अधिक लोगों को महाकुम्भ से जोड़ना चाहता है। उनका यह भी कहना है कि हर किसी के पास एक बहुत बेहतर आइडिया होता है और हो सकता है कि वह अब तक सरकार तक न पहुंच पाया हो। ऐसे लोगों के

**▸▸ग्लोबल रीच वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ पर्यटन विभाग ने शुरू की तैयारी**

महाकुम्भ से जुड़े आइडिया को सरकार के साथ साझा करने के लिए पर्यटन विभाग एक प्रतियोगिता का आयोजन करेगा जिसमें लोगों के कुम्भ के आयोजन से जुड़े आईडिया मांगे जायेंगे। इस प्रतियोगिता में सबसे अलग आइडिया देने वाले लोगों को पर्यटन विभाग प्रोत्साहित करेगा। उनका यह आइडिया महाकुम्भ के आयोजन का अंग भी बनेगा।

महाकुम्भ के आयोजन से पूर्व प्रयागराज में पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग और पब्लिसिटी के लिए पर्यटन विभाग कई तरह की तैयारियां कर रहा है। इसके लिए ÷सोशल मीडिया कॉन्क्लेव÷ का आयोजन किया जा रहा है । मार्च में दो दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें सबसे पहले स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ कॉन्क्लेव किया जाएगा, जिसके बाद ग्लोबल रीच वाले इन्फ्लुएंसर के साथ कॉन्क्लेव होगा। साथ ही देश भर के पर्यटन केन्द्रों से टूर ऑपरेटरों को भी इसमें आमंत्रित किया जा रहा है। उनसे महाकुम्भ में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उनके विचार मांगे जायेंगे। होटल उद्यमियों को भी इसमें आमंत्रित किया गया है। इन सभी आगंतुकों से एक तरफ जहां पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के प्रस्ताव मांगे जायेंगे, वहीं इसकी आपूर्ति में अभी तक की कमियों की समीक्षा भी की जायगी।

## पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्र सेवा व समर्पण का विराट प्रतीक- डॉ. गौर

### भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई



**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि बालसन चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन पर विचार रखते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, पार्षद भोला तिवारी डॉक्टर एलएस ओझा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन अत्यंत सरल-सहज जीवन-शैली और भारतीय संस्कृति के प्रवाह को अभिसिंचित करने वाले भाजपा के कोटिशः कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के सभी 1216 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई।कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया एवं संयोजक मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट रहे।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से शशि वार्ष्णेय, राजू पाठक, राजेश केसरवानी, रमेश पासी,सुभाष वैश्य, सरोज गुप्ता, सचिन जायसवाल, पार्षद आशीष द्विवेदी,नवीन शुक्ला, राजू राय,आनंद जायसवाल ,रोहित जायसवाल, गणेश वर्मा, भोला सिंह, प्रशांत शुक्ला, गौरव गुप्ता, अंजनी सिंह, विनीता गुप्ता अजय अग्रहरि, ज्ञानेंद्र गुप्ता अमन शर्मा पीयूष सिंह, प्रवीण शुक्ला, विजय गुप्ता, विश्वास श्रीवास्तव, विजय पटेल एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी की लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी के राष्ट्रीय प्रदेश मण्डल एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक गांधी भवन में आयोजित की गयी।

पार्टी की बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण कुमार भोजवाल आजाद ने करते हुए कहा कि राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी उत्तर प्रदेश के दो करोड़ बेरोजगारों की लड़ाई प्राथमिकता के साथ लड़ रही है। केन्द्र एवं प्रदेश के हर विभाग में पदों की संख्या रिक्त है, लेकिन केन्द्र अथवा प्रदेश सरकार इस मुद्दे पर गम्भीरता से ध्यान नहीं दे रही है। राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवराम प्रजापति ने आज राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों की प्रथम सूची जारी किया जिसमें लोकसभा क्षेत्र 35 लखनऊ से सूरज भान पाल, 53 बाराबंकी से शैलेन्द्र रावत, 54 अयोध्या से जय शंकर वर्मा, 64 गोरखपुर से राजेन्द्र ओझा, 65 कुशीनगर से दिलीप तिवारी, 19 फतेहपुर सिकरी से दीपक श्रीवास्तव, 73 जौनपुर से प्रदीप कुमार गुप्ता, 77 वराणसी से आशीष शाहू, 39 प्रतापगढ़ से वर्षा गुप्ता, 17 मथुरा से अर्पित श्रीवास्तव, 8 सम्भल इन्द्र पाल चन्द्रा , 57 कैसरगंज से राम तीर्थ यादव, 76 चंदौली से कुलदीप श्रीवास्तव, 34 मोहनलाल गंज से सुनीता रावत, 3 मुजफ्फरनगर से अरविन्द भटनागर, 40 फर्रुखाबाद रामतीरथ गुप्ता, 61 बस्ती से डॉ रामचन्द्र अग्रहरि, 37 अमेठी से राजेश कुमार गुप्ता, 78 भदोही से चन्द्र शेखर, 23 बदायूं से जाबिद। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव सभी कार्यकर्ताओ ने प्रत्याशियों के लिए शुभकामनायें प्रदान की और निर्णय लिया गया कि जल्द ही अगली सूची जारी करने की घोषणा होगी।

## राम प्रपन्नाचार्य बने जगद्गुरू रामानुजाचार्य

**प्रयागराज।** रामानुज स्वामी की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बद्रिकाश्रम पीठस्थ बैकुण्ठवासी स्वामी वेदान्तीनारायणाचार्य जी महाराज, कुशभवनपुर, सुल्तानपुर के कृपापात्र शिष्य बाल स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज को रविवार को रामानुज नगर में जगद्गुरू रामानुजाचार्य के पद पर अभिषिक्त किया गया। माघ मेला के आचार्यबाड़ा स्थित रामानुज मार्ग पर स्थित कुशभवनपुर पीठाधीश्वर शिविर में आयोजित पद प्रतिष्ठा समारोह में रविवार को विधि-विधानपूर्वक बाल स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज को जगद्गुरू रामानुजाचार्य बनाया गया। सुबह नौ बजे से अभिषेक शुरू हुआ। दसविधि स्नान, पूजन और भगवान का मंगलानुशासन करते हुए बाल स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज का तिलक करते हुए चादर ओढ़ायी गयी और जगद्गुरू रामानुजाचार्य के पद पर अभिषिक्त किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने किया। समारोह में मुख्य रूप से जगतगुरू रामानुजाचार्य अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज, कुलशेखराचार्य महाराज, राजारामाचार्य महाराज, डाक्टर कौशलेन्द्र प्रपन्नाचार्य कौशल महाराज, राजीव लोचनाचार्य महाराज, आचार्य नागेश, योगेश्वराचार्य महाराज, सत्य नारायणाचार्य महाराज सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं भक्तजन मौजूद रहे।

## स्वामी रामतीर्थ दास महाराज के शिविर में विधि-विधान पूर्वक हुई रामार्चन पूजा



**प्रयागराज।** माघ मेला के सेक्टर तीन महावीर मार्ग पर स्थित स्वामी रामतीर्थ दास महाराज के शिविर में रविवार को विधि-विधान पूर्वक रामार्चन पूजा की गयी। इसमें सबसे पहले राम दरबार का पूजन किया गया। तीन खण्ड में राम जी के पार्षदों, राम परिवार और अंत में राम जी का पूजन किया गया। भगवान राम के सहस्त्र नाम का ध्यान करते हुए पुष्पों से राम जी की अर्चना की गयी। अनन्त श्री विभूषित श्री महन्त स्वामी राम शरण दास जी महाराज बड़ा भक्तमाल के कृपा पात्र शिष्य स्वामी रामतीर्थ दास महाराज के सानिध्य में लोगों ने राष्ट्र कल्याण की कामना से रामर्चन पूजन किया। इस पूजा के लिए केले के पेड़ से मण्डप तैयार किया गया था जिसे पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विधि-विधान से भगवान राम के सहस्त्र नामों का स्मरण करते हुए पुष्पों से रामर्चन महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रघुवर दास, महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा, सीता राम दास महात्यागी, ध्रुव दास टाटम्बरी, मधुसूदन शास्त्री, राधिका वैष्णव, प्रभु जी, राहुल पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# 10 मार्च को आएंगे केरल के राज्यपाल

## आरिफ मोहम्मद ख़ान करेंगे '21वीं सदी के इलाहाबादी' का विमोचन



**प्रयागराज।** केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान 10 मार्च को प्रयागराज आएंगे। वे इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी की पुस्तक '21वीं सदी के इलाहाबादी, भाग-2' का विमोचन करेंगे। साथ ही इस पुस्तक में शामिल सभी 126 लोगों को अपने हाथों से सम्मानित करेंगे। रविवार की शाम गुफ़्तगू कार्यकारिणी की सिविल लाइंस स्थित एक हुई बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई।

गुफ़्तगू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाशंकर शर्मा ने बताया कि '21वीं सदी के इलाहाबादी, भाग-2' में सभी क्षेत्र से प्रयागराज की सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों को शामिल किया गया है। किताब के ज़रिए कोशिश यह की गई है कि जिले के जिन लोगों ने अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है, उनके कार्यों को उनके संपूर्ण परिचय के साथ एकत्र किया जाए, ताकि भविष्य में भी अगर कोई इलाहाबाद के ख़ास लोगों पर शोध करे या इस तरह की अन्य कोई जानकारी एकत्र करना चाहे तो उसे पूरी सामग्री एक किताब में ही उपलब्ध हो जाए।

इस किताब का विमोचन 10 मार्च को आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए ही गुफ़्तगू कार्यकारिणी बैठक की गई थी। बैठक में इम्तियाज अहमद ग़ाज़ी, डॉ. वीरेंद्र तिवारी, भारत भूषण वार्ष्णेय, शैलेंद्र जय, अफ़सर जमाल, शिवाजी यादव, कमल किशोर कमल, उत्कर्ष मालवीय आदि मौजूद रहे।

## बालाडीह ग्राम प्रधान के ताऊ का निधन



फाइल फोटो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** बालाडीह के ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार सिंह के 88 वर्षीय ताऊ पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर( आबकारी विभाग ) भगौती शरण सिंह का शनिवार को निधन हो गया। रविवार को सबसे छोटे बेटे अजय कुमार सिंह ने रसूलाबाद गंगा घाट पर मुखाग्नि दी।तीन बेटा मनोज कुमार सिंह, संजय सिंह, प्रधान प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सोरांव आलोक पांडेय, शिवा कांत त्रिपाठी उर्फ डब्ल्यू, ज्ञान प्रकाश सिंह,राजन सिंह,सूर्य नारायण पाण्डेय,अरुण अरुण सिंह, भगवत प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## बी के सक्सेना गेंदबाजी व संजय की बल्लेबाजी से यूपीपीसीएल ने आइ ए एवं ए एस को हराया

**प्रयागराज।** बी के सक्सेना को उम्दा गेंदबाजी ( 4 - 2 - 10 - 4 ) व संजय की शानदार ( 66 रन, 53 गेंद, दस चौके ) पारी के बदौलत यूपीपीसीएल ने मैत्री मैच में आइए एवं एएस को 56 रन से हराया। रविवार को केपी कॉलेज मैदान पर मैत्री मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपीपीसीएल 20 ओवर में 165 रन ( संजय 66, पीके पाठक 39 रन, शरद पांडेय 4/21, डी पी सिंह चंदेल 2/34, शिशिर सक्सेना 1/23 ) पर बनाए। जवाब में आइए एवं एएस की टीम ने 20 ओवर में 109 रन ( जय कृष्णा पाठक 57 नाबाद, रविन्द्र जायसवाल 13 रन, बी के सक्सेना 4/10, प्रवीण कुमार 1/06 ) ही बना सकी। मैच के बाद मुख्य अतिथि केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा व विशिष्ट अतिथि हाइकोर्ट रजिस्ट्रार रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी दिया गया। मैच के मैन ऑफ द मैच बी के सक्सेना , बेस्ट बैट्समैन संजय और बेस्ट फील्डर्स जय कृष्णा पाठक को दिया गया। इस अवसर शुभाष चंद्र (एलआईसी 2), राजीव सिंह चीफ इंजीनियर यूपीपीसीएल, गौरव श्रीवास्तव खेल उपाध्यक्ष केपी ट्रस्ट, गगन, मो. आसिफ, सोमेश्वर पांडेय, अंकित तिवारी, तरुण बैनर्जी, पीयूष सिंह, तेज कृष्णा श्रीवास्तव, वीर कृष्णा श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मैच में प्रितेश सोनकर व मोमिन ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

## अंकित के शतक से एएनसीसी 'ए' को मिली जीत




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** अंकित यादव के शतक (108 रन, 94 गेंद, 10 चौके, सात छक्के) के दम पर आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब 'ए' ने खेलगांव पब्लिक स्कूल को 79 रन से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदान पर रविवार को खेले गये मैच में आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब 'ए' ने 37.1 ओवर में 206 रन (अंकित यादव 108, अर्जुन दुबे 34, विराट गुप्ता 3/30, आदित्य प्रजापति 2/33, देवांश तिवारी 2/40, आदित्य राज तिवारी 2/46) बनाकर खेलगांव पब्लिक स्कूल को 31.2 ओवर में 127 रन (आदित्य राज तिवारी 52, अभिराज सिंह 21, संदीप पटेल 3/24, अभिनय मिश्र 2/19) पर समेट दिया। मैच में रामचंद्र यादव व तौसीफ शेख अंपायर एवं अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदारों द्वारा जनपद के विकास का पैसा गैर जनपद में खर्च करने का आरोप

## अफजलपुरवारी से मकनपुरवारी गांव तक कब बनेगी सड़क– अजय सोनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिम्मेदारों पर मनमानी करने एवं कौशाम्बी जिले के विकास का पैसा गैर जनपद में खर्च करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेता अजय सोनी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा कौशांबी जनपद के विकास के लिए आया धन कौशांबी जिले में कम फतेहपुर जनपद में ज्यादा खर्च किया गया है जबकि जिस गांव तक सड़क निर्माण के लिए विभाग को धन मिला था, उस गांव मे आज तक सड़क बनी ही नही। इसी के साथ अजय सोनी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कौशांबी जिले के जिम्मेदारों से सवाल किया है कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम अफजलपुरवारी से ग्राम मकनपुरवारी तक प्रस्तावित सड़क का निर्माण गैर जनपद में कैसे हो गया और अफजलपुरवारी से मकनपुरवारी गांव तक सड़क कब बनेगी..?




बता दें कि साल 2002 23 में सिराथू ब्लॉक के ग्राम अफजलापुरवारी से ग्राम मकनपुरवारी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा सड़क का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित हुआ था और विभाग ने दोनो गांवों के बीच दूरी 5 किमी से अधिक दिखा कर प्राक्लन तैयार किया था। जबकि दोनो गांवों की दूरी बमुश्किल 1 से 2 किमी के बीच है। जब विभाग को अपने कारगुजारी के खुल जाने का अंदेशा हुआ तो विभागीय अधिकारियों ने इस निर्माण कार्य को कौशांबी जनपद से ज्यादा फतेहपुर जनपद के धाता ब्लॉक में करा दिया जबकि जिस गांव मकनपुरवारी तक सड़क बनाई जानी चाहिए थी, उस गांव को जाने वाला रास्ता अब भी कच्चा मार्ग है। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला पंचायत सदन की 6 जनवरी को हुई बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था। अजय सोनी ने विभाग के अधिकारियों से सवाल किया है कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम अफजलपुरवारी से ग्राम मकनपुरबारी तक सड़क कब बनाई जाएगी। साथ ही जिला प्रशासन कौशांबी और विभाग के उच्च अधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने एवं जिम्मेदारों पर समुचित कार्यवाही किए जाने समेत ग्राम अफजलपुरवारी से ग्राम मकनपुरवारी तक सड़क बनाए जाने की अजय सोनी ने मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, खेते जाते समय हुआ हादसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में अपने खेत की तरफ जा रहे किसान की ट्रेन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई,किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के पुरानी बाजार के मोहम्मद निहाल उम्र लगभग 55 पुत्र स्व मोहम्मद हफीज उमर पेशे से किसान है,उनका खेत रेलवे लाइन की दूसरी छोर में है,निहाल रेलवे लाइन पार कर अक्सर अपने खेत जाते थे और खेत की देखरेख करते थे। रविवार की सुबह निहाल अपने खेत की तरफ रेलवे लाइन पार कर जा रहे थे तभी किसी ट्रेन की चपेट में आ गए और निहाल की दर्दनाक मौत हो गई स मृतक के भतीजे जुगनू ने बताया कि उनके चाचा अप लाइन से गुजर रही किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी, मृतक के दो लड़के व तीन लडकी हैं। बड़ा लडका आशिक उम्र लगभग 22 वर्ष सऊदी अरब में लेबर वर्ग का काम करता है, छोटा साहिल उम्र लगभग 17 वर्ष , बड़ी लडकी मुस्कान उम्र लगभग 25 वर्ष व दो छोटी बेटी मासूमा व अलक्सा है। मृतक की पत्नी हसीना बेगम उम्र लगभग 46 वर्ष ने बताया कि रविवार को उनके पति मृतक निहाल को बीमारी का इलाज कराने के लिए मुम्बई जाने वाले थे और ये हादसा हो गया। इस सम्बंध में जीआरपी चौंकी प्रभारी अवाधेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, परिजनों ने किसी भी प्रकार की कोई बात नहीं बताई है।

## नाबालिक चलाते है दो पहिया व तिपहिया वाहन

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी के आधिकाधिक थाना क्षेत्र मे नाबालिग चालक दो पहिया व तिपहिया वाहनों में बेखौफहोकर फर्राटा भर रहे है। बताया जाता है कि इन दिनों कौशाम्बी जनपद के थाना क्षेत्र मे बडे पैमाने पर नाबालिग चालक दो एवं तिपहिया ई रिक्शो पर बेखौफ ढंग से यात्रियों को सफर कराते हैं। जिससे जरा सी चूक पर आये दिन अक्सर एक न एक घटनाएं परकाश मे आती रहती है पँरतु इस ओर सँबधित विभाग के कानों मे जूँ तक नही रेँग रही है दूसरी ओर परदेश सरकार भी नाबालिग लडकों को वाहन देने पर भी अभिवावक के विरुद्ध भी कानून बना कर कार्रवाई करने का विधान भी बना रही है

# पीडब्लू जेई ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल मे की गई शिकायत का कराया निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के अंतर्गत विकास खण्ड कौशाम्बी के हजियापुर गांव के पास एक भयानक गड्ढा था जो की चौराहा पर था हिंनौता मार्ग पर इस भयानक गड्ढे के आस पास आमजन मानुष का आना लगा रहता था जो की यह मार्ग पर काफी बड़े व छोटे वाहन भी आते जाते है जिससे यह मौत का गड्ढा भी कह सकते है। अभी कुछ दिन पहले राजेश कुमार अग्रहरि ग्राम हजियापुर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी उन्होंने शिकायत मे बताया की हजियापुर चौराहा से 1 किलोमीटर सडक पर गड्ढे काफी है जिससे आए दिन लोग चोटिल हुआ करते थे जिसमे शिकायत कर्ता राजेश कुमार ने सडक मरम्मत करने की बात कही थी फिर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद पीडब्लू जेई मनोज कुमार ने इस मामले को संज्ञान मे लेते हुए ठेकेदार आदित्य द्विवेदी द्वारा काम करवा कर रोड को गड्ढा मुक्त करवाया।

# गाय की सेवा से पूर्ण होती है 33 करोड़ देवी, देवताओं की सेवा- धनञ्जय दास महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के लच्छीपुर ग्राम सभा में चल रहे श्रीमद् भागवत उत्सव के पंचम दिन कथा व्यास परम् पूज्य धनञ्जय दास महाराज (मालूकपीठ वृन्दावन) ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है। कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज कथा मे परम् पूज्य पुरसोत्तम दास, महाराज अयोध्या धाम, आचार्य सत्यनरायण उड़ीसा, आचार्य सुनील संस्कृत विद्यालय मंझनपुर, दिलीप मिश्रा हिंदू वाहिनी संघ के जिला प्रभारी शैलेंद्र द्विवेदी, राजु ओझा एडवोकेट, आदि मौजूद रहें।



# हत्या का प्रयास करने वाले दो वांछित गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक चन्द्रबली सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित प्रेम पटेल निवासी रामपुर बसोहर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस अ0नि0 राजेन्द्र वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित रधुराज पटेल निवासी फतेहपुर शाहपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 63 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# हाजी अब्दुल खालिक कालेज में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इंटर मीडिएट कालेज में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य रहे। कार्यक्रम की शुरुवात में मुख्य अतिथि कल्पना सोनकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य व विद्यालय के प्रबंधक मुंसब अली उस्मानी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व चांदी का मुकुट पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट किया।

जिसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत , नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पना सोनकर ने आशीर्वचन में छात्र छात्राओं को नियमित अध्ययन व कड़ी मेहनत के लिए कहा साथ ही कहा की आज के दौर में अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है इसलिए शिक्षा जरूरी है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती है। क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा की अच्छी शिक्षा से छात्र अपने जीवन को सही दिशा दे पाता है। छात्रों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक मुंसब अली उस्मानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा बच्चो को शिक्षित करने के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मुंसब अली उस्मानी ने दस विशिष्ट छात्रों के अभिभावकों को पुरस्कृत कर क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। व इंटर मिडियेट के छात्रों को पुरस्कृत कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दिया । साथ ही विद्यालय के गरीब बच्चो को गोद लेते हुए उन्हें सम्मानित किया । इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर , जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , रणविजय निषाद , रमेश उर्फबउवा साहू , रमेश केसरवानी , एडवोकेट बालेंद्र धर दिवेदी , प्रबंधक मुंसब अली उस्मानी , प्रधानाचार्य रविकांत त्रिपाठी , प्रेम कुमार , इब्राहिम उस्मानी सहित बड़ी संख्या में अतिथि व छात्र एवं विद्यालय स्टॉफमौजूद रहे।



# अराजकतत्वों ने बिजली के पोल को तोड़ने का किया प्रयास

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात अराजकतत्वों ने बिजली के पोल को गिराने का प्रयास किया मामले की जानकारी पर पड़ोसियों ने पुलिस व विद्युत विभाग के अधिकारियों को देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के खोचकीमई निवासी राधा देवी पत्नी चंद्र प्रकाश ने सैनी पुलिस व विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की बीती रात घर में परिवार के साथ सो रही थी , इस दौरान घर के बाहर खटपट की आवाज हुई तो देखा की कुछ अराजकतत्वों द्वारा बिजली के पोल को तोड़ा जा रहा था , शोर शराबा सुनकर अराजकतत्व मौके से फरार हो गए , राधा देवी ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। (08) सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदेशित किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एच0पी0मणि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0डी0 सिंह द्वारा सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र सिराथू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। अन्य उप मुख्य चिकित्साध्अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 51 चिकित्साधिकारी व 130 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी । आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1135) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (21) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (189) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।



# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा खोज पुरस्कार वितरण समारोह

## प्रतिभा खोज के सभी टॉपर बच्चो को किया गया पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** एम.आर.यू.एन. (बालिका) स्कूल गोविंदपुर गोरियों में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं बाल प्रतिभा खोज पुरस्कार वितरण समारोह धूम धाम से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि रहे जिला अध्यक्ष भाजपा, कौशांबी माननीय श्री धर्मराज मौर्य ने बाल प्रतिभा खोज परीक्षा में सभी टॉपर बच्चो को मेडल पहना कर पुरस्कृत किया व उनके कार्यक्रम देखकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

मुख्य अतिथि धर्मराज मौर्य ने सम्पूर्ण परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आदर्श साहू को एल.ई.डी. टी. वी. दिया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले युग मिश्रा को समाज सेवी गोविंदपुर गोरियों मोहम्मद अय्यूब उर्फ कल्लू भाई की तरफ से दिया गया। साइकिल को मुख्य अतिथि ने देकर पुरस्कृत किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शुभी वर्मा को कूलर चौथे स्थान प्राप्त करने वाले अखिलेश कुमार जैनब फात्मा सोनी यादव को पंखा देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त परीक्षा में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। परीक्षा में कक्षा में भी प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्कूल के संस्थापक रईस अहमद, मैनेजिंग डायरेक्टर एन.अहमद प्रधानाचार्य फहीम अहमद, वाइस चौयरमैन अतीक अहमद, अनीस अहमद, यू.के .स्कूल के प्रबंधक उमेश केसरवानी, बी.एस. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आलोक कुमार , पूर्व ग्राम प्रधान रईस अहमद, प्रदीप कुमार, प्रशासनिक प्रभारी जहीन अहमद, नीरज गुप्ता, सरफराज अहमद, आकाश कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार, शाहिद हसन, अंशुमान श्रीवास्तव, अवधेश यादव, विजय कुमार सोनकर, विजय यादव, ज्ञान सिंह यादव, फहीम अख्तर, अवधेश पटेल, कोमल जायसवाल, नीतू सागर, रशीदा खातून, मनीषा यादव, कु. गुलफशा जैनब, सलोनी सिंह, गुड़िया चौरसिया, पुष्पा देवी, मोनिका देवी,शाहीन बानो, अब्दुल मतीन आदि समस्त स्टाफ सहित दर्जन ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शोभा यात्रा में देवी भक्तों ने वितरित किया प्रसाद



**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा के कालेश्वर घाट पर नवनिर्मित मंदिर में नाचते गाते देवी भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है।विदित हो कि कड़ा के सौरई बुजुर्ग निवासी दिलीप कुमार अग्रहरि द्वारा कालेश्वर घाट पर मंदिर का निर्माण कराया गया है।जिसमे मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जानी है।रविवार को देवी भक्तों ने सौरई बुजुर्ग से कालेश्वर घाट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली।मां दुर्गा की प्रतिमा को वाहन में विराजमान कर भक्त मां के जयकारे लगाते हुए कालेश्वर घाट पर पहुंचकर प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया।कार्यक्रम के संयोजक दिलीप अग्रहरि ने बताया कि सोमवार को पूरे विधिविधान के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।शोभा यात्रा के दौरान देवीगंज बाजार में नगर वासियों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर गोवर्धन अग्रहरि, रामचन्द्र अग्रहरि, वीरेन्द्र अग्रहरि, होरीलाल अग्रहरि, शिवपूजन अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

# मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण मना करने पर दबंगों ने की मारपीट, तीन घायल

## दबंगो ने लाठी व फावड़ा से किया जानलेवा हमला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल थानाक्षेत्र जवाहर गंज में रविवार को मंदिर की भूमि पर कब्जा को लेकर दबंग अवैध रूप से निर्माण कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर दबंगो ने लाठी व फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया।जिसमें युवती युवक सहित अधेड़ घायल हो गये है।जिनको आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से दो लोगों को चिकित्सको ने रिफर कर दिया है।

बता दे सरांय अकिल थानाक्षेत्र के जवाहरगंज निवासी रविकांत पुत्र नवल किशोर अग्रहरि का पूर्वजों का मंदिर गांव में रामबाबू के मकान के बगल में है। जिसकी भूमि बगल में खाली पड़ी हुई है। जिस पर गांव के ही दबंग की नीयत खराब हो गई। उन्होंने दो साले अज्ञात मिल कर कब्जा करने की नीयत से अवैध रूप से शनिवार को मंदिर की खाली पड़ी भूमि पर कब्जा करने को लेकर निर्माण करवा रहे थे।



रविकांत ने बताया कि जिसकी शिकायत एसडीएम चायल से की गई थी। मामले में शनिवार को लेखपाल कानूनगो मौके पर नाप जोख के बाद अग्रिम आदेश तक निर्माण कार्य रोककर चले गये। रविवार को फिर से उक्त दबंगो ने निर्माण शुरू करा दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई, और मौके पर पहुंचे और निर्माण का विरोध किया, तो सभी ने एकराय होकर लाठी डंडे व फावड़े से तीनों के ऊपर मार डालने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे रामबाबू का हाथ फैक्कर हो गया व अमित का सिर फट गया व आरती के गले में गम्भीर रूप से चोट है। तीनो घायल होकर गिर पड़े,और दबंग पीटते रहे। तीनों की चीख पुकार सुनकर गांव वालों ने मौके पर पहुंचकर जान बचाई। सभी विपक्षी गण घटना के बाद मौके से फरार हो गये। गांव वालों ने सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के बाद चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख आरती व राम बाबू को प्रयागराज रिफर कर दिया है। धार्मिक भूमि पर कब्जा करने की घटना के बाद से गांव सहित आसपास के गांवों में आक्रोश भड़क रहा है। मामले की तहरीर सराय अकिल थाने में दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दबंगों ने पाइप चोरी का आरोप लगाकर किसान को दी धमकी, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मनौरी, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के टिकरी उपरहार गांव में रविवार को दबंगों ने पाइप चोरी का आरोप लगाकर एक किसान के साथ गाली-गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के टिकरी उपरहार गांव निवासी समून अहमद पुत्र अछ्ई किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसके अनुसार रविवार की सुबह वह खेत की ओर गया था। इसी दौरान पड़ोसी खेतों के मालिक वहां पहुंचे और उसके ऊपर सिंचाई के पाइप चोरी का आरोप लगाने लगे।उसके चोरी से इंकार करने पर वह समून के साथ गाली-गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे।लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर दोनों आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# कुंडा में 101 जोड़े दांपत्य की डोर में बंधे

## जिले के कप्तान सतपाल अंतिल की देख रेख में चप्पे चप्पे पर रहा पुलिस का पहरा



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ –** कुंडा में रविवार को योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट व राजा भैया यूथ ब्रिगेड की तरफ से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक साथ 101 जोड़े दांपत्य की डोर में बंध गए। सभी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए। टीपी इंटर कॉलेज कुंडा से डीजे व रोडलाइट पर निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए 101 दूल्हों की बारात बजरंग महाविद्यालय पहुंची। जहां द्वारचार के समय दूल्हों का जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, एमएलसी प्रतापगढ़ अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार व पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डा. के. एन.ओझा ने माला पहनाकर सभी का स्वागत कर उनकी आगवानी की।इस वर्ष राजा भैया यूथ ब्रिगेड ने 101 कन्याओं का विवाह कस्बे के बजरंग डिग्री कालेज में रचाया। जिसमें 99 हिंदू कन्याओं का विवाह व 2 मुस्लिम कन्याओं का निकाह कुबूल कराया गया। वर्ष 2023 में भी 11 मार्च को 101 कन्याओं का विवाह यूथ ब्रिगेड द्वारा आयोजित कर कराया गया था। इस दौरान यूथ ब्रिगेड ने सभी कन्याओं को उपहार के रूप में साइकिल, बेड, बिस्तर, बाक्स, एलईडी टीवी, आलमारी, कसहड़ा, बटुआ आभूषण के समान समेत गृहस्थी के 74 प्रकार के सामान भेंट किए। द्वारपूजा के बाद कन्यादान की रस्म भी निभाई गई। व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए, इसके लिए भी उनके प्रतिनिधि हरिओम श्रीवास्तव इधर-उधर कार्यकर्ताओं को भेजते रहे। विवाह से पूर्व महिला यूथ ब्रिगेड की कार्यकर्ता शांति मौर्या, अन्नू सिंह, गायत्री देवी, पुष्पा व गुड़िया ने भी सहयोग किया। दुल्हनों को सजाने के साथ ही उनकी सारी रस्में भी पूरी कराई गई।कुंडा कस्बे के बजरंग महाविद्यालय में राजा भइया यूथ ब्रिगेड के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को काम बांट दिया गया था। चार सेक्टरों में भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिसकी जिम्मेदारी कुंडा प्रमुखपति संतोष सिंह, कालाकांकर प्रमुख रमेश सरोज, बाबागंज प्रमुखपति रामयश सरोज व पूर्व प्रमुख बाबागंज पंकज सिंह व बिहार प्रमुखपति रामचंदर सरोज व पूर्व प्रमुख बिहार अनुभव यादव को दी गई थी।

इस दौरान राजा भैया के दोनों सुपुत्र कुंवर शिवराज प्रताप सिंह व कुंवर बृजराज प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह, विनोद पटेल, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, मुकर सिंह आदि हर काम को देखवाते रहे। उधर राजा भैया यूथ ब्रिगेड के सचिव हरिओम शंकर श्रीवास्तव ने पूरी मुस्तैदी के साथ कार्यक्रम का समापन कराया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी पहुंचे, सुरक्षा के दृष्टिगत कई थानों की फोर्स मौजूद रही।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंडा शिवकुमार तिवारी, जिला पंचायत सदस्य विजय पटेल, अजय यादव, दिलीप पांडेय, संजय त्रिपाठी, विनोद यादव, रमेश सिंह, देवेंद्र सिंह, बउआ त्रिपाठी, संजय सिंह, कमलेंद्र शुक्ल, ध्यानी सिंह,अतुल सिंह जमेठी,बब्बन सिंह, अरूण सिंह, दिलीप मौर्या,कजरहा यादव कोटेदार, उमेश सिंह, त्रिवेणी सिंह, महेंद्र ठेकेदार,द्रोण उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह,ओम प्रकाश सरोज, आशीष सिंह, मुन्ना सिंह रणधीर यादव,बल्लू डान, सुमित प्रताप सिंह ग्राम प्रधान संरक्षक राजापुर, राजेश तिवारी सोनी मोनी ढिगवश प्रधान,समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।

### चार सेक्टर में बांटी गई भोजन की व्यवस्था



**कुंडा।** प्रतापगढ़ सामूहिक विवाह समारोह में भोजन की व्यवस्था चार सेक्टरों में बाटी गई ,जिसमे ब्लॉक वाइज सेक्टर की व्यवस्था की गई थी,जिसमे सेक्टर 3 में बिहार ब्लॉक की व्यवस्था की गई थी। जिसमे की सेक्टर 3में। भोजन की व्यवस्था की कमान पूर्व प्रमुख डब्बू सिंह के साथ अतुल सिंह राणा,के हाथों में रही।इस दौरान बिहार ब्लॉक के कई ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य गण मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते ताबड़तोड़ फायरिंग, एक युवक को लगी गोली, हालत गंभीर



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ –**प्रतापगढ़ में एक बार फिर से पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने हो गए और दोनों पक्षों में जमकर फायरिंग हुई। इस गोलीबारी की घटना में एक युवक को गोली लग गई । गम्भीर हालात में उसे जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं।बताया जा रहा है की दो पक्षों के बीच चल रही पुरानी रंजिश को लेकर रविवार को दिन में 5ः00 बजे के आसपास दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग की। इस फायरिंग में एक युवक को गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए सीएचसी अमरगढ़ ले जाया गया। जहां से इसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। ज़िला मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देखते हुए प्रयागराज रेफर किया गया है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरे धनी गांव निवासी नितिन तिवारी का गांव के ननकू उपाध्याय से पुरानी रंजिश चली जा रही है। दोनों पक्ष कई बार आमने-सामने हो चुके हैं। रविवार की शाम भी दोनों पक्ष आमने-सामने हुए और एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली नितिन तिवारी उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र तिवारी के चेहरे पर आकर लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। गोली लगने से दोनों पक्षों में भगदड़ मच गई। आसपास के लोग घायल को इलाज के लिए सीएससी अमरगढ़ ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस संबंध में आसपुर देवरा थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया की गोली चलने की सूचना उन्हें मिली है वह सीएससी अमरगढ़ गए हुए थे। घायल को इलाज के लिए भेजा गया है। अन्य कार्यवाहियां की जा रही है।

## खस्ताहाल सड़क ने जीना किया मुहाल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ –** पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के अनुरोध पर पूर्व जिलाधिकारी के आदेश पर बनी आधी सड़क,शेष पर चलाना मौत के मुंह में जाने के समान।एक ओर जहां प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रही है वही दूसरी ओर प्रयागराज से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी विश्वनाथगंज से भगवतगंज जाने वाली लगभग 05 किलोमीटर लंबी सड़क खस्ताहाल हो गई है जिससे लोगों को सामाजिक,आर्थिक और शारीरिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है।यातायात के विकट संकट से ग्रस्त क्षेत्र की लगभग 50 गांवों की जनता आक्रोशित है।बताते चलें कि विश्वनाथगंज विधान सभा होने के नाते चर्चा में रहती है किंतु इस क्षेत्र में जनहित के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।इस बाबत क्षेत्र के सांसद और विधायक जैसे रहनुमाओं से जनता से अपील की किंतु उनकी नजर में सब बेकार साबित हुआ।इस समस्या के समाधान हेतु क्षेत्र की जनता ने अब पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के प्रति विश्वास दिखाया है और लोगों ने पर्यावरण सेना प्रमुख से जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से मिलकर सड़क समस्या का समाधान करने हेतु अनुरोध किया है।



इस पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी कहते हैं कि मैने इस सड़क की मरम्मत हेतु जिला पंचायत प्रतापगढ़ और लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़ से पत्र के माध्यम से समस्या के समाधान हेतु अनुरोध किया है।इस पर जिम्मेदारों को त्वरित कार्रवाई करते हुए अविलंब समस्या का समाधान करना चाहिए अन्यथा की स्थित में सड़क निर्माण हेतु जन आंदोलन किया जाएगा।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला का छिना पर्स पुलिस से की गई शिकायत

**पट्टी।** बाइक से पट्टी विकासखंड आ रहे दंपति को बाइक सवार बदमाशों ने रोक कर पत्नी के हाथ से पर्स छीन लिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। जौनपुर जनपद के बादशाहपुर निवासी इरफान का आरोप है कि वह रविवार को अपनी पत्नी के साथ पट्टी विकासखंड आ रहा था। विकासखंड पट्टी में उसका पिता चौकीदार है। जिनसे मिलने के लिए वह घर से बाइक से पत्नी के साथ निकला था। गोधूपट्टी गांव के समीप पीछे से आए अपाची बाइक पर सवार बदमाशों ने उसे रोककर पत्नी का पर्स छीन लिया। जिसमें 960 रुपए नगद एक सोने का मंगलसूत्र एक चांदी का कंगन तथा एक एंड्राइड मोबाइल था। शोर शराबे पर आसपास के लोग दौड़े पर तब तक बदमाश भाग निकले। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## बाइक सवार युवक का अपहरण,हत्या की आशंका

### वैवाहिक समारोह में शामिल होकर वापस लौटते समय हुई घटना सुबह बाग में बाइक मिलने पर हुई जानकारी, परिजनों में मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** वैवाहिक समारोह में शामिल होकर रात में लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया सुबह बाग में लावारिस बाइक मिलने पर हड़कंप मच गया। किसी अनहोनी की आशंका से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। छोटे भाई ने बड़े भाई के अपहरण की तहरीर थाना में दिया है।मानिकपुर थाना क्षेत्र गुड़िया पार मुजरे ड़डौली निवासी महेंद्र कुमार द्विवेदी पुत्र उदय राज द्विवेदी जीवकोपार्जन के लिए भड़चक बाजार में चाय पान की दुकान खोल रखा है। प्रतिदिन की भांति शनिवार देर शाम दुकान बंद करके रात लगभग 9ः00 बजे समापुर गांव में अनिल कुमार पटेल के यहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। घर लौटने पर विलंब होने पर पत्नी माधुरी देवी उनके मोबाइल नंबर पर फोन लगाने लगी तो फोन रिसीव नहीं हुआ। काफी देर तक फोन लगाने पर जब कोई बात नहीं हुई तो घबराए परिजन पता लगाने के लिए ढूंढने लगे। लेकिन कहीं कोई आता पता नहीं चला। परिजन रात भर किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत व परेशान रहे। सुबह फिर जब चारों तरफ ढूंढने निकले तो उनकी बाइक रास्ते में आम की बाग में लावारिस हालत में पड़ी थी। बाइक मिलने की खबर पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी पर वहां लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई तथा तरह-तरह की चर्चाएं लोग करने लगे। सूचना पर पहुंचे एस एस आई शत्रुघ्न वर्मा तथा पुलिस ने भी छानबीन शुरू कर दिया। किसी अनहोनी की आशंका से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी पर एडिशनल एसपी संजय राय व पुलिस उपाधीक्षक अजीत कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों से घटना के बाबत जानकारी ली।



अपहृत युवक की पत्नी माधुरी देवी, बेटी प्रतिभा 13 वर्ष, बेटा शिवांश 10 वर्ष व अंश 7 वर्ष समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ऐसा लगता है कि महेंद्र द्विवेदी का अपहरण कर लिया गया है। उनके साथ किसी अनहोनी की घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। महेंद्र द्विवेदी के छोटे भाई सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने मानिकपुर थाने में तहरीर देकर भाईका पता लगाने तथा वैधानिक करवाई की मांग की है।

## पैथोलॉजी लैब से नकदी समेत लाखों रुपए की चोरी



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ –** मानिकपुर नगर व थाना क्षेत्र के सभागंज चौराहा समीप बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने रामा पैथोलॉजी लैब में चोरों ने पीछे से दीवाल फांदकर 10,000 रुपए नगद व लाखों के सामान चोर शनिवार की रात लूट ले गये। मानिकपुर पुलिस सिर्फ सायरन बजाती रह गई।आपको बता दे की ठीक सामने दस कदम पर बैंक आफ बड़ौदा है, वहां पर रात्रि के समय दो पुलिस वाले हमेशा पहरा देते रहते हैं। फिर भी चोर चोरी करके निकल जाते हैं, और पुलिस मौज से सोती रहती है। यदि पुलिस का रवैया इसी तरह रहा तो जैसे किसान रात भर जाग कर सांडों से अपने फसलों की रखवाली करता है। ठीक उसी प्रकार व्यापारियों को भी रात्रि जागरण कर अपनी दुकान की सुरक्षा स्वयं करना पड़ेगा। क्योंकि हो रही लगातार चोरियों से चोरों का मनोबल बुलंदियों पर है। पुलिस का डर चोरों के अंदर रत्ती भर दिखाई नहीं पड़ रहा है। पीड़ित व्यापारी डॉ राजेश कुमार मौर्य ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।अब देखने वाली बात यह होगी कि लैब में हुई चोरी को क्या मानिकपुर पुलिस अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा कर पाएगी।

## श्रमिकों के लिए जन्म से मृत्यु तक के लिए कल्याणकारी योजना हो रही संचालित - निरंजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ –** ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत नारी संघ कार्यालय पर नारी संघ के लीडर का श्रम विभाग की कल्याणकारी योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षक निरंजन प्रकाश तिवारी निदेशक द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत श्रमिकों के लिए सरकार ने जन्म से अंत्येष्टि तक के लिए एक दर्जन से अधिक योजनाएं संचालित की हैं लेकिन जागरूकता की कमी से इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है ,उन्होंने कहा कि श्रम विभाग से पंजीकृत श्रमिक का कार्य स्थल में उत्पीड़न होता है या मजदूरी आदि नहीं दी जाती है तो उसकी सुनवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित स्थायी लोक अदालत में की जाएगी । उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक 90 दिन का कार्य प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति व 40 रुपये शुल्क जमा कर अपना पंजीयन और 20 रुपये शुल्क जमा कर नवीनीकरण करा सकता है उन्होंने आगे बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए शिशु हितलाभ लाभ योजना संचालित है। इसमें पुत्र या पुत्री होने पर 25 से 20 हजार, श्रमिक महिला की दिव्यांगता या निधन पर दो से पांच लाख की सहायता दी जाती है। इसके अलावा शिक्षा सहायता, कन्या विवाह सहायता, छात्रवृत्ति, गंभीर बीमारी सहायता, अक्षमता पेंशन योजना आदि भी योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास योजना के बारे मे बताया कि कोई भी नागरिक जिसके पास रहने के लिए आवास नहीं है वह इसके लिए ब्लॉक कार्यालय पर जा कर आवेदन कर सकता है इसके लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोटो, शपथपत्र, आय प्रमाणपत्र बैंक पास बुक लगा कर आवेदन किया जा सकता है। सरकार द्वारा रुपये 1 लाख 30 का अनुदान दिया जाता है, उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के बारे मे जानकारी दिया कि 2 बेटियों के जन्म से इंटर तक पढाई के दौरान कुल 15 हजार की अर्थिक सहायता सरकार द्वारा दी जाती है, इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी दे कर पंफलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में 33 नारी संघ की महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। मौके पर अखिलेश, मीना, सरिता, आशा और अजय वर्मा उपस्थिति रहे।



## सीएचसी में आयुष्मान भव का स्वास्थ्य मेला आयोजित




लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ –** आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में 162 मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया। अधीक्षक डॉ राजीव त्रिपाठी ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत मेले में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानें के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। स्वास्थ्य मेले में जनरल ओ.पी.डी.,मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं,चर्म रोग सेवाएं ,स्वास्थ्य और स्वस्थ्य जीवन शैली ,आभा आई डी एवं आयुष्मान भारत कार्ड बनाना, क्षय रोग और कुष्ठ रोग की स्क्रिनिंग, उच्च रक्तचाप,मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल जैसी बीमारियों की स्क्रिनिंग, गर्भवती और नवजात को टीकाकरण, ई संजीवनी टेली कंसल्टेशन आदि की व्यवस्था की गयी थी। स्वस्थ्य मेले में डॉ शिवेश श्रीवास्तव, डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डॉ रोहित सिंह, बीपीएम रमेश सिंह यादव, बीसी पीएम आशीष दूबे,जितेंद्र सिंह, जसवीर सिंह,सत्य पाल चौबे,अरुणा शुक्ला, साधना सिंह एल टी आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## यातायात नियमोका पालन अवश्य करे -परिवहन आयुक्त

**प्रतापगढ।** रंजीतपुर चिलबिला स्थित एल जी एकेडमी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर परिवहन मुख्य सचिव और परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि यातायात नियम का पालन अवश्य करें जिला अधिकारी व एस पी द्वारा अकादमी के बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष के नियमों को बताते हुए दुर्घटना से बचाव की भी जानकारी दी इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत

व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति को देखकर सभी अतिथियों ने सराहा विद्यालय के छात्र प्रखर द्विवेदी विक्रांत सहित अन्य प्रतिभागी बच्चों को ट्रॉफी देकर प्रस्तुत किया गया अतिथियों का स्वागत प्रिंसिपल प्रेम शुक्ला आभार प्रदर्शन प्रबंधक बेबी द्विवेदी ने किया इस अवसर पर उप प्रिंसिपल नवीन जायसवाल आरती रंगनायका सहित अन्य लोग मौजूद रहे



## जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 13 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 13 फ़रवरी को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई कालोनी स्थित पिम हाल शारदा सहायक खण्ड-51 प्रतापगढ़ में होनी प्रस्तावित है। बैठक की अध्यक्षता अरविन्द वर्मा अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण ससमय प्रतिभाग करें।

## आलू उत्पादकों को अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिये समसामयिक सलाह पर ध्यान दें

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के आलू उत्पादकों (कृषकों) को अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिये समसामयिक सलाह जारी करते कहा है कि इन दिनों खेतों की नमी बनाये रखने हेतु सिंचाई कम अंतराल पर जरूर करें क्योंकि पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान बहुत कम रह रहा है। कुछ क्षेत्रों में आलू की शीर्ष पत्तियों पर हल्का पीलापन हो रहा है जोकि मौसम के साफहोने एवं सूर्य की अच्छी धूप पड़ने से स्वतः ठीक हो जायेगा। अन्तिम सिंचाई खुदाई के दस दिन पहले रोक दें। भण्डारण हेतु रखी जाने वाली फ़सल के पत्ते काटने के दस से पन्द्रह दिन के पश्चात् आलू की त्वचा अच्छी तरह से पकने पर ही खुदाई करें। जिन किसान भाईयों ने आलू की फ़सल में अभी तक फफ़ूंदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नही किया है या जिनकी आलू की फ़सल में अभी पिछेता झुलसा बीमारी प्रकट नही हुई है, उन सभी किसान भाईयों को यह सलाह दी जाती है कि वे मैन्कोजेब/प्रोपीनेब/क्लोरोथेलोंनीलयुक्त फफ़ूंदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात् 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें।

साथ ही साथ यह भी सलाह दी जाती है कि जिन खेतों में बीमारी प्रकट हो चुकी हो उनमें किसी भी फफ़ूंदनाशक-साईमोक्सेनिल . मैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से अथवा फेनोमिडोनमैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से अथवा डाईमेथोमाफ 1.0 किग्रा0 मैन्कोजेब 2.0 किग्रा0 (कुल मिश्रण 3.0 किग्रा0) प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से छिड़काव करें। फफ़ूंदनाशक को दस दिन के अन्तराल पर दोहराया जा सकता है। लेकिन बीमारी की तीव्रता के आधार पर इस अन्तराल को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

किसान भाईयों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि एक ही फफ़ूंदनाशक का बार-बार छिड़काव न करें। कवकनाशी, कीटनाशी, उर्वरकों एवं अन्य रसायनों के टैंक मिश्रण का छिड़काव किसी विशेषज्ञ की देखभाल में ही करें।

# करन चौराहे पर शोपीस पर लगे हाईमास्ट, शाम होते ही चौराहे पर अंधेरा

## ग्राम प्रधान आंखों में पट्टी बांधे हुए हैं



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल स्थिति करन चौराहे पर हाई मास्ट शो पीस पर दिखाई दे रहे हैं जो शाम होते ही चौराहे पर अंधेरा छाया रहता है लोगों ने बताया कि सालों पहले लगे हाई मास्ट महीने भर में खराब हो गए जो करन चौराहे पर शोपीस में लगे हुए हैं शाम होते ही चौराहे पर अंधेरा छाया रहता है।

बता दे करन चौराहे पर सालों पहले लगे हाई मास्ट खराब हो चुके हैं जो चौराहे पर अंधेरा छाया रहता है। इस चौराहे से सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रक बस आदि गुजरते हैं शाम होते ही चौराहे पर अंधेरा छा जाने से दुकानदारों व राहगीरों को हो रही है दिक्कत लेकिन रात के अंधेरे में कुछ भी समझ नहीं आता इसी चौराहे से होकर कनैली महिला घाट भगंदा जुगराजपुर बारा ब्लॉक विजिया कौशांबी तपोस्थली आदि गाड़ियां करन चौराहे से होकर निकलती है किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है लोगों ने ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी हाई मास्ट ठीक नहीं हुआ जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए हाईमास्ट ठीक करवाने के लोगो ने मांग कर रहे हैं।

चौराहे से सैकड़ो गाड़ियां होकर रात के अंधेरे में गुजरती है लाइट न होने से हो सकती है बड़ी दुर्घटना।

अजय कुमार
शाम होने के बाद चौराहे पर लाइट न होने से दुकानदारी करने में भारी दिक्कत, करन चौराहे पर लाइट न होने से राहगीर चौराहे पर नहीं रुकते
अभिषेक कुमार

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण का एक दिवसीय जन जागरुकता कार्यक्रम कल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि दिव्यांगता बचाव उपचार एवं पुनर्वासन के लिए विभागीय योजनाओं पर कार्यक्रम पेरई तिल्हापुर मोड़ हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा और विशिष्ठ अतिथि कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल चेतना मंच शैलेश सिंह पटेल रहेंगे।

# विहिप के नगर अध्यक्ष बने राजू पटवा, समर्थकों में खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद संगठन में सक्रिय रहकर हिंदुत्वहित में काम करने वाले राजू पटवा को विश्व हिंदू परिषद करारी नगर अध्यक्ष बनाया गया। जैसे ही यह जानकारी समर्थकों को हुई तो खुशी की लहर दौड़ गई।

रविवार को जिला मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में करारी कस्बे के कृष्ण नगर मोहल्ला के रहने वाले राजू पटवा को जिला मंत्री नीलमणि मिश्रा ने नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। राजू पटवा के नगर अध्यक्ष बनने पर समर्थकों व संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किए। इस दौरान विहिप के नवनामित नगर अध्यक्ष राजू पटवा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वाहन करने का भरोसा दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री वेद प्रकाश, गुड्डु वर्मा, अमित पाठक, आशीष मौर्य, राम सरन, सहित दर्जनों विहिप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में दोनो पक्षों से केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलावलपुर निवासी मो इरसाद पुत्र मो इब्राहिम ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की उसकी भूमि में स्टे आर्डर के बाद भी विपक्षी अपने साथियों संग जबरन मिट्टी डाल रहा था जिसका विरोध करने पर दबंग लाठी डंडा लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर मुझे व भतीजे को जख्मी कर जान से मारने की धमकी देने लगे पड़ोसियों के बीच बचाव के बाद दबंग चले गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने इस्माइलपुर निवासी मो जुनैद , मो0 तुफैल, खुर्शीद व अकरम के विरुद्ध मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। वही विपक्षी मो जुनैद पुत्र मो0 रफीक की तहरीर पर पुलिस ने शहजादे व शाहिद के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## सौरई बुजुर्ग में चल रही श्रीमद् भागवत में कथा व्यास ने मित्रता के दिए उदाहरण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के रविवार को कथा व्यास ने भगवान कृष्ण की विशेष लीलाओं का वर्णन किया। मित्रता के उदाहरण दिए।

भगवान कृष्ण और सुदामा के चरित्र का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी मित्रता को निभाने के लिए गरीब सुदामा को दौड़कर अपने महल में लाकर सिंहासन पर बैठाते हैं। उसके बाद भगवान श्रीकृष्ण उनके चरणों को अपने हाथों से धोते हैं। प्रेमपूर्वक सुदामा की पत्नी के दिए हुए चावल में से दो मुट्ठी खाकर सुदामा को दो लोकों का वैभव प्रदान किया। इस दौरान मुख्य आयोजन दिलीप अग्रहरी , ऋषभ अग्रहरी सहित बड़ी संख्या ने लोग मौजूद रहे ।

## पीड़ित ने दबंग पर लगाया खेत चराने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़ित ने दबंग पर खेत चराने का आरोप लगाया है विरोध करने पर दबंग झगड़े पर अमादा हो जाता है , पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग निवासी संतोष कुमार पुत्र सत्यनारायण ने रविवार को कड़ा धाम पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की सौरई बुजुर्ग का मजरा टुल्लू के अडार पर उसके खेत है। संतोष का आरोप है की गांव का एक व्यक्ति उसके खेत के किनारे अपने जानवर बांधकर खेतो को चराता है , विरोध करने पर दबंग अभद्रता करते हुए झगड़े पर अमादा हो जाता है ।पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## एयरपोर्ट क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से चल रहीं आरा मशीनें



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर, बिलासपुर और भीखपुर मेंडवारा में अवैध रूप से आरा मशीनें संचालित हैं। जहां लकड़ी का कारोबार कर रहे लोग हरी लकड़ी काटकर उसका व्यवसाय कर रहे हैं। वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद वह कार्रवाई नहीं कर रहे। ऐसे में हरियाली के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

एयरपोर्ट क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी दिखावे की कार्रवाई कर अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि इस क्षेत्र में कई आरा मशीनें अवैध रूप से संचालित हैं। जहां केवल अवैध रूप से हरी लकड़ी काटकर खपा रहे हैं, बल्कि यह व्यवसाय करने वाले लोग काटी गई लकड़ी को लोडिंग वाहन में भरकर बड़े शहरों में सप्लाई भी कर रहे हैं। सरकार की रोक के बावजूद आरा मशीन संचालक अवैध रूप से काटकर लाई जा रही लकड़ियों की चिराई कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। लोगों के मुताबिक इस पूरे खेल में वन विभाग और थाना पुलिस भी शामिल है। रोजाना लकड़ी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप थाने के सामने से गुजरते हैं। लेकिन, पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी उन पर कार्रवाई करना तो दूर पूछताछ करना भी उचित नहीं समझते हैं। लकड़ी के अवैध व्यापार के चलते एयरपोर्ट क्षेत्र दिनों दिन उजड़ रहा है। जिसका सीधा असर हरियाली पर पड़ रहा है।

## मंडल स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में कौशाम्बी ने जीता कांस्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** प्रयागराज के नैनी में दस और ग्यारह फरवरी को खेली गई मंडल स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में कौशांबी ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग की टीम ने खेले गए मैच में फतेहपुर की टीम को 22-14 के अंतर से पराजित किया। वहीं महिला टीम ने प्रतापगढ़ की टीम को 10-5 के अंतर से हराते हुए पदक हासिल किया। टीम के प्रदर्शन और विजेता होने पर जिला हैंडबाल संघ के सचिव डा. देवेश सिंह यादव, अध्यक्ष योगेश कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र मिश्र ने टीम के खिलाड़ियों और कोच राजीव कुमार सिंह, मनमोहन सिंह चौहान, मानस मिश्रा व टीम के कप्तान आर्यन और खुशबू को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उत्साहवर्धन किया है।

# आरओ-एआरओ की परीक्षा केंद्र का क्षेत्राधिकारी ने किया निरीक्षण





**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** उप्र लोक सेवा आयोग की ओर से समीक्षा अधिकारी (आरओ)ध्सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को लेकर रविवार को जिले के एक दर्जन से अधिक केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई । सुबह 09:30 बजे से शुरू हुई प्रथम पाली व दूसरी पाली अपराह्न 02:30 बजे से शुरू हुई परीक्षा में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सिराथू तहसील क्षेत्र के एस ए वी केंद्र सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसी तरह मुख्यालय से सटे ओसा स्थित श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा में उप्र लोक सेवा आयोग की ओर से समीक्षा अधिकारी (आरओ)ध्सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को लेकर रविवार को जिले के एक दर्जन से अधिक केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई

## भाजपा नेत्री ने पड़ोसी पर लगाया छेड़खानी व अभद्रता का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली एक भाजपा नेत्री ने पड़ोस के रहने वाले दो लोगो पर स्वयं व बेटी के साथ छेड़खानी व अभद्रता का आरोप लगाते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली एक भाजपा नेत्री ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की उसका बेटा ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण का पोषण करता है। पीड़िता का आरोप है की पड़ोस का रहने वाला एक व्यक्ति डीजे में अश्लील गाने बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाता है , जिसका विरोध करने पर दबंग अभद्रता कर छेड़खानी करता है।

## विश्व हिंदू महासंघ कौशाम्बी एवं फतेहपुर की संयुक्त मासिक बैठक हुई संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** विश्व हिंदू महासंघ कौशाम्बी एवं फतेहपुर की संयुक्त मासिक बैठक जिला कार्यालय ओशा चौराहा मंझनपुर में मंडल प्रभारी नागेश्वर प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में आगामी 26 से 28 फरवरी तक होने वाली हिंदू राष्ट्र समर्थन यात्रा की तैयारी के बारे में विस्तृत चर्चा की गई 26 फरवरी को बांदा से चलकर 27 को शाम को राजापुर होते हुए ओसा चौराहा रात्रि विश्राम होगा 28 फरवरी को सुबह मंझनपुर भ्रमण करते हुए संमदा भरवारी मूरतगंज होते हुए श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज को जाएगी इस यात्रा की तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यकर्ताओं को स्वागत के लिए स्थान आवंटित किया गया। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सुभाष पांडे, जिला अध्यक्ष कौशाम्बी राजकुमार त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष मातृशक्ति सोनिया राजपूत, जिला उपाध्यक्ष पन्नालाल केसरवानी, मुकुंदी लाल केशरवानी और डॉक्टर बृजेश कुमार द्विवेदी मीडिया प्रभारी मनीष द्विवेदी प्रदुम पांडे समेत सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम के कल्पवासियों द्वारा प्रयागराज में माघमेला तक करते है औषधि चाय वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी खास स्थिति ऐतिहासिक संकट मोचन आश्रम से जुड़े भक्त इन दिनों प्रयागराज के माघ मेला में कल्पवासी कर रहे भक्तों द्वारा हर रोज सुबह स्नान करने वाले श्रद्धालुओं औषधि चाय का वितरण करते है और कल्पवासियों सहित श्रद्धालुओं से आशीर्वाद ले रहे है।

# चायल-मनौरी क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे कोचिंग सेंटर


**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में दर्जनों कोचिंग सेंटर बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित हैं। विभागीय उदासीनता के चलते कोचिंग संचालकों द्वारा बच्चों से मनमानी फीस वसूलने के कारण अभिभावकों में काफी रोष है।फिर भी वह बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर हैं।

शासन ने बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग सेंटरों के संचालन पर रोक लगा रखा है। बावजूद इसके विभाग ऐसे कोचिंग संचालकों पर कार्रवाई करने से परहेज करते हैं। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। विभिन्न स्कूल-कालेजों में शिक्षण कार्य करने वाले अध्यापक कोचिंग संस्था खोल रखे हैं। छात्रों का कहना है कि शिक्षक कोचिंग संस्था में पढ़ने के लिए बाध्य करते हैं। पढ़ाई नहीं करने की दशा में प्रायोगिक, अर्धवार्षिक सहित वार्षिक परीक्षा में फेल कर दिए जाने की धमकी छात्रों को दी जाती है। इसके चलते छात्र कोचिंग में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। अभिभावक इसको लेकर कई बार विद्यालय प्रबंधन से शिकायत भी कर चुके हैं। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। इससे कोचिंग संस्था खोले शिक्षक निरंकुश होते जा रहे हैं। अभिभावक त्रिभुवन लाल, धनंजय सिंह, घनश्याम कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, जवाहर लाल, रामानंद पांडेय, वीरेंद्र कुमार, अभय कुमार सिंह, अभिषेक सिंह और मुन्ना आदि का कहना है कि कोचिंग संस्थान के संचालन से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होती है। बच्चों के कोचिग में पढ़ने के कारण अभिभावकों को दोहरा खर्च उठाना पड़ता है।

### अधिकतर के पास फायर एनओसी नहीं

चायल, कौशाम्बी। चायल इलाके में खासकर मनौरी बाजार में दर्जनों कोचिंग सेंटर चल रहा है। इसमें से एक भी कोचिंग सेंटर ऐसा नहीं होगा जिसमें आग से सुरक्षा के सटीक इंतजाम हों। कोचिंग सेंटर में आपातकालीन द्वार भी नहीं है। बहुत से कोचिंग सेंटर में क्षमता के हिसाब से प्रवेश और निकासी मार्ग भी संकरा है। गली मोहल्लों में चल रहे कोचिंग सेंटरों को लेकर सीएम ने भी चेतावनी दी थी। जिससे के किसी हादसे के समय बचाव दल और फायर बिग्रेड के वाहन पहुंच सकें। पर, यह संस्थान अनुमति से चल रहे या बिना अनुमति के चल रहे इसकी खैर खबर लेने वाला कोई नहीं है। कोचिंग संस्थान चलाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से पंजीकरण कराना अनिवार्य है। एक बार में तीन साल के लिए पंजीकरण होता है।

## सयारा रेलवे ओवरब्रिज में गढ्ढे, बाहर निकली सरिया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सयारा गांव के निकट बने रेलवे ओवरब्रिज में खराबी आ गई है। रविवार की दोपहर राहगीरों की नजर रेलवे ओवरब्रिज के लगभग बीच में आई गढ्ढे पर पड़ी तो गर्डर में भी गैप व सरिया साफ दिख रहा थी। इसकी सूचना तत्काल सेतु निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई।बताते चले की नेशनल हाईवे से मंझनपुर को जाने वाले मुख्य मार्ग में सयारा गांव के नजदीक दिल्ली हावड़ा रेल लाइन में जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु तीन वर्ष पहले रेलवे पर ये पुल बना है। इतनी जल्दी पुल में दरार व गढ्ढे होने से खराबी आने को लेकर स्थानीय लोग निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। मामले की सूचना पर पहुंचे जिम्मेदार दुरुस्त करने में जुट गए है।

### क्या कहते है एसडीएम

कौशाम्बी। मामले में एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का कहना है की मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा है तो विभाग से बात कर दुरुस्त कराया जायेगा।

## बर्तन बेचने वाली महिला ने दर्जनों महिलाओं के जेवरात उड़ाए

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा, कौशाम्बी।** बर्तन बेचने वाली महिला ने लोधौर गांव की दर्जनों महिलाओं से लाखों रुपये के जेवरात ठग लिए। दो दिन के बाद जब पुलिस तक बात पहुंची तो पुलिस भी हैरत में रह गई। ठगी गई महिलाओं की ओर से बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने ठग महिला की तलाश शुरू कर दी है।पिपरी थाने के लोधौर गांव में तीन दिन पहले बर्तन बेचने वाली एक महिला पहुंची और घर-घर जाकर पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देने लगी। नतीजा, क्षेत्र की महिलाओं को इस पर भरोसा होने लगा। दूसरे दिन वही महिला गांव में पहुंची और महिलाओं को एकत्र कर जेवरात के बदले 24 घंटे में बर्तन और जेवरात दोनों सामान देने का झांसा देकर उनसे जेवर ठग लिए। तीसरे दिन पहुंचकर उनके जेवरात और बर्तन भी फ्री में दे दिया। इससे महिलाओं का उस पर भरोसा बन गया। शुक्रवार को फिर ठग महिला गांव पहुंची और 24 घंटे जेवरात के बदले पच्चीस हजार रुपया नकद और जेवरात भी वापस करने को बोल सबको अपने झांसे में ले लिया। शनिवार शाम तक गांव की महिलाएं अपने जेवरों की वापसी का इंतजार करती रही। लेकिन, जब ठग महिला सामान और जेवरात लेकर वापस नहीं आई तो महिलाओं में बेचैनी होने लगी। रविवार सुबह पता चला कि ठग महिला गांव की आधा दर्जन महिलाओं से जेवरात ठगकर रफूचक्कर हो गई। रविवार सुबह मामले की जानकारी मिलने के बाद ग्राम प्रधान राज सिंह भी मौके पर पहुंचे। गांव की भगवान पुरही ने बताया कि तीन दिन से लगातार गांव में ठग महिला विजमा के घर पर आती थी। ठग महिला ने भगवान पुरही पत्नी हरिलाल सरोज से 23 तोला की तीन नग चौनपट्टी, सोने की लॉकेट, पुल्ली समेत लगभग डेढ़ लाख के जेवरात लेकर फरार हो गई। वहीं संगीता पत्नी बबलू सरोज की एक नग बिछिया, विजमा पत्नी सुनील सरोज से एक सोने का लॉकेट, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक पुल्ली, चार जोड़ी बिछिया ले गई। वहीं बसंती, श्रीमती, रीना, कन्ना देवी, गुलाबिया, गुड्डी, चंपी, किरन, मोनू, समेत लगभग चालीस महिलाओं का सामान लेकर ठग महिला फरार हो गई। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी लोधौर अतुल रंजन तिवारी का कहना है कि सौ कदम पर पुलिस चौकी है।

## भाजपा शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई- रोहित मिश्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** भाजपा युवा मोर्चा के मंडल कौशाम्बी के अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र में जिला सलाहकार समिति के सदस्य बनाने के हार्दिक बधाई दिया वहीं युवाओं से जुड़ने के कारण युवाओं सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। विजिया चौराहा में जोरदार स्वागत किया गया।

# चोरी की 8 बाइक के साथ 4 चोर गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन तथा 4 हजार 9 सौ रुपए नगद बरामद



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र पुलिस ने बाइक चोर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 8 बाइक और चार मोबाइल फोन तथा माल बिक्री का 4 हजार 9 सौ रुपए बरामद किया है पकड़े गए बाइक चोर के खिलाफ मुकलमा लिखकर पुलिस ने अदालत में पेश किया जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कई गांवों में चार शातिर बदमाश जिसमें अखिलेश उर्फ तुब्बा पुत्र शिवलाल सरोज और सुमित उर्फ गुंडा पुत्र स्वर्गीय छेददू पासी अमित उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय छेददू पासी निवासीगण मितवापुर थाना संदीपनघाट व थाना करारी आगियौना निवासी राजेंद्र सरोज पुत्र नंदलाल द्वारा काफी समय से बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। थानाध्यक्ष संदीपन घाट भुवनेश चौबे उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह रामबाबू सिपाही राजेश सिंह देवेंद्र भारद्वाज लवलेश कुमार की टीम द्वारा अमित उर्फगुडडा को बाइक चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्त ने चोरी की घटनाओं को कबूल करते हुए अपने अन्य साथियों का नाम पता बताया पुलिस ने बाइक चोर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 8 बाइक और चार मोबाइल फोन तथा 4 हजार 9 सौ रुपए नगद बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ जिले के कई थाना क्षेत्र में आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर सभी को अदालत में पेश किया है जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया है।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस, इंडिया में भी बात रूकी

ऐसा नहीं है कि एनडीए में सीट बंटवारा नहीं हो रहा है तो विपक्षी पार्टियों ने सीट शेयरिंग पर बात कर ली है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में ज्यादा समस्या दिख रही है। कांग्रेस की ओर से सीट बंटवारे को लेकर जो बातचीत हो रही थी वह रूक गई है। क्यों रूकी है यह किसी को पता नहीं है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा की ही तरह वहां भी गठबंधन के सहयोगियों की तस्वीर साफ नहीं हो रही है। कौन रहेगा और कौन छोड़ेगा यह तय नहीं हो पा रहा है। इसलिए बातचीत थोड़ा आगे बढ़ती है और फिर रूक जाती है। जिन राज्यों में ऐसी दुविधा नहीं है, जैसे तमिलनाडु में तो वहां सीट बंटवारा फाइनल हो गया है। डीएमके ने पिछली बार की तरह कांग्रेस को नौ सीटें देने का फैसला किया है। पिछली बार कांग्रेस नौ में से आठ सीटों पर जीती थी। इस बार भी वह अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है।लेकिन डीएमके के अलावा किसी राज्य में कांग्रेस ने सीट शेयरिंग फाइनल नहीं की है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 11 सीटें छोड़ने का ऐलान किया था लेकिन कांग्रेस के नेता इसे पहली किश्त मान रहे हैं। अगर जयंत चौधरी की पार्टी रालोद गठबंधन से बाहर होती है तो कांग्रेस की सीटें बढ़ सकती हैं। जैसे बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के 'इंडिया' से बाहर होने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर पिछली बार की तरह नौ सीटें मिल सकती हैं। बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की नेशनल एलायंस कमेटी की एक बैठक राज्यसभा सांसद मनोज झा से बातचीत हुई थी लेकिन दोबारा फिर कोई बैठक नहीं हुई। झारखंड में उथल-पुथल का घटनाक्रम रहा और अब नई सरकार बनी है, जिसका विस्तार अगले कुछ दिन में होना है। वहां अभी सीट बंटवारे की बातचीत शुरू भी नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी ज्यादा सीटों पर लड़ने की मांग कर रही है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा माथापच्ची चल रही है, जहां कांग्रेस के साथ शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी का शरद पवार गुट गठबंधन में हैं। इनके अलावा प्रकाश अंबेडकर और राजू शेट्टी की पार्टी भी है। आम आदमी पार्टी के साथ भी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात को लेकर बातचीत हो रही थी लेकिन वह बातचीत भी थम गई है।




**मेष राशि-** आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है इससे आपको अच्छा समाधान मिल सकता है।

**वृष राशि-**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आएगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**कर्क राशि-** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज किसी दूर के भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी।

**सिंह राशि-**आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। आप सामाजिक कार्यो में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े अटक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आप नया करोबार करने की में सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको कोई अच्छी राय मिलेगी, परिवार के लोग आपकी बातों से सहमत रहेंगे। बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामले में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे जिससे काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी। आज समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। लंबे समय बाद मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यो से काफी खुश नजर आएंगे। छात्र आज अपने करियर को कर कोई योजना बनाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। अगर आप जॉब बदलना चाहते है तो अभी कुछ दिन रुक जाना अच्छा रहेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं। आज ऑफिस के कार्यो में मन लगेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। बड़े बुजुर्गों की रेस्पेक्ट करेंगे, धन- धान्य में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षको की सहायता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएंगी। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा। ज्यादा से ज्यादा पानी पियें, सेहत अच्छी रहेगी।

**मीन राशि-** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिए कोई नया खेल तलाश करेंगें। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे।

# दक्षिण भारत में भाजपा को अबकी बार बढ़ रही है कमल खिलने की आशा ?



**अशोक भाटिया**

आज देश में भाजपा का परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक भाजपा की सरकार है। पूर्वोत्तर में भी कमल खिल चुका है। उत्तर भारत के जिन राज्यों में अभी वह सत्ता में नहीं है, वहां प्रमुख विपक्षी दल है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही है। लेकिन अभी भी भाजपा का विजय रथ दक्षिण में जाकर बार-बार रुक जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस बार दक्षिण विजय के लिए सारे समीकरण साध रही है। दक्षिण भारत के 6 राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में इस समय भाजपा की अपने बूते कोई सरकार नहीं है। पुडुचेरी में भी भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता में है।गौरतलब है कि दक्षिण भारत के इन राज्यों में 130 लोकसभा सीटें हैं, जिसमें से अभी केवल 29 सीटें भाजपा के पास हैं। इसमें 25 अकेले कर्नाटक से ही हैं। जबकि 2019 में चार सीट तेलंगाना में जीती थी। इससे समझा जा सकता है कि बाकी के राज्यों में भाजपा की स्थिति कैसी है। दक्षिण को प्रमुखता से लेने की एक वजह और भी है। उत्तर भारत के प्रमुख राज्यों में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा को बंपर सीटें मिली हैं। ऐसे में भाजपा इस बात का ध्यान रख रही है कि अगर यहां पर सीटें कम हों तो इसकी भरपाई दक्षिण से की जा सके।भाजपा के दक्षिण प्लान का टेस्ट कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी लगभग फेल हो गया । भाजपा के लिए दक्षिण के अपने इकलौते दुर्ग को बचाए रखने की चुनौती थी तो साथ ही यहां के नतीजों का असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ना था , जहां इस साल चुनाव होने हैं। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार बड़ी उम्मीद लगाए हुए थी पर उसे विधानसभा की 8 सीटों से ही संतोष करना पड़ा । उल्लेखनीय यह है कि उसका वोट प्रतिशत पहले से डबल हो गया । यह प्रदर्शन 2024 लोकसभा चुनावों के लिए तेलंगाना में उसकी संभावनाओं को और बल दे सकता है।दक्षिण में जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के लिए मुश्किल है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भाजपा का आधार बहुत कमजोर है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। वहीं, आंध्र प्रदेश और केरल में तो पार्टी का एक विधायक भी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में भाजपा को महज 1 फीसदी वोट मिले थे।आंध्र प्रदेश की तरह ही भाजपा के सामने तमिलनाडु में भी चुनौती बड़ी है। भाजपा की छवि हिंदूवादी पार्टी की है और तमिलनाडु द्रविड़ आंदोलन की जमीन रही है। इसके साथ ही भाजपा के लिए हिंदी पार्टी का टैग ज्यादा मुश्किल पैदा करता है। भाजपा की आहट को देखते हुए हाल के दिनों में डीएमके ने हिंदी के मुद्दे को एक बार फिर से हवा देना शुरू कर दिया है।तमिलनाडु में हिंदी पार्टी और द्रविड़ आंदोलन के मुकाबले मंदिरों के आस-पास राजनीति को लाने की कोशिश कर रही है। मंदिरों पर किसका कब्जा हो इसे लेकर भाजपा सवाल उठा रही है। भाजपा के साथ समान विचारधारा वाले वीएचपी जैसे संगठन इसमें आगे हैं। भाजपा के साथ एक और प्लस फैक्टर है कि वह एआईएडीएमके के साथ अच्छे रिश्ते में है और गठबंधन में उतरकर पार्टी आधार बढ़ा सकती है। 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने क्षेत्रीय दल %आइजेके% के साथ मिल कर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ा था। भाजपा को 2।86 फीसदी वोट मिले थे और उसे एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली थी। तमिलनाडु में भाजपा की इतनी खराब हालत की वजह क्या है ? दरअसल तमिलनाडु की स्थानीय राजनीति की बुनावट कुछ ऐसी है कि इसमें किसी राष्ट्रीय दल के लिए कोई गुंजाइश नहीं बनती। यहां की राजनीति में भाषा (तमिल) और संस्कृति (द्रविड़) की जड़े इतनी गहरी हैं कि उसे धर्म के आधार पर बांटना मुश्किल है। तमिल को सबसे प्राचीन भाषा माना जाता है। यह आत्मगौरव तमिल लोगों को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। यहां के लोग भाजपा को हिंदी पट्टी की पार्टी मानते हैं। जब कि हिंदी विरोध तमिलनाडु की राजनीति का मूल आधार है। इसलिए तमिलनाडु में हिंदुत्व और हिंदी, भाजपा के लिए रुकावट बन जाती है। तभी तो नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु में तमिल भाषा नहीं जानने के लिए अफसोस जाहिर करते हैं। यह नरेन्द्र मोदी की स्थानीय लोगों से भावनात्मक जुड़ाव की कोशिश की थी।देखा जाय तो द्रविड़ सभ्यता भारत की बहुत पुरानी सभ्यता है। तमिलनाडु में द्रविड़ संस्ककृति को राजनीति से जोड़ने का श्रेय ईवी रामास्वामी पेरियार को जाता है। वे ब्राह्मणवाद के खिलाफ थे। धार्मिक कर्मकांडों का भी विरोध किया। 1944 में उन्होंने द्रविड़ कड़गम (द्रविड़ों का देश) नाम से एक सामाजिक संगठन बनाया। 1949 में पेरियार के करीबी अन्नादुरई उनसे अलग हो गये। अन्नादुरई ने द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम के नाम से अगल संगठन बनाया। 1969 तक तमिलनाडु को मद्रास स्टेट कहा जाता था। 1967 में मद्रास राज्य विधानसभा के चुनाव हुए तो द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) ने 179 में से 137 सीटें जीत लीं। अन्नादुरई मद्रास के मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस को केवल 51 सीटें मिलीं। इसके पहले कांग्रेस सत्ता में थी। तमिलनाडु में राजगोपालाचारी और के कामराज जैसे कांग्रेस के पास दिग्गज नेता हुए। लेकिन 1967 में द्रविड़ भावना की ऐसी लहर आयी कि कांग्रेस उसमें विलीन हो गयी। तमिलनाडु में द्रमुक का डंका बजने लगा। 14 जनवरी 1969 को मद्रास राज्य का नाम तमिलनाडु कर दिया गया। तमिलनाडु के नामकरण के 20 दिन बाद ही अन्नादुरई का निधन का हो गया। उस समय करुणानिधि अन्नादुरई के कैबिनेट में मंत्री थे। फिर करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। द्रमुक- अन्नाद्रमुक की दो ध्रुवीय राजनीति द्रमुक- अन्नाद्रमुक की दो ध्रुवीय राजनीति करुणानिधि तमिल फिल्मों के मशहूर पटकथा लेखक थे। एमजी रामचंद्रन उस समय तमिल फिल्मों के सुपर स्टार थे। वे भी द्रमुक से जुड़े थे। द्रमुक ने उन्हें 1962 में एमएलसी बनाया था। 1967 में एमजीआर द्रमुक के विधायक चुने गये थे। इसके बाद 1976 तक तमिलनाडु में या तो करुणानिधि सीएम रहे या फिर राष्ट्रपति शासन लागू रहा। 1972 में करुणानिधि जब अपने बड़े बेटे एम के मुथ्थू को राजनीति में बढ़ावा देने लगे तो द्रमुक की राजनीति बदलने लगी। तब एमजी रामचंद्रन ने आरोप लगाया था कि अन्नादुरई के बाद द्रमुक में भ्रष्टाचार ने जड़ जमा लिया है। इससे खफा हो कर करुणानिधि ने एमजी रामचंद्रन को पार्टी से निकाल दिया। तब एमजीआर ने अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (अन्ना द्रमुक) के नाम से नयी पार्टी बनायी।

बाद में इसका नाम ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम कर दिया गया। 1977 में एमजी रामचंद्रन सत्ता में आये। इसके बाद से तमिलनाडु में कभी द्रमुक तो कभी अन्नाद्रमुक के पास सत्ता रही। पिछले 53 साल से तमिलनाडु में यही हो रहा है। दक्षिण में मजबूत मानी जाने वाली कांग्रेस भी आज द्रमुक की बैसाखी पर ही राजनीति करती है। 2016 के चुनाव में कांग्रेस ने डीएमके से गठबंधन कर 40 सीटों पर चुनाव लड़ था। लेकिन उसे केवल 8 सीटों पर ही जीत मिली थी। इससे समझा जा सकता है कि तमिलनाडु में बिना द्रविड़ पहचान वाली पार्टियों की कितनी खराब स्थिति है। ऐसे भाजपा सिर्फ कोशिश ही कर सकती है। उसने अन्नाद्रमुक के साथ मिल कर चुनाव लड़ने की बात कही है।वैसे हाल ही में तमिलनाडु में के। अन्नामलाई जैसे युवा नेता ने भाजपा को एक नयी पहचान दी है।दक्षिण के एक और महत्वपूर्ण राज्य केरल में भाजपा पूरा जोर लगा रही है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है। भाजपा का यहां पर कोई विधायक नहीं है। ऐसा तब है जब उसके मातृसंगठन आरएसएस की यहां पर 4500 से ज्यादा शाखाएं लगने का दावा किया जाता है। केरल में भी हिंदूवादी पार्टी होने का तमगा भाजपा के लिए मुश्किल बन रहा है। राज्य में एक प्रभावी आबादी ईसाई समुदाय की है और भाजपा की नजर इसी पर है। हाल ही में कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के पार्टी में शामिल होने से भाजपा को उम्मीद है कि वह इस समुदाय को अपने पाले में खींचने में सफल होगी। केरल और तेलंगाना में भाजपा के वोट शेयर बढ़े हैं। कर्नाटक में उसकी सरकार नहीं है पर वह प्रभावशाली विपक्ष ही है। भाजपा ने 2016 में केरल की 98 सीटों पर चुनाव लड़ा था। वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे ओ राजगोपाल ने नेमोम सीट से जीत हासिल की थी। राजगोपाल के आलावा भाजपा का कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं जीत पाया था। राजगोपाल केरल भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। 1999 में वे राज्यसभा के सदस्य थे। भाजपा ने केरल में अपने विस्तार के लिए ही राजगोपाल को वाजपेयी मंत्रिपरिषद में शामिल किया था। लेकिन इस काम में वह सफल नहीं हो सकी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को केरल में 12.93 फीसदी वोट मिले थे। उसके वोट प्रतिशत में करीब दो फीसदी क इजाफा तो हुआ लेकिन चुनावी सफलता अभी भी दूर की कौड़ी है। अब भाजपा मेट्रोमैन ई श्रीधरन के जरिये केरल में नयी पारी खेलना चाहती है। केरल में आरएसएस 1942 से सक्रिय है। लेकिन उसका फायदा कभी भाजपा के नहीं मिल सका । केरल में अगर 55 फीसदी आबादी हिन्दुओं की है तो 45 फीसदी आबादी ईसाई और मुस्लिम समुदाय की है। केरल भारत का सबसे ज्यादा पढ़ालिखा राज्य है। यहां के लोग धर्म की बजाय मुद्दों के आधार पर वोट करते रहे हैं। इसकी वजह से केरल में हिंदू कार्ड सफल नहीं हो पाया। यहां की राजनीति भी दोध्रुवीय है। सीपीआइ के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के बीच सत्ता के लिए संघर्ष चलते रहता है। कभी सत्ता इधर तो कभी उधर। ऐसे में भाजपा के लिए जगह बनाना मुश्किल रहा है। लेकिन 2021 में जिस तरह से भाजपा ने केरल में अपनी ताकत झोंकी है उससे राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं।दक्षिण भारत की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन के बाद साउथ इंडिया से अयोध्या के लिए अधिक से अधिक विशेष ट्रेनों के चलाने की योजना बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह उत्तर भारत के साथ सामान ध्यान दक्षिण भारत पर भी दे रहे है । गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी अध्यक्ष रहते हुए दक्षिण में पार्टी के प्रचार-प्रसार का जो सपना देखा था अब उसके लिए पुरजोर कोशिश की जा रही है।दक्षिण भारत में बीजेपी को मजबूत करने की कड़ी में गृह मंत्री अमित शाह आज कल दक्षिण भारत में लगातार संगठन की बैठक ले रहे हैं। बीजेपी अब अपना ध्यान कर्नाटक से आगे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के साथ-साथ केरल की तरफ भी लगा रही है। इन पांचों राज्यों में कुल मिलाकर लोकसभा की 129 सीटें हैं और भाजपा जानती है कि अबकि बार 400 के पार जाने के लिए यहां के सांसदों की भूमिका काफी अहम रहने वाली है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

# गठबंधन मिटाएं विरोधाभास नहीं

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अभी सबसे बड़ी कमजोरी क्या है? इसका जवाब है- रणनीतिक विरोधाभास। ध्यान रहे गठबंधन की ज्यादातर पार्टियों में कोई वैचारिक विरोधाभास नहीं है। अगर एक उद्धव ठाकरे गुट के शिव सेना को छोड़ दें तो लगभग सभी पार्टियां अपनी स्थापना के समय से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी राजनीति करने वाली रही हैं। सो, वैचारिक टकराव नहीं है। लेकिन रणनीतिक विरोधाभास इतना बड़ा है कि गठबंधन में एकजुटता नहीं दिख रही है। पार्टियों के साथ होने के बावजूद साथ होने का मैसेज नहीं बन रहा है। ऐसा लग रहा है कि सभी पार्टियां अपनी अपनी ओर गठबंधन को खींच रही हैं। सब एक दिशा में साथ मिल कर चलते हुए नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी अखिल भारतीय उपस्थिति है लेकिन बाकी पार्टियां उसको गठबंधन का इंजन मान कर उसके साथ बोगी की तरह जुड़ नहीं रही हैं।

सब इंजन बनना चाहते हैं। इस वजह से कहीं गठबंधन तो कहीं टकराव दिख रहा है।इसका नतीजा यह हुआ है कि पार्टियों की इस प्रतिबद्धता पर किसी को यकीन नहीं हो रहा है कि वे भाजपा को हराना चाहती हैं। ध्यान रहे देश में भाजपा विरोधी वोट करीब 60 फीसदी है। भाजपा को 2019 में अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन के समय भी 38 फीसदी वोट मिले हैं।

बचे हुए 62 फीसदी वोट में से थोड़े से वोट उसकी सहयोगी पार्टियों को मिले हैं लेकिन ज्यादातर या करीब 60 फीसदी वोट भाजपा के विरोध में पड़े हैं। इसका मतलब है कि विपक्षी पार्टियां भले बिखरी हुई या कमजोर दिख रही हैं

लेकिन भाजपा का विरोध कमजोर नही है। अगर विपक्षी पार्टियां एक साथ आती हैं, ईमानदारी से एकजुटता दिखाती हैं और भाजपा को हराने की वास्तविक प्रतिबद्धता दिखाती हैं तो भाजपा विरोधी वोट को साथ ला सकती हैं। इसमें भी भाजपा विरोधी सारे वोट हासिल करने की जरुरत नहीं है। अगर भाजपा विरोधी 60 फीसदी वोट का 60 या 70 फीसदी वोट विपक्षी गठबंधन को मिल जाए तो उसका वोट भी भाजपा के बराबर यानी 38 फीसदी के करीब हो जाएगा।

फिर वह भाजपा को टक्कर देने की स्थिति में होगी। लेकिन यह वोट तभी उसके साथ आएगा, जब भाजपा को हराने की उनकी प्रतिबद्धता पर लोगों को यकीन होगा। अगर यकीन नहीं हुआ तो यह वोट बिखर जाएगा और विपक्षी गठबंधन को कोई फायदा नहीं होगा।तभी वैचारिक समानता दिखाने के साथ साथ पार्टियों को रणनीतिक एकजुटता भी दिखानी होगी। यह नहीं हो सकता है कि ममता बनर्जी कहें कि वे पश्चिम बंगाल में तो अकेले लड़ेंगी लेकिन पूरे देश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ रहेंगी। इससे विपक्षी गठबंधन पर लोगों का भरोसा नहीं बनेगा। अगर वे अपने असर वाले राज्य में किसी दूसरी विपक्षी पार्टी को स्पेस नहीं देंगी तो इससे यह जाहिर होगा कि उनकी प्रतिबद्धता भाजपा को हराने की नहीं, बल्कि अपना स्वार्थ पूरा करने की है। वोट के बिखराव के साथ साथ उनकी इस सोच का असर धारणा के स्तर पर भी होगा।

मतदाताओं का एक बड़ा समूह, जो भाजपा के खिलाफ वोट करता है या इस बार खिलाफ वोट करने की सोच रहा है, उसकी धारणा प्रभावित होगी। भाजपा को भी मौका मिलेगा यह बताने का कि गठबंधन में एकजुटता नहीं है। अगर ममता बनर्जी बंगाल में कांग्रेस को स्पेस नहीं देती हैं तो फिर कांग्रेस कैसे उनको असम, मेघालय या त्रिपुरा में सीट देगी?

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## सफल इंसान के रूप पहचान

प्यासी गैया जो कोई तो उसकी प्यास बुझा दे,
कांपे थर थर जो अबला वृद्ध आग लगा दें।
हम बने ऐसे सारथी रमन जो हो द्रवित मन,
आए सबके काम ज्ञान के दीप जला दे।
जीव जंतुओं का दर्द समझे बने प्रीत के लिए,
एक अच्छे इंसान मानवता का धर्म निभा दे,
सफलता सामाजिक आर्थिक उन्नति का,
आध्यात्मिक प्रगति प्रज्ञा सांस्कृतिक समन्विति का,
वास्तविक अमृतकाल सद्गुण से हो पहचान,
चलो रमन सफल जीवन शिखर पहुंचा दे,
प्यासी गैया जो कोई तो उसकी प्यास बुझा दे,
आए सबके काम ज्ञान के दीप जला दे।।

**बेकस रमन**
**सहायक अध्यापक**
**महमूदाबाद सीतापुर**



## प्रेम का सिद्धांत

जीवन यदि साफ़ सुथरा जीना है तो
एक सीधा सिद्धांत ज़रूर अपनायें,
हर इंसान अच्छा अच्छा याद रखें,
और बुरा जो भी हो सब भूल जायँ।
किसी बुद्धिमान व्यक्ति से जब एक
सज्जन ने यह पूछा कि श्री मान जी
किसी पर कोई जब ग़ुस्सा करता है
तो पास होकर भी ज़ोर से बोलता है?
विद्वान ने कहा कि दो व्यक्तियों के
हृदयों के बीच की दूरी बढ़ जाती है,
तब दोनो पास होकर भी उनके हृदय
एक दूसरे से बहुत दूर होते जाते हैं।
जितना ज़्यादा उन्हें ग़ुस्सा आता है,
दिलों की दूरी उतनी ही बढ़ जाती है,
इस दूरी के कारण क्रोध बढ़ता है,
ज़्यादा ज़ोर देकर बोलना पड़ता है।
दो लोगों के बीच अपनापन होता है,
प्रेम से उनके हृदय भी पास होते हैं,
वे आराम से धीरे धीरे ही बात करते हैं,
क्योंकि उनके हृदय पास पास होते हैं।
जब आपस में प्रेम होता है तब कभी
कुछ बोलने की ज़रूरत नहीं होती है,
दोनो लोग बिना कुछ बोले ही एक-
दूसरे के मन की बात समझ लेते हैं।
इस संदेश का सिद्धांत सीधा है,
कि क्रोध किसी से कभी नहीं करें,
सबके हृदय के नज़दीक पहुँचना है,
आदित्य ढाई अक्षर प्रेम के याद रखें।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य'**
**लखनऊ**



## जीवन

खुद के ही अपराध पर,
कुंठित होता है ये मन...
जान बूझ कर दोष कर,
अश्रु बहाते जाय नयन...
ऐसी भी क्या है चाहत,
भाग्य से टकराने की...
जो प्राप्त जीवन में है,
उसको यूँ ठुकराने की...
पल दो पल का जीवन जब,
करो कोशिश सुख पाने की...
सब कुछ पाने की चाहत में,
चाह मिटे है जीवन की...
जीवन तुम्हारा अपना है,
दूजे को शामिल मत करना...
खुशियाँ पाने की चाहत में,
हासिल सुविधाएँ मत हरना...
कुछ पल खुद संग जीलो तुम,
अमर भाव ये जीवन का...
अपने मन को पालो तुम,
मोह मिटे इस जीवन का...

**तस्लीम फातिमा**
**तेलंगाना**



## हरी बिंदी

आज फिर से तुम्हारी याद आई है,
वो क्या है न कि मैंने हरी बिंदी लगाई है।
तुम तो कहते थे हरी बिंदी निशानी है इजहार की,
लेकिन मेरे लिए यह हरी बिंदी थी निशानी हमारे हरे भरे प्यार की।
हरी बिंदी हरी ही रह गई
इसपर लालिमा न चढ़ सकी तेरे सुहाग की।
लेकिन मैं खुश हूं की मेरी हरी बिंदी मेरी ही रह गई।
तुम बदल गए,
मैं बदल गई,
लेकिन न बदला मेरा प्यार,
मेरी हरी बिंदी मेरी ही रह गई।
आज फिर से तुम्हारी याद आई है
वो क्या है न कि मैंने हरी बिंदी लगाई है।

**नीतू कुमारी नितुंजलि**
**चण्डीगढ़**



**जो आप मानते हो वो, आपके विचार बन जाते हैं,**
**विचार आपके शब्द, शब्द आपका कार्य,**
**कार्य आपकी आदत,आदत आपका महत्व,**
**महत्व आपकी किस्मत बन जाती हैं।**

## बसंत ऋतु का स्वर्णिम दृश्य

देखो आया ऋतु बसंत
लेकर आया खुशियां अनन्त
फूलों पे है ओस की बूंद
मन करे की छू लूं आंखों को मूंद
सरसों के है फूल लहलहाते
पीले फूल बहुत हैं भाते
खुशबू है फैली पंत पंत
देखो आया ऋतु बसंत.... अनंत
मधुर मधुर कोयल की बोली
फुलवारी में तितलियों की टोली
फूल फूल भंवरे मंडराएं
मधुमक्खी मधु को ले जाए
ऋतु बसंत का दृश्य है हन्त
देखो आया ऋतु बसंत .....अनंत
टिम टिम टिम टिम तारे करते
चम चम करते जुगनू चलते
ऋतु बसंत की रात पूर्णिमा
सुबह सूर्य की रश्मि अरुणिमा
इस प्रदीप्ति का न हो अन्त
देखो आया ऋतु बसंत......अनंत

**नन्द किशोर मौर्या**
**सीतापुर, उत्तरप्रदेश**



## सदा न बसंत होय

सदा न संग सहेलियाँ,
सदा न राजा देश।
सदा न जुग में जीवणा,
सदा न काला केश।
सदा न फूलै केतकी,
सदा न सावन होय।
सदा न विपदा रह सके,
सदा न सुख भी होय।
सदा न मौज बसन्त री,
सदा न ग्रीष्म भाण।
सदा न जोवन थिर रहे,
सदा न संपत माण।
सदा न काहू की रही,
गल प्रीतम की बाहं।
ढलते ढलते ढल गई,
तरवर की सी छाँह।

**आरती अक्षरा**



**झुकना भी वही चाहिए ,**
**जहा से उठाये जाने की उम्मीद हो**
**वरना लोग गिरा हुआ समझ लेते है**

# तुलसीसदन प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करते हुये और सुरक्षित यात्रा करें-परिवहन आयुक्त





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी, प्रदेश संयोजक अशोक कुमार पाठक, प्रवक्ता गौरव मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र 'सेनानी', उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन दिलीप कुमार गुप्ता, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन बी0के0 सिंह सहित विक्रान्त सिंह, विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी व स्कूल के छात्र-छात्रायें, अध्यापकगण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम 03 फरवरी को वृन्दावन से शुभारम्भ होकर आज जनपद प्रतापगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन तुलसीसदन में किया गया, यह कार्यक्रम विभिन्न जनपदों में आयोजित करते हुये जनपद मुरादाबाद में दिनांक 14 फरवरी को समापन होगा।

कार्यक्रम में साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में संस्कार ग्लोबल स्कूल, साकेत गर्ल्स डिग्री कालेज, एल0जी एकेडमी चिलबिला, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, एमडीपीजी कालेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परिवहन आयुक्त को अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी द्वारा परिवहन आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को भागवत् गीता की पुस्तक भेंट की गयी। इस दौरान अतिथियों द्वारा गुड्स सेमेरिटन (नेक आदमी) क्रमशः श्रवण कुमार, उमेश सिंह, राधेश्याम एवं शारदा प्रसाद बिन्द को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का जो आयोजन किया गया है इससे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े और अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें जिससे दुर्घटनायें कम हो। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में ट्रामा सेन्टर को सक्रिय किये जाने हेतु कार्य किये जा रहे है जिससे आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को सही समय पर समुचित ईलाज दिलाया जा सके। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकन करने की कार्यवाही की जा रही है, गाड़ियों के 10 फिटनेस सेन्टर बनाये जायेगें जहां पर गाड़ियों की जांच आसानी से करायी जा सके। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता के सम्बन्ध में उच्च, प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, उच्च शिक्षा के विद्यालय में धनराशि मुहैया करायी गयी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जो रोड सेफ्टी की समिति बनी है उनमें 5-5 लाख रूपये दिये गये है जिससे जो छोटे-मोटे ब्लैक स्पॉट होते है जिनकी वजह से सड़क दुर्घटनायें होती है अगर किसी विभाग के पास धनराशि नही है तो इस धनराशि का उपयोग छोटे-मोटे ब्लैक स्पॉट कार्य के लिये कर सकते है। उन्होने कहा कि शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे वे देश और राष्ट्र का विकास कर सके। उन्होने जनसामान्य से कहा है कि यातायात के नियमों का सदैव पालन करें तथा सुरक्षा यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाये, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाये, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, गलत दिशा में वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलायें तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहें।

इस अवसर पर भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी, प्रदेश संयोजक अशोक कुमार पाठक, प्रवक्ता गौरव मिश्रा ने भागवत् गीता एवं सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान परिवहन आयुक्त ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

# जनता की सुरक्षा व सम्मान ही पुलिस का कर्तव्य - पुलिस अधीक्षक

## पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** लोगों की सुरक्षा व सम्मान कायम रखना पुलिस का कर्तव्य पुलिस अधीक्षक ने किया अजगरा रानीगंज पुलिस चौकी का उद्घाटन। स्थानीय थाना लीलापुर अंर्तगत लखनऊ वाराणसी हाइवे पर स्थित रानीगंज अजगरा बाजार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस चौकी का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस पुलिस चौकी बन जाने से क्षेत्र में जहां अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण होगा वहीं क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा व न्याय मिलना आसान होगा आप लोगों को पुलिस कार्रवाई के दूर नहीं जाना होगा आगे पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि अपराध मुक्त करने के लिए ही जगह जगह पर पुलिस चौकी व पुलिस बूथ का निर्माण किया जा रहा है जिससे लोगों के सम्मान व सुरक्षा के लिए सहुलियत हो सकें अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय कुमार राय ने कहा कि अपराधी अपराध की दुनिया छोड़कर सराफत की दुनिया में आ जाए नहीं तो अपराधियों का स्थान केवल सलाखों में ही है पुलिस उपाधीक्षक लालगंज रामसूरत सोनकर ने कहा कि इस पुलिस चौकी बन जाने से अपराधियों के हौसले पस्त रहेंगे किसी भी स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस तत्काल पहुंच जाएगी ब्लाक प्रमुख पति वरिष्ठ भाजपा नेता डाक्टर राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल जी जब से जनपद में आए हैं अपराधियों के हौसले पस्त हो गये है लोगों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सदैव तत्पर है और अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए जगह जगह थाना पुलिस चौकी व पुलिस बूथ का निर्माण करके जनपद को अपराध मुक्त जनपद बना रहे हैं लीलापुर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया कार्यक्रम का संयोजन चौकी इंचार्ज गणेश दत्त पटेल ने किया लीलापुर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों व जनमानस का स्वागत किया इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मणपुर गणेश प्रताप सिंह उर्फ काशी सिंह,सीबी सिंह ग्राम प्रधान तूफान सिंह,मनोज सिंह, मोहम्मद असलम,हैदर अली, ग्राम प्रधान अजय तिवारी सन्तोष तिवारी एडवोकेट, दिलीप कुमार तिवारी, रितेश तिवारी, उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव कांस्टेबल हरेंद्र सिंह जाट अजय कुमार यादव महिला आरक्षी आरती यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे

## ए बी पी एस स्कूल एंड कालेज मे धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बीरापुर ।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के विकासखंड गौरा अंतर्गत ए बी पी एस स्कूल एंड कालेज कैलीडीह में धूम धाम से 13हवाव वार्षिकोत्सव मनाया गया । विशिष्ठ अतिथि मशहुद अहमद ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया । शालिनी सिंह और तृप्ति मौर्य ने सरस्वती बंदना से लोगो का मन मुग्ध कर लिया । वही स्कूल के छोटे बच्चियों के सामूहिक डांस देश मेरा रंगीला गाने पर दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया । मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा ने बताया कि शिक्षा द्वारा समाज देश की तरक्की संभव है । शिक्षा की अलौकिक पुंज से लोग ऊंचाई तक पहुंच कर समाज देश की तरक्की मे योगदान दे सकते हैं । कार्यक्रम का संचालन मोइन खान/उमा शंकर यादव ने किया और अध्यक्षता रमा शंकर दूबे ने किया वहीं कार्यक्रम मे डा रवि जायसवाल सूरज तिवारी लालबहादुर यादव लकी गौतम सहित अध्यापक ,अभिभावक, क्षेत्र के संभ्रांत लोग और छात्र एवं छात्राएं व क्षेत्र के पवन मिश्रा बनकटा एडवोकेट, श्रीकांत यादव अनिल यादव अरविंद यादव अरुण तिवारी सूर्य प्रकाश मिश्रा ए सहित लोग उपस्थित रहे । ए बी पी एस स्कूल एंड कालेज के प्रबंधक बृजेश यादव ने कार्यक्रम मे आए समस्त लोगो का आभार व्यक्त किया ।

# जामताली में गाजे बाजे के साथ निकाली गई मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीरापुर प्रतापगढ़-**रानीगंज तहसील क्षेत्र के सराय शेर खा गांव निवासी पंडित तीर्थराज शुक्ल के अथक प्रयास के बाद कमलेश्वर नाथ धाम रामघाट जामताली में मां भगवती आर्या देवी मां दुर्गा के भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर में मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शुक्रवार को बेदी पूजन जलाधिवास एवं फलाधिवास और शनिवार को अन्नाधिवास एवं सैय्याधिवास और रविवार को दुर्गा मैया की गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कमलेश्वर नाथ धाम जामताली से होते हुए शक्तिपीठ मां बाराही देवी धाम पहुंची और वहां पर विधिवत पूजन अर्चन के बाद शोभायात्रा सराय शेर खा गांव स्थित प्राचीन मरी माई धाम पर पहुंची। और वहां पर विधिवत पूजन अर्चन किया गया। उसके बाद वहां से शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ भक्तगण नाचते गाते जामताली बाजार पहुंचे तो भक्ति भावना हिलोरे लेने लगी। और मां दुर्गा



के जयकारे से जामताली क्षेत्र गूंज उठा। और शोभायात्रा कमलेश्वर नाथ धाम पहुंची। और वहां पर कुल पुरोहित पंडित रामानंद ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराकर मां दुर्गा के प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया गया। और इस उपलक्ष में शाम को भव्य जगराता कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण कर और भक्ति रस वर्षा में गोता लगाकर धन्य हो उठे। इस दौरान कुल पुरोहित पंडित रामानंद ओझा ने कहा कि क्षेत्र में मंदिर का निर्माण होने और पूजन अर्चन से जन कल्याण होता है। और ऐसे आयोजन से धर्म के साथ आस्था प्रगाढ होती है।और ईश्वर की जब असीम अनुकंपा होती है तभी ऐसा शुभ कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य यजमान पंडित तीर्थराज शुक्ल, प्रेमा शुक्ल, राजेश्वर प्रसाद दुबे, महेश शुक्ल, उमेश शुक्ल, जय कुमार दुबे, योगेंद्र दुबे, शिवकुमार जनार्दन पांडेय, राजू दुबे, पोनी दुबे, शोले दुबे, बबलू दुबे,अजय तिवारी, करमचंद उमरवैश्य, पंडित पाल, नर नारी भक्तगण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धूम-धाम संग मना गालम शहीद बाबा का उर्स

**दिलीपपुर-प्रतापगढ़** स्थानीय बाजार स्थित बाबा अधार सिंह की मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गालम शहीद बाबा का उर्स धूम-धाम के साथ मनाया गया। लंगर का कार्यक्रम अपराह्न में शुरू हुआ और देर शाम तक चलता रहा। लंगर में सैकड़ों लोगों ने सिन्नी ग्रहण किया। रात्रि में जवाबी क़व्वाली का भी कार्यक्रम हुआ। मुन्ना दिलशाद भदोही एवं अयोध्या से आए रिजवान चिश्ती के बीच जवाबी क़व्वाली का श्रोताओं ने भरपूर आनन्द लिया। इस मौके पर करीम बाबा, शकील अहमद, शादाब अहमद, अरमान अहमद,ननके, पप्पू टेन्ट हाऊस समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री कर रहे निरंतर प्रयास- धीरज ओझा

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के आयोजकत्व में रानीगंज विधानसभा के शिवगढ़ ब्लाक में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष वंदना त्रिपाठी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा व ब्लाक प्रमुख सत्यम ओझा मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है, जो सामाजिक कार्यों से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं साथ ही सरकार महिलाओ



के सस्शशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर कर रही है।इस कानून की ताकत से समाज तक हर स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं की प्रत्येक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सत्यम ओझा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित होने से महिलाओं की भी देश की तरक्की में हिस्सेदारी होगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश अनवरत प्रगति कर रहा है। हमें गर्व है कि देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष वंदना त्रिपाठी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश में एक नए युग की शुरुआत बताया है। अन्त में सभी आगंतुको व अतिथियों के प्रति भाजपा की मण्डल अध्यक्ष वंदना त्रिपाठी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रानीगंज के संयोजक युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मिश्र,मण्डल मंत्री माया त्रिपाठी,गौरा ब्लॉक की महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा पाण्डेय, मण्डल महामंत्री विवेक शर्मा, स्वयं सहायता समूह की महिलाये व महिला मोर्चा की टीम उपस्थित रही।

# टप्पे बाज का शिकार हुआ मुंबई से कमाकर लौटा युवक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़** मांधाता थाना क्षेत्र निवासी सलमान उम्र 25 वर्ष पुत्र मोहम्मद अली रविवार को मुंबई से कमाकर साकेत एक्सप्रेस से अपने घर के लिए आ रहा था। प्रतापगढ़ स्टेशन पर उतरने के बाद युवक गाजी चौराहे पर पहुंचा ही था कि गाजी चौराहे पर बाइक लेकर युवक व युवती खड़े थे। युवती ने युवक को पहचानने की बात कह कर बाइक पर बैठाकर तीनों मांधाता के लिए रवाना हो गए। रास्ते में युवक तथा युवती ने सलमान को बताया कि हम हैंसी मांधाता के रहने वाले हैं। जैसे ही बाइक सवार कटरा मेदनी गंज चौराहे पर पहुंचा उसने पुलिस चौकी से 10 कदम पहले तीन सवारी का हवाला देते हुए युवक को उतार दिया और बाइक सहित बैंग को लेकर मांधाता की तरफ फरार हो गए। अपने को ठगा देख युवक ने हल्ला गुहार मचाया ।मौके पर रहे लोगों ने बाइक सवार का बोलेरो से पीछा किया लेकिन युवक का कहीं कोई पता नहीं चल सका। थक हार कर युवक ने ठगी का एहसास होने के बाद स्थानीय पुलिस चौकी से शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज शाम को निकालकर टप्पे बाज युवक युवती की जांच पड़ताल करने की बात कही है।

# न्यू एंजिल्स में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स कटरा रोड में रविवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा में 142 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस केन्द्र पर कुल 480 परीक्षार्थी आबंटित थे। लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए जिले में 35 केंद्रों के लिए कुल 15161 परीक्षार्थी आबंटित किए गए थे।विद्यालय की प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने बताया कि न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटरा रोड स्थित केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा सम्पन्न हुई। इस केन्द्र के लिए कुल 480 छात्र छात्राएं आबंटित थे। प्रधानाचार्य बी के सोनी केन्द्र व्यवस्थापक जबकि राज्य कर पदाधिकारी सुशील कुमार बतौर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त थे। आयोग ने गवर्नमेंट हाई स्कूल के सरोज कुमार



यादव को सह केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किया था। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए न्यू एन्जिल्स से 23 कक्ष निरीक्षक जबकि 17 बाह्य कक्ष निरीक्षक और 5 सहायक नियुक्त थे।उन्होंने बताया कि विद्यालय गेट 8.30 बजे खुल गया था। पूरी चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थी केन्द्र के भीतर दाखिल हो सके। परीक्षार्थियों की घड़ी और मोबाइल परीक्षा सहायकों के पास रखवा दिया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 339 परीक्षार्थी उपस्थित जबकि 141 अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली की परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या में एक और इजाफा हो गया, यानी यह संख्या 142 हो गई थी। परीक्षा शांतिपूर्वक और सकुशल संपन्न होने पर प्रबन्धक डॉ. शाहिदा ने विद्यालय के समस्त स्टॉफ और बाह्य कक्ष निरीक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# माता पार्वती जी को भगवान शिव जी ने सुनाई थी अमर कथा -भास्कराचार्य

**कोहंडौर प्रतापगढ़ -** नगर पंचायत कोहंडौर के बरौली गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है । कथा के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पंडित भास्कराचार्य द्विवेदी जी महाराज जी के अमृतवाणी से श्रीमद्



भागवत कथा में श्री व्यास ने बताया कि भगवान शंकर जी ने सती को अमर कथा को सुनाया था। कथा में श्री व्यास जी ने बताया कि जहां भी सुंदर कार्य होता है वहां के आस पास के सभी छेत्र भक्ति मय हो जाता है। धन्य हैं बरौली गांव निवासी श्री सुरेश नारायण मिश्रा जी और उनकी धर्मपत्नी चम्पा देवी जो सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा करा रहे हैं। साथ ही कार्यक्रम आयोजक उनके दोनों पुत्र राज कुमार, ज्ञानेंद्र मिश्रा मुख्य यजमान सुरेश नारायण मिश्रा, लालता प्रसाद मिश्रा रमेश, रामजी, लक्ष्मीकांत मिश्रा अंकुश अंकुर वंश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# अस्पताल में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज,प्रतापगढ़-** कोतवाली क्षेत्र के भटनी गांव में शनिवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चोरी की घटना से हड़कम्प मच गया। रविवार को सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने देखा कि अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर बैटरी इनवर्टर तथा अन्य सामान चोरी कर ले गये। घटना के बावत डॉ0 धनजय सिंह ने पुलिस को तहरीर दी हैं । प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना हैं कि तहरीर मिली जांच कर केस दर्ज किया जायेगा।

# भयहरण नाथ धाम में मंदिर व मेला व्यवस्था समितियों की बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में आगामी 6 से 9 मार्च तक होने वाले परम्परागत महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि मेला में सुव्यवस्था हेतु उप जिलाधिकारी सदर के निर्देश पर गठित मेला व मंदिरों उपसमितियो को जिम्मेदारी दी गई । तय हुआ की बिना आई कार्ड के कार्यकर्ता जिम्मेदारी नहीं निभायेंगे .मेला क्षेत्र मे मेला व्यवस्था राजस्व विभाग द्वारा बने नक्शे पर होगा । धाम के उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक का संयोजन महासचिव समाज शेखर ने किया । प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी गणो तथा मंदिरों व मेला व्यवस्था उपसमितियो के सदस्यों ने सभी व्यवस्था पर चर्चा करके अपनी कार्य योजना को अंतिम रूप दिया । तय हुआ की सभी के सहयोग और भागीदारी से धाम में होने वाले 24 वें महाकाल महोत्सव को सरकार व समाज की भागीदारी से वृहद स्वरूप निरंतर दिया जायेगा। तय हुआ की सभी मंदिरों के पुजारी व व्यवस्थापको से भी चर्चा करके साफ सफाई आदि की व्यवस्था तय की जायेगी। मंदिर व्यवस्था समिति के संयोजक पुजारी भोला नाथ तिवारी व उप संयोजक माहेश्वरी पांडेय व सचिव सचिदानन्द पांडेय सहित 15 सदस्यीय दल तथा मंदिर व्यवस्था समिति के संयोजक पूर्व प्रधान कमला कांत मिश्र उप संयोजक बुद्धि प्रकाश द्विवेदी सहित 15 सदस्यीय दल द्वारा प्रबंध समिति व पुलिस व प्रशासन की देखरेख में होगी . चौकी इंचार्ज धनश्याम पटेल द्वारा महासचिव समाज शेखर के साथ साइकिल स्टैंड, पार्किंग, मेला व्यवस्था, दर्शन व्यवस्था आदि पर चर्चा की . कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र सहित समिति के साथ जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में उपाध्यक्ष बित्त एवं लेखा राजीव नयन मिश्र , कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह , सचिव संगठन राज किशोर मिश्र , प्रबंध समिति धीरेन्द्र शुक्ल , मनी राम पटेल , सुरेन्द्र सिंह , राहुल गौतम , आनन्द कुमार , विद्या सागर , शिव गोविन्द , अक्षय कुमार , शिवमूर्ति मिश्र आदि सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# परीक्षा में डिवाइस चिप के साथ धराया मुन्ना भाई, केस



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज,प्रतापगढ़**-रविवार को लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षाधिकारी व सहायक समीक्षाधिकारी की परीक्षा में डिवाइस चिप के साथ मुन्ना भाई रंगे हाथ पकड़े गये तो परीक्षा केन्द्र के साथ जिले भर में हड़कम्प मच गया। आरओ तथा एआरओ की परीक्षा को लेकर हालाकि परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस का सुबह से ही कड़ा पहरा देखा गया। लालगंज नगर के राम अजोर मिश्र इंटर कालेज में परीक्षा की सुबह की पाली में कक्ष संख्या तेरह में एक नकलची कक्ष निरीक्षकों की ही नजर चढ़ गया। कक्ष निरीक्षक अनिमेश शुक्ला तथा अनीता को एक परीक्षार्थी का हाव - भाव संदिग्ध दिखा। तलाशी लिया तो परीक्षार्थी कांन में तथा बनियान में डिवाइस चिप के साथ पकड़ा गया। मुन्ना भाई के धरे जाने की जानकारी होते ही परीक्षा केन्द्र पर हड़कम्प मच गया। सूचना पर लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित भी फोर्स के साथ पहुंचे और परीक्षार्थी को फौरन पुलिस हिरासत में ले लिया। जानकारी मिलते ही तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिह भी परीक्षा केन्द्र पहुंच गये। नकल करते कक्ष निरीक्षकों के हत्थें चढ़ा नकलची पट्टी तहसील के पट्टी बसेहरा निवासी सुभाष चन्द्र पटेल का पुत्र प्रवीण कुमार पटेल डिवाइस को बनियान में लगाकर कांन में चिप से प्रश्नों को हल कर रहा था। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार के खिलाफ परीक्षा में अनुचित सांधन के प्रयोग तथा जालसाजी का केस दर्ज किया है। वही परीक्षा के दौरान नकल करते परीक्षार्थी की धर पकड़ की जानकारी जिले भर में जगल में आग की तरह फैल गयी। नगर में रविवार को चार परीक्षा केन्द्रों पर आरओ की परीक्षा हो रही थी। इनमें बहुगुणा पीजी कालेज तथा सारस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व आइन्सटीन पब्लिक स्कूल एव राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज शामिल थे। सुबह से परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों व अभिभावकों की भारी भीड़ जमा होने लगी। पुलिस ने भीड़ को दूर जाने के निर्देश देते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस पास की सभी दुकानें भी बंद करा दी। इसके बावजूद आखिर एक मुन्ना भाई रंगे हाथ धर ही लिया गया। इसके अलावा परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा को लेकर भीड़ के चलते रविवार को अवकाश के दिन भी नेशनल हाइवे पर यातायात व्यवस्था कई बार चरमरा भी हो उठी।

## आखिर कौन था साल्वर...........

लालगंज,प्रतापगढ़- आरओ तथा एआरओं की परीक्षा में नकलची की धर पकड़ अब पुलिस के लिए जांच मे एक और फांस दे गयी है। डिवाइस के साथ चिप से नकल करते आरोपी धरा गया। अब यह सवाल भी पुलिस के लिए सिर दर्दी का है कि आखिर साल्वर कौन था और कौन सा रैकेट इस परीक्षा की सुचिता भेंदने में काम कर रहा था। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस के साथ अंतिरिक उड़ाका दल भी एक एक परीक्षार्थी की संघन तलाशी में मशक्त करते देखा गया। फिर भी एक परीक्षार्थी का डिवाइस के साथ केन्द्र में पहुंच जाना नकल माफियाओं के दुस्साहस का भी इस परीक्षा में भी दखल चर्चा का विषय बना हुआ है।

## हत्या में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार भेजा गया जेल

**पट्टी।** थाना के उडैयाडीह चौराहा पर टैम्पों चालक को आरोपीगणों ने मारपीट कर घायल कर देने व इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के प्रकरण में एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रमाशंकर सिंह निवासी ग्राम भदेवरा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उडैयाडीह मार्ग पर परमी पट्टी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

## महिला एसओ नीता तिवारी रही भ्रमणशील

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़** महिला एसओ नीता तिवारी सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान कुंडा कस्बे में पूरी तरह सक्रिय रहीं,इस दौरान सामूहिक विवाह स्थल से लेकर सड़क , व सामूहिक विवाह परिसर में पूरी तरह से सक्रिय रहकर टप्पेबाजों पर निगाह जमाए रहीं।

# डीएम व एसपी ने किया समीक्षा अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षक



**चित्रकूटः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को जनपद में संचालित हो रही समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराने को लेकर परीक्षा केन्द्र सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेडीपुलिया, बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी एवं चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरा परीक्षा के दौरान लगातार संचालित रहे और डीबीआर का बैकअप भी लेते रहे। उन्होंने कहा कि जनपद में 10 केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। जिसमें 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस फोर्स एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने परीक्षा में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम आप सब का दायित्व है। अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात राजकमल, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ चित्रकूट का जिला निर्वाचन हुआ सम्पन्न

## विजय पाण्डेय अध्यक्ष व मिथलेश यादव बने महामंत्री



**चित्रकूटः** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद का निर्वाचन अधिवेशन भरतकूप मंदिर के हाल में हुआ। जिसमे पर्यवेक्षक शैलेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष बांदा व ओमप्रकाश दीक्षित संयोजक महोबा रहे। साथ ही निर्वाचन मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी व मांडलिक मंत्री सुरेश दुवेदी व जिला संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा के संरक्षण में संपन्न हुआ।

निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्वान्ह 10:30 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में भरतकूप के महंत लवकुश दास उपस्थित रहे। निर्वाचन में अध्यक्ष, महामंत्री व जिला कोषाध्यक्ष पद पर एक-एक ही नामांकन प्राप्त हुए। जिसके क्रम में तीनों नामांकन पत्र सही पाए गए। जिसके आधार पर तीसरी बार निर्विरोध विजय कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष, मिथलेश कुमार यादव जिला महामंत्री व विनय कुमार पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। साथ ही सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ पर्यवेक्षक द्वारा दिलाई गई।

इस मौके पर निर्वाचन में ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट संजीव श्रीवास्तव, मंत्री प्रेम चंद्र शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर नारायण पाण्डेय, मंत्री राघवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर शंकर दयाल सिंह, मंत्री खेमराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ शिवबाबू शुक्ला, मंत्री रामशंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पहाडी ब्रम्हादीन मिश्रा, मंत्री लवलेश मिश्रा, पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी राधेश्याम सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, गौरव सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, नीलाभ गुप्ता, वंदना वर्मा, राहुल पाठक, रजनीश, बद्री नारायण दीक्षित, विनोद कुमार मिश्रा, शशिभूषण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मूरत ध्वज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# ब्रम्हलीन महंत सालिकराम की पुण्यतिथि पर किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन



**चित्रकूटः** नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति ने ब्रम्हलीन महंत सालिकराम की पुण्यतिथि से मनाई गई।

नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर खोही समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव व प्रबंधक राकेश नामदेव पूर्व क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुन्देलखण्ड भाजपा पिछडा मोर्चा ने बताया कि नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला के ब्रम्हलीन महंत सालिकराम महराज करीब सोलह वर्ष की आयु में घर परिवार छोडकर चित्रकूट स्थित नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में रहने लगे व संत जीवन धारण किया। उन्होंने अपने जीवन काल में धर्मशाला का रखरखाव व कमरे का निर्माण भी कराया। साथ ही करीब 96 वर्ष की आयु में 22 जनवरी 2024 को ब्रम्हलीन हो गये। जिनका संत समाज के अनुसार नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति चित्रकूट के संरक्षक डॉ हरीशंकर नामदेव, प्रबंधक राकेश नामदेव, अध्यक्ष अशोक नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार नामदेव, कुलदीप नामदेव के सहयोग से हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।

साथ ही संत समाज के अनुसार माघ माह की अमावस्या पर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए हवन पूजन के बाद कन्याओं तथा संत समाज को भोजन कराया गया। इसके बाद भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निमाड़ मालवा नामदेव समिति की और से संरक्षक संतोष मंडवाल, राजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक शिवशंकर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र नामदेव, कीरतराम नामदेव, नारी शक्ति एडवोकेट उर्मिला नामदेव, बैजनाथ नामदेव, नारेन्द सिंह नामदेव आदि सहयोग से विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गांव चलो अभियान के अंतर्गत संगठन की मजबूती को किया सम्पर्क



**रानीगंज प्रतापगढ़** गांव चलो अभियान केअंतर्गत बूथ नं.232 एवं233ग्राम बरहदा में शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रवास करते हुए मा.शिव प्रकाश मिश्रा सेनानीजी ,एडवोकेट सुप्रीमकोर्ट, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,भाजपा।इस दौरान मा.जी ने बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, व्हाट्सएप ग्रुप का निरीक्षण एवं नमो एप,सरल एप जैसे संगठन के मुख्य कार्य किया।आंगनबाड़ी, आशाबहू, समूह सखी,किसान बंधुओ, व्यापारीगण,वरिष्ठ प्रबुद्धजन, विचार परिवार, सभासद, अनुसूचित वर्ग, पिछडा वर्ग, लाभार्थी जनो,पोस्टमैन,अन्य दलों के प्रमुख जन से संपर्क किया।श्रीराम जानकी मंदिर मे स्वच्छता करने के बाद कालीमाता मंदिर मे दर्शन किए। रात्री विश्राम समाज सेवी पंकज मिश्र,वरिष्ठ भाजपा नेता के आवास पर हुआ। प्रवास के समय प्रमुख सहयोगी कार्यकर्तागणों मे पंकज मिश्र, ष्ट्ज्ञमंडल महामंत्री विवेक शर्मा,एडवोकेट सूरज त्रिपाठी,सभासद अविनाश मिश्र पप्पू मिश्र ,बिपिन मिश्र, शक्तीकेंद्र प्रमुख शनी गुप्ता,बूथ अध्यक्ष,रमेश तिवारी ने संपर्क मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्रीमदभागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में उमड़े श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़-** जनपद मुख्यालय से दस किलोमीटर की दूरी पर प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मकूनपुर गाँव में अशोक मिश्र के आवास पर आयोजित कथा के प्रमुख यजमान निर्मला मिश्रा पत्नी अशोक मिश्र, प्रेमा मिश्रा पत्नी राजकिशोर मिश्र,अरविंद मिश्र की संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। शनिवार की कथा में कथाव्यास राजेश पांडेय गर्ग जी महराज ने कथा प्रसंग में सृष्टि वर्णन, बाराह कथा, हिरण्याक्ष, नरसिंह अवतार की कथा का विधिवत वर्णन कियाद्य आयोजित सुंदर कथा के बीच -बीच में कथा के दौरान प्रभु जी का बढियां संकीर्तन से पूरा पाण्डाल भक्तिमय हो उठा। दिखा। कथा कार्यक्रम में मकूनपुर हनुमान लला के स्थापक विमल चंद्र मिश्र ÷दीप÷ ने आये हुए सभी श्रद्धालुओं को टीका लगाकर सम्मान पूर्वक कथा पंडाल में बैठाते रहे द्य शनिवार को तृतीय दिवस की कथा के समापन पर कथा व्यास गर्ग जी ने चतुर्थ दिवस रविवार की कथा में प्रभु कृष्ण जन्मोत्सव पर सभी भक्तों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में भारतीय परंपरागत परिधान पहनकर कथा में आने की अपील की द्य कथा समापन पर प्रमुख यजमान अशोक मिश्र सहित सभी यजमान ने प्रभु जी की विधिवत आरती उतारी ,और प्रसाद वितरण के दौरान सभी आये हुए अपने से बड़े श्रद्धालुओं का पैर छुकर आशीर्वाद लिया, और छोटों को आशीर्वाद देते हुए सभी के प्रति आभार जताय।

सभी से कथा में नियमित पहुँचने का आग्रह किया। उक्त मौके पर उमाशंकर मिश्र, सुरेंद्र नाथ मिश्र, उमाशंकर तिवारी सरपंच, जमुना प्रसाद पांडेय पूर्व ग्रामप्रधान, प्रेमनारायन शुक्ल बब्बू भाजपा नेता, प्रदीप कुमार दुबे,कमलेश पांडेय, सूर्यकांत मिश्र ÷गोली÷ सूरज मोहन शुक्ल अधिवक्ता, सम्पूर्णानंद शुक्ल अधिवक्ता उच्च न्यायालय, अविनाश पांडेय, कार्तिकेय मिश्र ,भगवत प्रसाद दुबे, रामचरन तिवारी,अनुभव मिश्र, राहुल मिश्र, अनमोल मिश्र, अनुराग मिश्र, भानु प्रकाश दुबे, गिरिजाशंकर तिवारी, विवेक कुमार शुक्ल, दया शंकर मिश्र,श्याम शंकर मिश्र, रिंकू मिश्र, रामनाथ यादव सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे

# विधायकों के सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के साथ विधायक मोना ने किये रामलला के दर्शन-पूजन



**लालगंज,प्रतापगढ़-**अयोध्या राम नगरी में रविवार को प्रदेश के विधायकों के सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी लोकमंगल की कामना के साथ श्री रामलला के दर्शन पूजन किये। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व में सर्वदलीय विधायकों के प्रतिनिधि मंडल के साथ विधायक आराधना मिश्रा मोना ने श्रीरामलला के दर्शन कर देश तथा प्रदेश के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र के भी विकास में निरन्तरता तथा लोगों के सुख एवं समृद्धि तथा कल्याण की भी मंगल कामना की। सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में विधायक आराधना मिश्रा मोना को विधानसभा अध्यक्ष के साथ श्रीरामलला के दर्शन पूजन की जानकारी को लेकर स्थानीय लोगों में भी खुशी देखी गयी। विधायक मोना के अयोध्या में दर्शन पूजन किये जाने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञाप्ति में दी है।

# रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी की घटना का हुआ अनावरण

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध के रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय के पर्वेक्षण में एसओजी प्रभारी एम.पी त्रिपाठी ने बताया कि एसओजी एवं कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी की घटना का अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित 4 आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 23 व 24 जनवरी की रात्रि में धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी करके कार्यालय में आग लगा दी थी। जिसके सम्बन्ध में सब-रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना के खुलाशे के लिए कोतवाली कर्वी एवं एसओजी की संयुक्त टीम को निर्देशित किया।

एसओजी एवं थाना कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को विवेचना से प्रकाश में आये दीपक यादव निवासी कसहाई रोड कुंजन पुरवा, अजय यादव निवासी जनकपुरी, अरमान निवासी द्वारिकापुरी व अर्पित निषाद निवासी घुस मैदान के पास नवघाट को चोरी करने के उपकरण एवं चोरी के सामन के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि बीती 23 व 24 जनवरी की रात्रि में 7 दोस्त एक साथ रजिस्ट्री कार्यालय के पास शराब पी रहे थे। इस दौरान कार्यालय के अंदर चोरी करने की योजना बनायी।

उन लोगों ने लोहे के हथौडे का प्रयोग करके रजिस्ट्री कार्यालय की खिडकी में लगी एसी को तोडा एवं अंदर प्रवेश करके रजिस्ट्री कार्यालय के सामने के दरवाजे को तोडकर अंदर घुसे, वहां पर रखे तीन लैपटॉप को चुरा लिया। साथ ही तिजोरी का तोडने का प्रयास किया, परन्तु सफलता नहीं मिली। चोरी की घटना का दूसरा रुख देने के लिये बैनामा के कागजात में आग लगा दी। उनकी पहचान सीसीटीवी में कैद न हो इसलिए सीसीटीवी कैमरे को तोड दिया।

एसी के समान को बोरी में भरकर एवं तीनों लैपटॉप को वहां से ले जाकर आपस में बांट लिया। जिनमें से 2 लैपटॉप उनके पास है एवं 1 लैपटॉप उनके साथ चोरी में संलिप्त तीन अन्य साथियों के पास हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के सामान बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढोत्तरी की गयी। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तारी के दौरान एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी कुलदीप द्विवेदी, राहुल देव आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में युवक घायल

**लालगंज,प्रतापगढ़-**लालगंज कोतवाली के कपूरीपुर निवासी संजय कुमार (पच्चीस) रविवार की सुबह बाइक से दवा लेने लकुरी जा रहा था। पूरे वाचन के पास पहुंचा कि ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल संजय को इलाज के लिए परिजन पड़ोसी जिले रायबरेली ले गये।


## नीलामी सूचना

विज्ञप्ति कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ के पत्रांक : एस0एस0ए0/नि0का0/जर्जर भवन नीलामी/1107/2023–24 दिनांक 21.12.2023 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रतापगढ़ जनपद के विकास क्षेत्र मान्धाता के उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलाकला में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 15.02.2024 को प्रातः 11.30 बजे विद्यालय परिसर में की जानी है। निष्प्रयोज्य भवन का अवलोकन विद्यालय में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवन की नीलामी की शर्तें कार्यालय एवं विद्यालय में चस्पा है।

शिव कुमारी विश्वकर्मा, प्र0अ0 | हरिश्चद्र, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबन्ध समिति | सुरेश कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मान्धाता

पत्रांक : उ0प्रा0वि0कैलाकला दिनांक 2/2024



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1465565 अंक पत्र सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

नाम अनुराग पांडे
पिता का नाम विजय कुमार पांडे
ग्राम तरदहा पट्टी प्रतापगढ़निवासी
पुरवा खास, करछना- प्रयागराज



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में Given Name में MO ADNAN दर्ज है और पासपोर्ट के Surname खाली छोड़ दिया गया है । अतः मेरे पासपोर्ट में Given Name में MO व Surname में ADNAN करवाना चाहता है ।

मो अदनान
पुत्र मो इस्माइल
निवासी–कुरामुरीदन,
तहसील–सिराथू,
जनपद–कौशाम्बी


# सुपर लीग में रानीगंज की टीम का दिखा जलवा, पुरस्कृत




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज,प्रतापगढ़-**सगरासुन्दरपुर बाजार स्थित मैदान में सीपीएस कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर लीग मैच में आज बारेडीह लालगंज स्पोर्टिंग क्लब और रानीगंज स्पोर्टिंग क्लब के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया।जिसमें रानीगंज टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया और रानीगंज टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 4 विकेट खोकर 75 रन बनाए।जबाब में उतरी बारेडीह लालगंज की टीम ने 8 ओवर में 72 रन 5 विकेट पर ही सिमट गई।इसरार और अनिल की आक्रामक गेंदबाज़ी से रानीगंज ने 3 रन से विजयी लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। लिलहा रानीगंज टीम की ओर से जाबिर ने शानदार 18 रन और शानदार 2 विकेट झटककर इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच आयोजन समिति की ओर से अफजल खान ने पुरस्कृत किया। इस दौरान पूर्व बीडीसी मुकादम खान,जामिद खान,शिव शंकर शुक्ल, सोनू तिवारी, राजेन्द्र कुमार,राज कुमार तिवारी, रईस खान आदि रहे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में लड़कियों ने मारी बाजी



**बीरापुर प्रतापगढ़-** रानीगंज तहसील क्षेत्र के विकासखंड शिवगढ़ के जगदीशपुर बीरापुर ज्ञानोदय विद्या मंदिर में प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें लड़कियों ने मारी बाजी ! प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञानोदय विद्या मंदिर जगदीशपुर बीरापुर में प्रत्येक वर्ष सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भीज्ञानोदय विद्या मंदिर हाई स्कूल जगदीशपुर में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 10 से अंजली यादव, अंतिमा पाल,द्वितीय स्थान जान्हवी सिंह, चांदनी यादव, ने बराबर बराबर अंक प्राप्त करके पुरस्कार प्राप्त किया तृतीय स्थान पर राजकुमार गुप्ता कक्षा 8 से रहे। शेष सांत्वना पुरस्कार अंसिका शुक्ला, नेहा यादव, रिया दुबे, मौसम गुप्ता, श्रेया सरोज, ऋतुराज मिश्रा, सबरीन बानो, आनंद चौरसिया, जागृति, आंचल पाल आदि छात्राओं को प्रदान किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र की गणमान्य लोग मौजूद रहे

# पानी में डूबने से डेढ़ वर्षीय शिशु की मौत

**बीरापुर प्रतापगढ़-**फतनपुर थाना क्षेत्र के गरापुर निवासी निशांत पांडे का डेढ़ वर्षीय पुत्र कान्हा इंडियामार्का टू हैंड पंप नल के बगल मैं अपने बाबा हरिशचंद्र पांडे के साथ खेल रहा था अभी हरिश्चंद्र पांडे ने सोचा कि बगल में बोई हुई बरसींन पशु के लिए काट लें बाबा बरसीन काटने गए बच्चा खेल रहा था खेलते खेलते नल के बगलमे बने गड्ढे( सोख्ता) मे जा पहुंचा जब तक परिजन जान पाते उसकी मौत हो चुकी थी घटनाआज सुबह लगभग 8ः00 की है इस घटना से दादा दादी मां का रो-रोकर बुरा हाल है गांव में शोक का माहौल व्याप्त


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# ओबीसी डाक कर्मी से सांसद ने फोन पर किया अभद्र शब्दों का प्रयोग, ऑडियो वायरल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** देश में जब जाति को लेकर राजनीति गरमाई है। सदन में पीएम अपने को सबसे बड़ा ओबीसी बता रहे हैं। ठीक उस समय उनकी पार्टी की लोकसभा सदस्य मेनका गांधी का एक ऑडियो सुल्तानपुर में वायरल हुआ है। जिसमें वे डाकघर के एक ओबीसी कर्मी के लिए अभद्र टिप्पणी का प्रयोग कर रही हैं। ऑडियो वायरल होते ही राजनैतिक गलियारे में हलचल तेज हो गई है। दरअस्ल ये मामला शुरू होता है कादीपुर सब डाकघर से। यहां के कर्मचारी रामानंद वर्मा पर डाक टिकट ब्लैक का आरोप लगाते हुए सांसद ने फोन पर उनकी जमकर क्लॉस लगा दिया। सांसद ने ना सिर्फ डाक कर्मी को जेल भेजने की धमकी दी बल्कि सस्पेंशन की बात भी कही। यही नहीं बल्कि सांसद ने अभद्र शब्दों का प्रयोग भी डाक कर्मी के लिए किया। ऑडियो सामने आते ही कांग्रेस आक्रमक मुद्रा में आ गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी द्वारा कादीपुर पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी रामानंद वर्मा से बहुत ही अभद्र भाषा में बात की गई है। सांसद की भाषा पिछड़े वर्ग के कर्मचारी के लिए बहुत ही अभद्र, अमर्यादित है, ऐसी भाषा उनको भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से सीख में मिली है। यह घटना पहली नहीं है,ऐसी सैकड़ों घटना हमारे सामने आ चुकी हैं। जिसमें भाजपा के नेता मंत्री सत्ता के अहंकार में पिछड़े, दलित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों के लिए गाली गलौज का प्रयोग करते हैं।

अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा ओबीसी मोर्चा सुल्तानपुर पर भी हमलावर हुए हैं। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी वर्मा ने पीएम को अति दलित कहा था। इस पर राणा ने कहा कि दो-तीन पहले हमारे नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के ओबीसी होने की असलियत बयां की थी। जिसके विरोध में सुल्तानपुर भाजपा की पिछड़ा इकाई ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर जघन्य पाप किया और भाजपा के डॉ. रामजी गुप्ता ने बताया कि मोदी अतिदलित जाति से हैं। रामजी गुप्ता की बात से तय हो जाता है कि भाजपा के लोग मोदी की सही जाति को लेकर खुद शंका में हैं। वही कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने मेनका गांधी की वायरल ऑडियो पर टिप्पणी देते हुए कहा है कि यही बीजेपी नेताओं का अहंकारी संस्कार है। ये सीधे-सीधे पिछड़ी जाति का अपमान है। प्रधानमंत्री सिर्फ़ झूठे सम्मान की बात करते हैं। एक सांसद का इस तरह का बयान अत्यंत दुखद है। कांग्रेस पार्टी इस बयान की घोर निंदा करती है। हालांकि वायरल ऑडियो पर सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस इसे राजनीतिक रूप दे रही है। सच्चाई ये है कि डाक कर्मी टिकट ब्लैक कर रहा था। सांसद को शिकायत मिली तो उन्होंने डाटा। जिसके पांच मिनट बाद ही डाक घर कादीपुर पर टिकट मुहैया हो गया।

# जिले के आठ खिलाड़ी दिखाएंगे मुक्के का दम



**सुलतानपुर।** गाजियाबाद में होने जा रही प्रदेश स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के लिए जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। विभिन्न भार वर्ग में चयनित ये खिलाड़ी गाजियाबाद में अपना दम दिखाएंगे।

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग सब जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक महामाया स्टेडियम गाजियाबाद मे आयोजित हो रहा है। जिले से आठ खिलाडी राज्य स्तर पर चयनित हुए है। सब जूनियर बालक भार वर्ग में 33 से 35 किग्रा में सिद्धार्थ सिंह, 37 से 40 किग्रा में रमन राव, 40 से 43 में निखिल यादव, 43 से 46 किग्रा में सार्थक शर्मा, 52 से 55 में नैतिक विक्रम सिंह, 55 से 58 शनि गौतम, 58-61 किग्रा में दीपक वर्मा व 70 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग में अभय शुक्ला का चयन हुआ है। बॉक्सिंग टीम मैनेजर सुभेंद्र सिंह यादव व टीम कोच विजय यादव की अगुआई में जिले के आठ खिलाड़ी गाजियाबाद पहुंच गए हैं। उनके चयन पर जिला क्रीड़ाधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान, जिला ओलंपिक संघ के सचिव वेद प्रकाश उपाध्याय चौंपियन, मुनेन्द्र मिश्र, रामेंद्र सिंह राना, जगन्नाथ वर्मा आदि ने बधाई दी है।

# शिक्षा मित्र संगठन द्वारा दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार को सौंपी गयी आर्थिक सहयोग राशि



**सुलतानपुर।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन अखण्ड नगर सुलतानपुर के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संगठन के संरक्षक के.सी. मिश्रा व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी व संरक्षक शैलेन्द्र सिंह प्रा.शिक्षक संघ के अध्यक्ष बिजय प्रताप यादव, मंत्री विनोद शर्मा,जूनियर शिक्षक के मूल चन्द्र त्रिपाठी सहित उपस्थिति लोगो ने मृतक के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रध्दांजलि अर्पित की। तथा आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एशोसिएशन के माध्यम से शिक्षको व शिक्षामित्र से एकत्रित की गयी *156000/(एक लाख छप्पन हजार)* धनराशि मृतक शारदा देवी के पति *राम बदन* को दिया गया ।संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा ने कहा कि संगठन पीड़ित परिवार की मदद आगे भी करता रहेगा।

महामंत्री प्रदीप यादव ने अन्य परिवारिक लाभ दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया । शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन पीड़ित परिवार की हमेशा मदद करता रहेगा ।विदित हो कि शारदा देवी( 50वर्ष) शि.मि. कम्पो. वि. पिपरी पट्टी वि.क्षे. अखण्डनगर जनपद-सुलतानपुर मे कार्यरत थी । जिनका विगत 18 नवंबर 2023 को लम्बी बीमारी के कारण असामयिक निधन हो गया था । वे अपने पीछे पति व तीन अविवाहित पुत्रिया छोड़ गयी है ।संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा व महामंत्री प्रदीप यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया। । इस अवसर पर केसी मिश्रा संरक्षक,अध्यक्ष अखण्ड नगर सत्यनारायण यादव,मंत्री प्रदीप कुमार, कादीपुर अध्यक्ष लक्ष्मण सिह,मंत्री पंकज सिंह,शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी,संरक्षक शैलेन्द्र सिंह,प्रा.शिक्षक संघ से बिजय प्रताप यादव , राजेश यादव संरक्षक सलाहकार,सुजीत कुमार आदि दर्जनों पदाधिकरी उपस्थित रहे।

# सजा याफ्ता कैदी की संदिग्ध अवस्था में मौत



फाइल फोटो

**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में संदिग्ध परिस्थितयों में एक सजायाफ्ता कैदी की मौत से हड़कंप मच गया है। कोतवाली नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू कर दिया है। मृतक कैदी अमेठी जिले का रहने वाला है।अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली अंतर्गत मरदानपुर निवासी तौफीक (77) की आज जेल में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। तौफीक सजा याफ्ता कैदी है। कैदी की जेल कैंपस में मौत से सनसनी फैल गई। जेल प्रशासन ने परिवार वालों को सूचना देते हुए कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पंचायतनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। जेल सुपरिटेंडेंट एके गौतम ने बताया कि मृतक तौफीक सजा याफ्ता कैदी था। उन्होंने बताया कि लंबे समय से तौफीक सांस रोग से पीड़ित चल रहा था। आज सुबह तड़के उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। वही नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

# पूर्व राज्यमंत्री के बेटे व चालक पर हमला, ड्राइवर को लगी गोली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर ।** क़ानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है। यहां अखंडनगर थानाक्षेत्र के नेमपुर घाट के पास अज्ञात हमलावरों ने पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री के बेटे व उसके चालक पर हमला बोला। गोली लगने से चालक घायल हुआ है जबकि बेटा बाल बाल बच गया है। चालक को लखनऊ रेफर किया गया है। एसओ ने बताया कि गाड़ी ओवर टेक को लेकर विवाद हुआ था।

जानकारी के अनुसार घटना अखंडनगर थानाक्षेत्र के नेमपुर घाट के पास एक दुकान के निकट की है। पूर्व राज्य मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के पुत्र अभिजीत प्रतात सिंह और उनका ड्राइवर सुदीप सिंह (24) कार से जा रहे थे।

अभी वे दोनों एक दुकान के पास पहुंचे थे कि तभी अज्ञात



हमलावर भी कार से उधर पहुंचे। गाड़ी ओवर टेक को लेकर यहां विवाद हुआ तो हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां दाग दी। जिसमें पूर्व मंत्री का पुत्र दो बाल-बाल बच गया। लेकिन उसके निजी चालक सुदीप सिंह को गोली पेट में जा लगी। तब तक हमलावर हवा में फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले।

उधर गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे एसओ रवि सिंह ने घायल ड्राइवर को सीएचसी अखंडनगर पहुंचाया।

सीएचसी में उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन यहां से भी डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया है।

सीओ कादीपुर विनय गौतम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किया है। एसओ रवि सिंह ने बताया कि ड्राइवर की स्थिति स्थिर है। अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भाजपा की गांव चलो अभियान की हुई शुरुआत

**सुल्तानपुर।** कादीपुर में भारतीय जनता पार्टी के मालापुर शक्ति केंद्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत पर गांव चलो अभियान की शुरुआत हुई। जिसमें रानीपुर कायस्थ के प्रधान अनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान की बैठक दुर्गा मन्दिर परिसर में आयोजित की गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए शक्ति केंद्र प्रभारी सुनीता बरनवाल ने सरकार की उपलब्धियों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने देश का गौरव पूरे विश्व पटल पर रखा है। आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने जनहितकारी योजनाओं को मूर्तरूप दिया है। जहां राष्ट्र को प्रथम मानते हुए सरकार शसक्त भारत के निर्माण में लगी है।राम मंदिर निर्माण, धारा 370, तीन तलाक़, गरीबों को मुफ्त राशन, पात्रों को प्रधानमंत्री आवास जैसे अनेक योजनाओं का लाभ आज आमजन को मिल रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों इसके लिए हम सबको भाजपा को वोट करना चाहिए। गांव चलो अभियान के इस कार्यक्रम में रानीपुर कायस्थ गांव में दीवारों पर भाजपा चुनाव चिन्ह कमल का फूल व नारे लिखे गए। इस अवसर पर 103 रानीपुर कायस्थ बूथ अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रहरि, सचिव सुजीत कुमार मिश्रा, बीएलए अरुण कुमार मिश्रा, मन की बात प्रमुख अनिल कुमार, व्हाट्सएप प्रमुख उदय राज, महिला प्रमुख अरुण कुमार तिवारी, युवा प्रमुख हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रमुख अनूप श्रीवास्तव शिबू, मतदाता प्रमुख अनीता श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रमुख श्यामचंद श्रीवास्तव विचार परिवार विश्व हिंदू परिषद के ठाकुर प्रसाद मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, सन्तोष श्रीवास्तव,भारत राणा, आशु श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव यज्ञनारायण मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शोभा यात्रा निकालकर मनाया श्रीश्री ठाकुर का जन्मोत्सव



**जौनपुर।** सत्संग विहार, हुसैनाबाद के तत्वावधान में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का शुभ 136 वॉ जन्मोत्सव धूमधाम से वीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में मनाया गया। जन्मोत्सव की शोभा यात्रा हजारों श्रद्धालुओं के साथ, गाजे बाजे वं भजन-कीर्तन के साथ तथा वन्दे पुरुषोत्तम के जयघोष के साथ वी0आर0पी0 इण्टर कालेज के उत्तरी गेट से निकल कर जेसीज चैराहा, ओलन्दगंज चहारसू चैराहा, होते हुए रोडवेज तिराहा की ओर से चलकर उत्सव स्थल पर समाप्त हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके उपरान्त डा. पंखुडी श्रीवास्तव के संचालन में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रीश्री ठाकुर जी ने नारी के वैष्ठिय एवं समाज, परिवार के गठन में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। दोपहर धर्म सभा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि सत्संग मनुष्य बनाने का कारखाना है। इसके माध्यम से आदर्ष माता पिता, भाई और पत्नी, बहन बनकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन पथ पर चलना चाहिएं। सभी वक्ताओं ने डीपी वर्क करने का आहवान किया। इसके तहत जो गुरूभाई दीक्षा लिये है उनसे सम्पर्क करके याजन करते हुए अन्य लोगों को भी दीक्षित कराने में अपने भूमिका का निर्वाह करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीश्री ठाकुर के बताये गये यजन, याजन और ईष्टभृत्ति का पूरा करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। इससे मनुष्य का जीवन नियंत्रित और मर्यादित रहता है तथा पारिवारिक और सामाजिक जीवन खुषहाल बनता है। वक्ताओ में शुक्लागंज उन्नाव से अरूण कुमार शुक्ला आजमगढ से कृष्ण मोहन अस्थाना, गोरखपुर से प्रकाश चन्द्र झॉ ,बनारस से टीपीराग वैद्य, प्रयागराज से डा. पंकज सिंह, देहरादून से एश बहादुर आले, लखनऊ से रामजीत शुक्ला एवं गया से आगत चिरंजन (फौजी) दादा ने श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के बहुयामी व जीवनोपयोगी व्यक्तित्व पर बृहद चर्चा किया। जन्मोत्सव पर एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैम्प उद्घाटन जौनपुर इण्यिन मेडिकल एसोसियेशन के अध्यक्ष डा. अरूण कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। संचालन काली प्रसाद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. निलेश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

# पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा गौकश पुलिस की गोली से घायल, गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** मुरादनगर पुलिस ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भाग रहे एक गौकश गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस गौकश को बागपत जिले से गिरफ्तार किया था और आज छुरे व अन्य उपकरण की बरामदगी करने के लिए जा रही थी तभी इस बदमाश ने पुलिस कर्मी की पिस्टल छीनकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की थी।डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि 22 जनवरी को थाना मुरादनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरना के जंगल में गौवंशी पशु के अवशेष पाये गये जो कि एक सनसनी खेज घटना थी। जिस घटना से आम जनता में भय का माहौल पैदा हो गया था तथा शान्ति व्यवस्था भंग होने जैसी स्थिति पैदा हो गयी थी। उक्त घटना को चुनौती के तौर पर मानते हुए 02 टीमों का गठन किया गया 10 फरवरी को शोएब उर्फ काला प निवासी मुरा बागपत से गिरफ्तार किया था। थाने लाकर पूछताछ में बताया कि अपने अन्य तीन साथियों के साथ सरना के जंगल में गौकशी की थी और छुरा भी वही छिपाया है।आज रात्रि में थाना मुरादनगर पुलिस अभियुक्त शोएब उर्फ काला को मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयोग किया गया छुरा को सरना के जंगल में छिपाए गए स्थान पर खुद की निशांदेही से छुरा की बरामदगी के लिए ले गए। बताए गए स्थान से अभियुक्त द्वारा छिपाया गया छुरा बरामद कराया तथा तुरंत बाद आरोपित ने1 पुलिस की पिस्टल को छीनकर पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए भागने का प्रयास किया गया, जिस पर थाना पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी फायरिंग की जिससे अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ है । पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को इलाज हेतु सीएचसी भेजा गया है

# गांव चलो अभियान के तहत सरकार की योजनाओं को सेक्टर पुरवा में हुआ भ्रमण




**जौनपुर।** मछ्ली शहर जौनपुर। 'गाँव चलो अभियान' के अन्तर्गत लोकसभा मछ्लीशहर के सेक्टर पुरवा में भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से भेंट कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया गया।

इस दौरान सेक्टर के बूथ अध्यक्ष भईया से भी मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली।

भाजपा सरकार स्थानीय उत्पादों को 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रही है।इस अवसर पर लोगों से मिले सुझाव और विशेषकर मातृशक्ति के चेहरों पर सरकार के कामकाज के प्रति दिखे संतुष्टि भाव से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्राप्त हुई और उनसे मिले असीम स्नेह व आशीर्वाद से मन अभिभूत हुआ।मण्डल महामंत्री राजन सिंह के द्वारा बूथ सत्यापित किया गया और प्रत्येक पन्ना प्रमुख को एक पन्ना में 60 वोटर की लिस्ट दिया गया। और हर बूथ को सत्यापित किया गया।

और उपस्थित जनों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया और पत्रक बांटा गया।इस अवसर पर मण्डल महामंत्री राजन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यप्रकाश सिंह सुबास,सेक्टर संयोजक लाल साहब सिंह,चंद्रप्रकाश सिंह, अवधेश शंकर सिंह, उर्मिला देवी, विद्या देवी, धन कुमारी, शारदा सरोज आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम ड्राइवर संघ के अध्यक्ष पद पर शेखर जीवन और महामंत्री पद पर उदय सिंह रहुए विजय



**अलीगढ़-** नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों ने नवागत अध्यक्ष व महामंत्री को दी शुभकामनाएं-नगर निगम हित में शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने व पूर्ण निष्ठा से दायित्वों का निर्वाहन करने की नगर आयुक्त ने ड्राइवरो से की अपील रविवार को नगर निगम ड्राइवर संघ के अध्यक्ष और महामंत्री पद पद निर्वाचन संपन्न हुआ. ड्राइवर संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर शेखर जीवन और मोनीश कुमार में करारी टक्कर हुई जिसमें शेखर को 157 व मोनीश को 138 को वोट मिले व 5 वोट कैंसिल हुए। महामंत्री पद पर निवर्तमान महामंत्री उदय सिंह, रंजीत सिंह और कमल तीन उम्मीदवार थे। जिसमें उदय सिंह और रंजीत के बीच काटे की टक्कर में उदय को 151 रंजीत को 130 कमल को 12 वोट मिले और 7 वोट कैंसिल हुए। नगर निगम के मीडिया सहायक अहसान रब ने बताया कि नगर निगम ड्राइवर संघ का निर्वाचन हर दो साल बाद होता है आज निर्वाचन में कुल 314 वोटर(ड्राइवर) थे व 300 वोट पड़े सुबह 9 बजे से 3 बजे तक मतदान हुआ और उसके बाद मतगणना हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर शेखर जीवन और महामंत्री पद पर उदय सिंह विजयी हुए। निर्वाचन प्रकिया को कराने के समय अधिशासी अभियंता अजय राम वर्कशॉप सहायक अंकित सिंह मीडिया सहायक एहसन रब तरसव्वुर हुसैन धर्मवीर सिंह रवि आदि मौजूद थे।

# मुंगराबादशाहपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर लोकार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**जौनपुर।** विकास खंड मुंगराबादशाहपुर के सटवां स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर शनिवार की शाम ब्लाक के शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने प्रस्फुटन 2024 के बैनर तले प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे, कार्यक्रम के आरम्भ में कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी मुंगराबादशाहपुर डॉ0 अविनाश सिंह ने मुख्य अतिथि एवं उनके साथ मंच पर आये मुंगराबादशाहपुर के ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह फंटू को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि उन्होंने तनाव मुक्त माहौल के उद्देश्य से इस मंच का आयोजन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षक अमित केसरवानी ने परिचय फिल्म के गीत मुसाफिर हूं यारों न घर है न ठिकाना..... से शुरूआत की। शिक्षक आनंद कुमार मौर्य ने भजन गाने के बाद सीता स्वयंवर पर संवाद सुनाये। शिक्षिका स्वाति शुक्ला ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो..... समसामयिक गीत गाया। अध्यापक अच्छे लाल यादव ने देशभक्ति पर बिदेशिया लोकगीत प्रस्तुत किया। कप्तान दूबे ने दाढ़ी-बार और कन्याभ्रूण हत्या पर मार्मिक गीत प्रस्तुत किया। शिक्षिका पूजा देवी ने हास्य कव्वाली तथा शिक्षक अजय श्रीवास्तव ने फैशन पर कविता सुनाई। अध्यापक सुनील कुमार पांडेय ने अपनी नाक से बांसुरी वादन की अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। अध्यापक राहुल पाठक ने अभी अलविदा न कहो दोस्तों तथा राम जी की सेना चली... गीत प्रस्तुत किया। शिक्षिका डाली सरोज ने हिंदी वर्णमाला पर गीत गाया तो स्वयं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने आदमी जो कहता है, आदमी जो सुनता है जिंदगी भर वो सदाए पीछा करती हैं.... सुन्दर गीत गाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बी आर सी परिसर में सौंदर्यीकृत प्रशिक्षण हाल, कार्यालय एवं विद्यालय कक्ष का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले लोगों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और ब्लाक प्रमुख ने अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया और बच्चों के बीच ऐसे ही खुशनुमा माहौल बनाय रखने की अपील की। ब्लाक प्रमुख ने उपस्थित लोगों से कहा कि जिन विद्यालयों काम बकाया रह गया है उन्हें बताये वह अवश्य पूरा करेंगे। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ0 अविनाश सिंह ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुजानगंज अरविंद कुमार पांडेय, सार्वजनिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद सिंह, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, गोरखनाथ मौर्य, राजीव रत्नम् तिवारी, अजीत सिंह, उपेन्द्र सिंह, हंसराज सिंह,जीत लाल बिंद,जय प्रकाश मौर्य, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, राहुल सिंह, सुनील कुमार मणि त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा,राम सजीवन और आलोक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया।

# हरदोई से राम भक्तों की पहली दो बसें अयोध्या धाम के लिए रवाना



**हरदोई ।** जनपद अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पिहानी कस्बे से रामभक्तों की पहली दो बसें रविवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई । भारतीय जनता पार्टी के पिहानी नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है, जब अयोध्या धाम के लिए यहां से बस जा रही है। सदियों की तपस्या सफल हुई।जहानी खेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को आयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही रामभक्तों का आयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए लगातार लोगों के जाने का सिलसिला जारी है। रविवार आज सुबह से भारतीय जनता पार्टी व हिन्दू संगठनों के नेतृत्व में दस बसें रवाना हुई है।

माझिया मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है । सभी भक्तों को पांच सौ साल बाद श्री राम लला के दर्शन का स्वभाव प्राप्त हो रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष हरदोई अजीत सिंह बब्बन ने सभी राम भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार तपस्या के कारण सदियों-सदियों के बाद यह कार्य सफल हुआ है। आज बड़ा हर्ष होता है कि हम अपनी आयु के अंदर अपने सामने श्री रामलाल के दर्शन करके अभिभूत होने जा रहे है। इस नाते हम एक बार फिर अयोध्या करने जाने वाले सभी राम भक्तों को बधाई देते हैं।

# एलुमनी मीट में पुरा छात्र-छात्राओं से सतत जुडाव और प्लेसमेंट उन्नयन पर हुआ विचार विमर्श

## कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, गायन, नृत्य, अभिनय प्रतियोगिता संपन्न

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन एलुमिनी मीट में पूर्व छात्र-छात्राओं ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कम एंड रिकनेक्ट अभियान से जुड कर अपेक्षित सहयोग करने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न एलुमिनी मीट में पुरा छात्र-छात्राओं ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सतत विकास एवं प्लेसमेंट उन्नयन के संबंध में अनेक सुझाव दिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने पुरा छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्र-छात्राओं से सतत जुडाव के लिए सोशल मीडिया के प्लेटफार्म का भी उपयोग करेगा।

कुलपति ने विश्वास व्यक्त किया कि पूर्व छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, कौशल और संबंधों का लाभ इस विश्वविद्यालय को मिलेगा। उन्होंने पुरा छात्र-छात्राओं से सतत संपर्क, समन्वयन, विचार विमर्श और अगले वर्ष की कार्य योजना बनाने के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की ओर से डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला और डॉ अनिल अग्रवाल को नामित किया।




रजत जयंती भवन में आयोजित एलुमनी मीट का प्रारंभ पूर्व छात्र-छात्राओं के आत्मीय स्वागत एवं वैशिष्ट्य परिचय के साथ हुआ। पूर्व छात्र डॉ श्रीराम मिश्रा ने कहा कि प्रारंभिक दिनों में हम लोगों की पढाई के दौरान विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए आने वाली ईट और पत्थर पर बैठकर पढना पडता था। प्रसन्नता का विषय है कि अब ग्रामोदय विश्वविद्यालय आधुनिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। नवीन तकनीक से युक्त लैब, पुस्तकालय स्मार्ट क्लास रूम,खेल व जिम इत्यादि सब कुछ उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पुरा छात्र किसी भी शैक्षणिक संस्था का परमानेंट एजेंट होता है। स्टाफ तो अधिवार्षिकी आयु पूरी करने के बाद रिटायर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से एक लाख से भी अधिक रेगुलर पाठ्यक्रम के विद्यार्थी पढकर जा चुके हैं। पुरा छात्र-छात्राओं यह समूह ग्रामोदय विश्वविद्यालय के लिए स्थाई स्तंभ है। इन्हें जोड कर ग्रामोदय विश्वविद्यालय इसका लाभ ले सकता है। उन्होंने कहा कि पुरा छात्र छात्राएं अपने विश्वविद्यालय से पुनः जुडने में अपना गौरव महसूस करेगी। इस अवसर पर डॉ राधा मिश्रा, उत्तम कुमार त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार प्रजापति, डॉ अशोक कुमार तिवारी, डॉ आशुतोष तिवारी, डॉ विजय त्रिपाठी और अलका शर्मा आदि ने भी अपने विचारों के माध्यम से पुरा छात्र-छात्राओं के संभावित योगदान को रेखांकित किया। विचार मंथन के इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो अमर जीत सिंह, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ आंजनेय पांडेय, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ रविकांत श्रीवास्तव, प्रो घनश्याम गुप्ता, डॉ रवि चौरे, डॉ गोविंद सिंह, डॉ देव रस पांडेय आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन और धन्यवाद ज्ञापन एलुमिनी मीट के संयोजक डॉक्टर ललित कुमार सिंह ने किया।

# डीएम व एसपी ने किया समीक्षा अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षक



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को जनपद में संचालित हो रही समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराने को लेकर परीक्षा केन्द्र सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेडीपुलिया, बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी एवं चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरा परीक्षा के दौरान लगातार संचालित रहे और डीबीआर का बैकअप भी लेते रहे। उन्होंने कहा कि जनपद में 10 केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। जिसमें 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस फोर्स एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने परीक्षा में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम आप सब का दायित्व है। अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात राजकमल, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ चित्रकूट का जिला निर्वाचन हुआ सम्पन्न

## विजय पाण्डेय अध्यक्ष व मिथलेश यादव बने महामंत्री

**चित्रकूट:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद का निर्वाचन अधिवेशन भरतकूप मंदिर के हाल में हुआ। जिसमे पर्यवेक्षक शैलेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष बांदा व ओमप्रकाश दीक्षित संयोजक महोबा रहे। साथ ही निर्वाचन मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी व मांडलिक मंत्री सुरेश दुवेदी व जिला संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा के संरक्षण में संपन्न हुआ।

निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्वान्ह 10:30 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में भरतकूप के महंत लवकुश दास उपस्थित रहे। निर्वाचन में अध्यक्ष, महामंत्री व जिला कोषाध्यक्ष पद पर एक-एक ही नामांकन प्राप्त हुए। जिसके क्रम में तीनों नामांकन पत्र सही पाए गए। जिसके आधार पर तीसरी बार निर्विरोध विजय कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष, मिथलेश कुमार यादव जिला महामंत्री व विनय कुमार पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। साथ ही सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ पर्यवेक्षक द्वारा दिलाई गई।



इस मौके पर निर्वाचन में ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट संजीव श्रीवास्तव, मंत्री प्रेम चंद्र शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर नारायण पाण्डेय, मंत्री राघवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर शंकर दयाल सिंह, मंत्री खेमराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ शिवबाबू शुक्ला, मंत्री रामशंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पहाडी ब्रम्हादीन मिश्रा, मंत्री लवलेश मिश्रा, पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी राधेश्याम सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, गौरव सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, नीलाभ गुप्ता, वंदना वर्मा, राहुल पाठक, रजनीश, बद्री नारायण दीक्षित, विनोद कुमार मिश्रा, शशिभूषण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मूरत ध्वज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# ब्रम्हलीन महंत सालिकराम की पुण्यतिथि पर किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन

**चित्रकूट:** नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति ने ब्रम्हलीन महंत सालिकराम की पुण्यतिथि से मनाई गई।

नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर खोही समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव व प्रबंधक राकेश नामदेव पूर्व क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुन्देलखण्ड भाजपा पिछडा मोर्चा ने बताया कि नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला के ब्रम्हलीन महंत सालिकराम महराज करीब सोलह वर्ष की आयु में घर परिवार छोडकर चित्रकूट स्थित नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में रहने लगे व संत जीवन धारण किया। उन्होंने अपने जीवन काल में धर्मशाला का रखरखाव व कमरे का निर्माण भी कराया। साथ ही करीब 96 वर्ष की आयु में 22 जनवरी 2024 को ब्रम्हलीन हो गये। जिनका संत समाज के अनुसार नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति चित्रकूट के संरक्षक डॉ हरीशंकर नामदेव, प्रबंधक राकेश नामदेव, अध्यक्ष अशोक नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार नामदेव, कुलदीप नामदेव के सहयोग से हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया।



साथ ही संत समाज के अनुसार माघ माह की अमावस्या पर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए हवन पूजन के बाद कन्याओं तथा संत समाज को भोजन कराया गया। इसके बाद भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निमाड़ मालवा नामदेव समिति की और से संरक्षक संतोष मंडवाल, राजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक शिवशंकर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र नामदेव, कीरतराम नामदेव, नारी शक्ति एडवोकेट उर्मिला नामदेव, बैजनाथ नामदेव, नारेन्द सिंह नामदेव आदि सहयोग से विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# माता के साथ जेल गए मासूम का कारगार में धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**चित्रकूट:** जिला कारागार में पहली बार एक नायब पहल करते हुए एक बच्चे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। माता-पिता के साथ जेल में रहने वाले मासूम बच्चों की भावनाओं को कुंठित होने से बचाने के उद्देश्य से रविवार को यह सराहनीय पहल की गयी।




जेल में बंद कैदियों के साथ कम उम्र के बच्चों को लेकर शासन स्तर से आए दिन दिशा निर्देश जारी होते हैं। जिसमें साफकहा जाता है कि बिना किसी अपराध के कम उम्र होने के कारण माता के साथ में जेल में रहने वाले बच्चों का विशेष ख्याल रखा जाए। इसी क्रम में चित्रकूट जिला कारागार में रविवार को पहली बार ऐसी विशेष पहल हुई है। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बताया कि महिला बंदियों के साथ छह वर्ष से कम आयु के बच्चे जेल में रहते हैं। यहां उनकी भावनाओं को कुंठित होने से बचाने और उनमें सकारात्मक सोंच का विकास करने के प्रयास किए जात हैं। जिसके तहत रविवार को दीपक (परिवर्तित नाम) का तीसरा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इसमें कारागार की लगभग दो दर्जन महिला बंदियों के साथ इसी कारागार में बंद बच्चे के पिता-माता ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महिला बंदियों और कारागार में तैनात कर्मियों ने बच्चे को शुभाशीष प्रदान किया। जेलर संतोष कुमार ने बताया कि बंदियों को तनाव से उबारने के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं। पूर्व में भी कारागार में बंदियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था।

# गांव चलो अभियान के माध्यम से पदाधिकारी जनता से जुडने का करेंगे काम - लवकुश

**चित्रकूट:** भाजपा द्वारा जिले के दोनों विधानसभाओं के 11 मण्डलों के 124 शक्तिकेन्द्रों के 851 बूथों पर गांव चलो बूथ चलो अभियान संचालित हो रहा है। भाजपा के पितृ पुरूष अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर यह अभियान उनके प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं की सच्ची श्रद्धांजली है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसम्वाद कर रहे हैं। भाजपा को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाने के सक्रिय अभियान में कार्यकर्ता संकल्पित है। भाजपा अभियानों के माध्यम से प्रभावी जनसम्वाद व जनसम्पर्क का काम कर रही है। भाजपा की मूल ताकत उसकी बूथ समिति है। भाजपा आजतक निरंतर जनसम्पर्क से ही सशक्त हुई है। गांव चलो अभियान के माध्यम से पदाधिकारी गांव में 24 घंटे रहकर जनता से जुडने का काम कर रहे हैं। कार्यकर्ता जो नवमतदाता बने है, उन युवाओं को 10 साल पूर्व की सरकारों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के कामों को बताने का काम कर रहे हैं। साथ ही मोदी सरकार की नीतियों से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा कर रहे हैं। जिला संयोजक व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव बूथ-बूथ जाकर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करके दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए विकास के कार्य किए हैं। अन्त्योदय से राष्ट्रोदय करके भाजपा की सरकारें दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रही हैं। वोकल फॉर लोकल से दीनदयाल का स्वालंबन का विचार आकार पा रहा है।

इस मौके पर सांसद आर के पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र, मऊ अमित द्विवेदी, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, कर्वी सुशीला प्रधान, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अभियान सह संयोजक अखिलेश रैकवार, राजेश्वरी द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, तीरथ तिवारी, देव त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, जयप्रकाश पांडेय, जगदीश गौतम, राजेश जयसवाल, अश्विनी, बृजेश पांडेय, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, हीरो मिश्रा, दिब्या त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, मनोज तिवारी, प्रेमलाल बाल्मीक, पप्पू पाल, विपुल प्रताप, बाबूलाल पटेल, अर्पित जायसवाल, संजय पाण्डेय, राघव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## आरओ-एआरओ की परीक्षा में 64 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित

**प्रयागराज,।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा रविवार को समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा 2023 सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा में लगभग 64 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा प्रदेश के 58 जनपदों के 2387 परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में हुई। प्रथम सत्र 9.30 से 11.30 बजे तक तथा द्वितीय सत्र 2.30 से 3.30 बजे तक आयोजित करायी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कुल 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

# रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी की घटना का हुआ अनावरण

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध के रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय के पर्वेक्षण में एसओजी प्रभारी एम.पी त्रिपाठी ने बताया कि एसओजी एवं कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी की घटना का अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित 4 आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीती 23 व 24 जनवरी की रात्रि में धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी करके कार्यालय में आग लगा दी थी। जिसके सम्बन्ध में सब-रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना के खुलाशे के लिए कोतवाली कर्वी एवं एसओजी की संयुक्त टीम को निर्देशित किया।

एसओजी एवं थाना कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को विवेचना से प्रकाश में आये दीपक यादव निवासी कसहाई रोड कुंजन पुरवा, अजय यादव निवासी जनकपुरी, अरमान निवासी द्वारिकापुरी व अर्पित निषाद निवासी घुस मैदान के पास नवघाट को चोरी करने के उपकरण एवं चोरी के सामन के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि बीती 23 व 24 जनवरी की रात्रि में 7 दोस्त एक साथ रजिस्ट्री कार्यालय के पास शराब पी रहे थे। इस दौरान कार्यालय के अंदर चोरी करने की योजना बनायी।

उन लोगों ने लोहे के हथौडे का प्रयोग करके रजिस्ट्री कार्यालय की खिडकी में लगी एसी को तोडा एवं अंदर प्रवेश करके रजिस्ट्री कार्यालय के सामने के दरवाजे को तोडकर अंदर घुसे, वहां पर रखे तीन लैपटॉप को चुरा लिया। साथ ही तिजोरी का तोडने का प्रयास किया, परन्तु सफलता नहीं मिली। चोरी की घटना का दूसरा रुख देने के लिये बैनामा के कागजात में आग लगा दी। उनकी पहचान सीसीटीवी में कैद न हो इसलिए सीसीटीवी कैमरे को तोड दिया।

एसी के समान को बोरी में भरकर एवं तीनों लैपटॉप को वहां से ले जाकर आपस में बांट लिया। जिनमें से 2 लैपटॉप उनके पास है एवं 1 लैपटॉप उनके साथ चोरी में संलिप्त तीन अन्य साथियों के पास हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के सामान बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढोत्तरी की गयी। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तारी के दौरान एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी कुलदीप द्विवेदी, राहुल देव आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश ने पिता के कारनामों के प्रायश्चित्त का आखिरी मौका भी गंवाया- साध्वी निरंजन ज्योति




**फतेहपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर जिले में रविवार को एक अहम बैठक करके हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियां में जुटने का आह्वान किया है।चाय पर चर्चा के तहत हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से जन-जन तक मोदी सरकार के विकास कार्यों पहुंचाने की अपील करते हुए साध्वी ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल न होकर अखिलेश ने अपने पिता के कारनामों के प्रायश्चित्त का आखिरी मौका भी गंवा दिया है।उन्होंने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम काफी समय से कांग्रेस में थे। संसद भवन के उद्घाटन के साथ-साथ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी पहुंचे थे। वह कांग्रेस की पोल पट्टी खोल रहे हैं इसलिए कांग्रेस उनसे नाराज होकर उन्हें पार्टी से निकाल दिया है।


## नीलामी सूचना

विज्ञप्ति कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ के पत्रांक : एस0एस0ए0/नि0का0/जर्जर भवन नीलामी/1107/2023–24 दिनांक 21.12.2023 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रतापगढ़ जनपद के विकास क्षेत्र मान्धाता के उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलाकला में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 15.02.2024 को प्रातः 11.30 बजे विद्यालय परिसर में की जानी है। निष्प्रयोज्य भवन का अवलोकन विद्यालय में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवन की नीलामी की शर्तें कार्यालय एवं विद्यालय में चस्पा है।

शिव कुमारी विश्वकर्मा, प्र0अ0 | हरिश्चद्र, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबन्ध समिति | सुरेश कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मान्धाता

पत्रांक : उ0प्रा0वि0कैलाकला दिनांक 2/2024

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में Given Name में MO ADNAN दर्ज है और पासपोर्ट के Surname खाली छोड़ दिया गया है । अतः मेरे पासपोर्ट में Given Name में MO व Surname में ADNAN करवाना चाहता है ।

मो अदनान
पुत्र मो इस्माइल
निवासी–कुरामुरीदन,
तहसील–सिराथू,
जनपद–कौशाम्बी


# सबको मिलकर धर्मगनरी को बनाना होगा स्वच्छ व सुन्दर - लालजी



**चित्रकूट:** स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत रविवार को 103वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह साप्ताहिक अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का सपना था कि भारत को स्वच्छ बनाए रखना, भारत से गंदगी हटाना था। उन्होंने कहा कि एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ाकर हम सबको मिलकर जनपद को स्वच्छ और सुंदर बनाना है।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्रव्यापी सफाई के रूप में शुरू किया था। जिसे स्वच्छ भारत की कल्पना की दृष्टि से लागू किया गया था। स्वच्छ भारत का सपना महात्मा गांधी का था। जिसका अर्थ पूरे भारत को स्वच्छ करना था। स्वच्छता अभियान के जरिए महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत मिशन को पूरा करने के लिए प्रयास किए गए हैं। जिला प्रबंधक शिवाकुमार ने बताया कि स्वच्छता का रखना हमेशा ध्यान तभी तो बनेगा हमारा भारत महान। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि कामतानाथ का परिक्रमा चित्रकूट पौराणिक जगह है। परिक्रमा करने के दौरान विशेष सफाई का ध्यान रखना चाहिए।

इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# वाराणसी में आरएसएस के बाल स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन, कई जगहों पर पुष्पवर्षा

**वाराणसी,।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) काशी मध्य भाग की पहल पर रविवार को बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला। बाल पथ संचलन का नगर में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन में आयोजित दो दिवसीय बाल शिविर के समापन पर निकले पथ संचलन में सैकड़ों बाल स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन के साथ भागीदारी की। लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह संचलननिवेदिता शिक्षा सदन से प्रारंभ होकर आकाशवाणी, पाणिनी कन्या महाविद्यालय होते हुए पुनः शिविर स्थल पहुंचकर विराम ली। संचलन में सबसे आगे वाहन पर भारत माता के चित्र से सजी झांकी बाल स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रही थी। संचलन में स्वयंसेवकों के अनुशासित कदम भविष्य में उनके लिए अनुशासन का मार्ग प्रशस्त कर रहे थे। समापन सत्र को काशी मध्य भाग के सह भाग कार्यवाह मनीष ने संबोधित किया। और बाल स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों का बोध भी कराया। इसके पहले बाल शिविर के उद्घाटन सत्र को काशी प्रांत प्रचारक रमेश ने सम्बोधित किया।बाल शिविर की दिनचर्या बहुत ही अनुशासित व व्यवस्थित रही। शिविर में सायं व प्रातः शाखा में विभिन्न प्रकार के खेल कूद का आयोजन किया गया। प्रातः 5:00 बजे दिनचर्या प्रारंभ हुई। इसमें अनेक प्रकार की खेल तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिविर में 8-15 वर्ष तक के बालक सम्मिलित हुए। शिविर में बृजेश (भाग प्रचारक), बृजश्याम , अभय , विद्यासागर, सुदर्शन आदि ने बढ़चढ़ कर योगदान किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# ....तो कहीं भ्रष्टाचार की भेंट तो नही चढ़ रही 400 करोड़ की अमृत योजना?

## अमृत योजना के तहत शहर में डाली जा रही मानक विहीन सीवर पाईप लाईन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की स्थापना करने के उद्देश्य से भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसते हुए आमजन के हित में नित नयी-नयी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं तो वही दूसरी तरफ सरकारी कारिंदे ही सरकार की जनहित योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने में जुटे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला पिछले लम्बे समय से शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि इस समय शहर में अमृत योजना के तहत लगभग हर मोहल्ले में सीवर लाईन डालने का कार्य चल रहा है,बताया जाता है कि 400 करोड़ की इस योजना को धरातल पर उतारने का जिम्मा संभालने वाले लोग ही इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने पर आमादा हैं।बताते चलें कि इस समय शहर के वार्ड नम्बर 25 मोहल्ला नयापुरवा(फायर स्टेशन के सामने)अमृत योजना के तहत गहरी सीवर लाईन डालने का काम चल रहा है,जिसमें ठेकेदार के द्वारा जम कर धाँधली किये जाने की चर्चा है।

### जलनिगम के जेई व पेटी ठेकेदार कर रहे खेल, मौन है शहर के जनप्रतिनिधि व अधिकारी?

*लोगों के बीच चर्चा है कि शहर की मुख्य सड़कों में डाली जाने वाली मुख्य सीवर लाईन में मानकों का कितना पालन किया जा रहा है फिलहाल इसकी तो जानकारी नही है लेकिन शहर के मोहल्लों में बिछने वाली छोटी सीवर लाईनों में मानकों की किस प्रकार धज्जियाँ उड़ायी जा रही हैं इसका जीता-जागता प्रमाण नयापुरवा मोहल्ले में देखा जा सकता है। बताते हैं कि जलनिगम के जेई व पेटी ठेकेदार मिल कर सीवर लाईर लाईन डालने के दौरान मानकों में खेल करते हुए अपनी जेबें भर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौन साध कर बैठे हुए हैं।*

### कुछ समय पहले गोराबाजार में भी उजागर हुई थी धाँधली!

*बताया जाता है कि कुछ समय पहले शहर के गोराबाजार के निकट सीवर लाईन डालने के दौरान भी मानकों की धज्जियाँ उड़ाते हुए जम कर खेल किया गया था परन्तु शिकायतों तथा मीडिया में मामला उछलने के बाद जाँच कर कई लोगों पर कार्यवाही होने की बात भी चर्चा में आयी थी।फिलहाल इस समय नयापुरवा मोहल्ले में सीवर लाईन डालने के दौरान खुलेआम मानकों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं,अब यहाँ शहर के जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी इस दिशा में ध्यान देते हैं कि नही,फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।*

जानकारों की मानें तो सीवर लाईन की पाईप डालने के दौरान खोदाई के बाद मानक के अनुरूप आरसीसी का मिक्सर डालने के बाद ही उसके ऊपर सीवर लाईन की पाईप बिछायी जाती है,परन्तु बड़े ही हैरत की बात है कि मोहल्ले में हजारों मीटर की पाईप लाईन डाली जा चुकी है परन्तु मानक के अनुरूप आरसीसी का मिक्सर शायद ही कहीं डाला गया हो।

# भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने हरीपुर गांव पहुंचकर किया भाजपा का गुणगान

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीएमपीएस के निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने लालगंज क्षेत्र के हरीपुर गांव पहुंचकर भाजपा का गुणगान किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही भारत में राम राज्य ला सकती है जिसकी शुरुआत अयोध्या में राम मंदिर के बनने से हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही भारत को विकसित देशों की श्रेणी में ला सकते हैं ।उन्होंने लोकसभा के चुनाव में फिर से मोदी सरकार को लाने का आहवन किया और कहा कि भारत के लोगों की एक आध समस्याओं को छोड़कर के मोदी ने सभी समस्याओं को हल किया है ।किसान सम्मान निधि , कोरोना काल से अब तक सभी को फ्री राशन ,आवास ,शौचालय आयुष्मान भारत के कार्ड सभी कुछ मोदी सरकार के द्वारा दिया जा रहा है जबकि पूर्व की सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से जनहित की योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिलता था।

# स्टार किड्स के ग्रैण्ड फिनाले में बच्चों ने रैम्प पर बिखेरा जलवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** माधव सेवा संस्थान के द्वारा बच्चों का नृत्य और मॉडलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। शहर के रतापुर स्थित गोल्डन दीप होटल मे संपन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में रायबरेली की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है। बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता में इर्निका ने बाजी मारते हुए जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं रिथान्या और सिद्धान्त ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता के उपरांत बच्चों ने रैम्प पर कैटवॉक कर जमकर जलवा बिखेरा। रंग बिरंगे पारिधानों में हुए फैशन शो में इर्निका, आन्या, जसलीन, कर्णिका, कात्यायनी, माही,




श्रद्धा, सिया, दर्श, शताक्षी, कुशाग्र का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। रैंप एवं फैशन शो, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। विशिष्ट अतिथि भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा बच्चे देश की धरोहर हैं और इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अधिक अवसर प्राप्त होता है।कार्यक्रम के उपरांत विशेष रूप से उपस्थित सिमहैंस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष चैहान, चंदापुर स्टेट के हर्षेन्द्र सिंह, समाजसेवी ममता सिंह, सुमित चैबे, सत्यम बाजपेयी द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप मे दीपक कपूर, सौरभ यादव, ममता सिंह और शिवांगी चैधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वेब डांस एकेडमी के निदेशक विवेक मिश्रा एवं संस्थान की पदाधिकारी ऊषा किरन सिंह, भावलीन चावला, स्मृति शुक्ला, शबनम अंसारी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रिया मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, डॉ. संतलाल, भूपेश दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने हैदरगढ़ रोड पर स्थित केंद्रीय वाहन यार्ड का किया औचक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने रविवार की शाम लगभग 6 बजे हैदरगढ़ रोड पर स्थित केंद्रीय वाहन यार्ड का औचक निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह शाम 6 बजे करीब अचानक केंद्रीय वहां यार्ड पहुंच गए इस दौरान उन्होंने जिले भर के माल मुकदमाती वाहनों के रख रखाव साफ सफाई का बारीक से निरीक्षण किया। वहीं वाहन यार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी उनके द्वारा चेक किया गया।एडिशनल एसपी ने कहा कि वाहनों के रख रखाव में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम सहित आदि मौजूद रहे।

# मौजूदा समय में पूरे देश में राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे नेता है जो सरकार से बार-बार सवाल कर रहे हैं: केएल शर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया,मदर टेरेसा इंटर कॉलेज जवाहर विहार में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के एल शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच जाकर सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के द्वारा कराए गए विकास कार्यो की जानकारी लोगों से साझा करें उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ राहुल गांधी सड़कों पर उतर कर संघर्ष कर रहे हैं उनकी इस लड़ाई में हम सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने नेता का समर्थन करें, सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि मौजूदा समय में पूरे देश में राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे नेता है जो सरकार से बार-बार सवाल कर रहे हैं



और देश में आपसी प्रेम व सौहार्द बना रहे इसके लिए अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि जगतपुर रही एवं शिवगड़ ब्लॉक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नकुल दुबे,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी अवध जोन शरद मिश्रा,एआईसीसी कोऑर्डिनेटर प्रभारी इंदल कुमार रावत व प्रदेश सचिव व प्रभारी रायबरेली फिरोज अहमद खान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिए,कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी तरह से लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है।शहर अध्यक्ष श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत कियासंवाद एवं कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हाजी इलियास, ओ.पी.श्रीवास्तव,सईदुल हसन,सदर कॉडिनेटर रोहित सिंह सहित शहर कमेटी के सभी उपाध्यक्ष,महासचिव, कोषाध्यक्ष,सचिव,समस्त वार्ड अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,न्याय पंचायत अध्यक्ष,ग्रामसभा अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रोता हुए भाव विभोर

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित ओम् उत्सव लान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित मुरली मनोहर शास्त्री ने



भगवान की विविध लीलाओं के प्रसंगों का वर्णन कर उपस्थित श्रीमद्भागवत कथा के रस रसिक श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।कथा व्यास श्री शास्त्री ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसका बोध श्रीमद् भागवत कथा सुनकर ही होता है, विडंबना ये है, कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं, निष्काम भाव से भगवान का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं, वहीं ध्रुव जी महाराज की भक्ति का वर्णन करते हुए कहा मनु जी महाराज के पुत्र ध्रुव जी महाराज हुए जिनकी माता सुनिति था ध्रुव जी महाराज नारद ऋषि के शिष्य थे ध्रुव महाराज जी ने अपनी भक्ति से देवताओं का मन मोह लिया था और राजा बनकर 36000 वर्ष तक प्रथ्वी पर शासन करने के पश्चात वे राज्य का भार अपने पुत्र को सौंपकर बद्रिकाश्रम चले गए और वहां जाकर भजन करने लगे ध्रुव महाराज जी के प्रसंग सहित अनेक कथाओं का वर्णन किया जिसके पश्चात आरती प्रसाद वितरण के पश्चात कथा का विराम हुआ। यजमान ओम प्रकाश वैश्य सपत्नीक हरि जी मिश्रा विरेंद्र मौर्या सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जगतपुर में हुआ निषाद पार्टी कार्यालय का उद्घाटन! पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत का दिख रहा असर,बढ़ रहा कारवां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ है,जिसमें पार्टी पदाधिकारियों के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के भारी हुजूम ने सहभागिता की है।

बताते चलें कि जिले के जगतपुर में निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के कार्यालय का भव्य शुभारम्भ पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों व समर्थकों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।पार्टी जिलाध्यक्ष बरखंडी निषाद ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ.संजय निषाद के बताये रास्ते पर चलते हुए पार्टी को जिले में एक नयी गति प्रदान करने का जो प्रयास किया जा रहा है वह काफी हद तक सफल होता नजर आ रहा है,दिनों-दिन बढ़ता जा रहा निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं का कारवां इसी गति से लगातार बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नही जब जिले में निषाद पार्टी का परचम चारो ओर लहराएगा। ''द ग्रेट युवा वाहिनी'' जिलाध्यक्ष पवन निषाद ने कहा कि जिले में चंद लोगों के साथ मिल कर पार्टी का झंडा उठाया गया था पदाधिकारियों की जी तोड़ मेहनत व कार्यकर्ताओं की लगन के चलते अल्प समय में ही आज निषाद पार्टी का जिले में एक अलग स्थान बन चुका है,आज के समय में जिले के अंदर अन्य बड़ी पार्टियों के पदाधिकारी भी निषाद पार्टी का लोहा मानते हैं।

# विधानसभा ऊंचाहार के ब्लॉक जगतपुर में कांग्रेस पदाधिकारियों की आयोजित हुई कार्यशाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ऊंचाहार विधानसभा के ब्लॉक जगतपुर के पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं,ग्रामसभा अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि हमारा संगठन बहुत मजबूत है,इसे और मजबूत करने के लिए कांग्रेस सरकार के समय हुए विकास एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाना है एवं भाजपा सरकार की गलत नीतियों को बताना है।प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हम सभी को दिन रात मेहनत करना है,हमारा संगठन ही कांग्रेस की नीतियों



को जन जन तक पहुंचा सकता है।श्री सिंह ने कहा कि गांव,गरीब,किसान,नौजवान का विकास सिर्फ कांग्रेस सरकार में ही संभव है।रायबरेली का विकास गाँधी परिवार की देन है।श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी को भारी संख्या में राहुल गांधी जी से मिलने रायबरेली चलना है।पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के शुक्ला ने कहा सोनिया गाँधी जी रायबरेली के लोगों का बहुत ध्यान रखती है,सभी के सुख दुःख में हमेंशा उनका साथ रहता है।विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी,जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना,मोहम्मद फारुकी,आलोक यादव,रावेन्द्र सिंह,आशापाल सिंह,रन बहादुर सिंह,छत्रपाल यादव,हारून अली,परवीन बानो,शहनाज जी,त्रिलोकी सिंह,रामदत्त पाण्डेय,विजय करन सिंह,समर बहादुर सिंह,जसवंत सिंह,राम खेलावन पासी,विश्वनाथ त्रिवेदी,सज्जन सिंह,जितेन्द्र सिंह,राजकुमार पाल,जगदीश कुरील,दिनेश सिंह,मनोज यादव,राजू सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की रैली को लेकर भाजपा की बैठके शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरेनी रायबरेली।** 15 फरवरी को रायबरेली जनपद में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। रैली को लेकर रविवार को सरेनी विधानसभा के बेनी माधवगंज, सरेनी ,लालगंज और गेगासो मंडलों के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई है। बैठक में पहुंचे भाजपा नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी और सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर रैली में अधिक से अधिक लोगों को जुटाने के बाबत रणनीति तय किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री की रैली में प्रत्येक बूथ से 50 कार्यकर्ता जाएगा। केंद्रीय मंत्री की रैली के लिए भाजपा संगठन और प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह स्वयं लगे हुए



हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा भी रायबरेली आ रही है ।भारतीय जनता पार्टी न्याय यात्रा से पहले एक बड़ी जनसभा कर विपक्षियों को बड़ा संदेश देना चाहती है ।बताते चलें कि केंद्रीय मंत्री रायबरेली जिले को तीन हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात देने आ रहे हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर रायबरेली के चारों तरफ रिंग रोड बन जाएगी जिससे जनता को जाम आदि से राहत भी मिल जाएगी।पहली बार केंद्र की सरकार के द्वारा इतनी बड़ी योजना रायबरेली जनपद को दी जा रही है। बैठक को लालगंज प्रवासी मनीष अग्रवाल और गेगासो प्रवासी रमाकांत मिश्रा ने भी संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों को तेजी से पूरा करने के बाबत दिशा निर्देश दिया।इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप पांडे ,मंडल अध्यक्ष गोविंद सविता, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ,मुन्नू तिवारी, भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई, पूर्व संयोजक चंद्र प्रकाश पांडे,राजेंद्र विश्वकर्मा, सुबोध बाजपेई, नीरज श्रीवास्तव, घनश्याम, अनिरुद्ध कुमार, विकेश द्विवेदी, विमल धानुक, सचिन रस्तोगी ,उदय नारायण बाजपेई ,राजेश निर्मल, शिवम गुप्ता, श्याम दीक्षित ,नागेंद्र गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला ,केके सिंह ,नागेंद्र सिंह, लक्ष्मी शरण पांडे ,वीके सिंह, सुनील मिश्रा ,रामप्रकाश सिंह, रोहित मिश्रा ,अभिषेक शुक्ला, नवल मौर्य ,जितेंद्र सिंह, सुशील दीक्षित, मंतोष पांडे ,विवेक पासवान मदन मिश्रा अमर सोनकर आदि भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ऊंचाहार एक्सप्रेस आज से पुनः शुरू हुई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**ऊंचाहार रायबरेली।** आज 3 माह बाद केंद्रीय रेल मंत्री के आदेश पर ऊंचाहार एक्सप्रेस पुनः शुरू की गई जिसका ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर भारी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने चालक परिचालक तथा गार्ड का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने रेल के आगे नारियल फोड़ा जिसपर नरेन्द्र मोदी-अश्वनी वैष्णव जिंदाबाद के नारों से आसमान गूंज गया। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पूरे रायबरेली जिले के वासियों की ओर से आभार जताया। भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने कहा कि भाजपा नेता अजय



अग्रवाल से उन्होंने इस संबंध में आग्रह किया था तथा अजय जी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए ऊंचाहार एक्सप्रेस के विषय में तुरंत रेल मंत्री जी से मिलकर बात रखी जिसके कारण ही यह संभव हो सका। ऊंचाहार एक्सप्रेस के इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रुप से ऊंचाहार ऊंचाहार विधानसभा संयोजक जितेन्द्र सिंह, पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय मंत्री अविनाश कौशल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री कृष्ण जायसवाल, सावित्री पासी, ग्राम प्रधान रमेश चंद यादव, सभासद बब्बू जायसवाल, शिवकुमार गुप्ता, सुशील अग्रवाल, राजू सोनी, कमलेश कुमार जायसवाल, चंदन कौशल व ऋषि सिन्हा मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाखा संगम का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन।** रविवार को मिनी स्टेडियम सलोन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शाखा संगम का आयोजन किया गया।जिसमें सलोन खंड के सभी शाखा के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने शाखा स्थल पर स्वयंसेवकों ने योग व्यायाम का प्रदर्शन किया।इस मौके पर देशभक्ति के गीत भी गाये गये।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संचालक विजय प्रकाश सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं संघ के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर व्यापक प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुओं के बीच कायम करने वाला दुनिया का सबसे




बड़ा संगठन है।संघ के स्वयंसेवक समाज तथा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहा हैं।स्वयंसेवकों के तपस्या के कारण ही आज देश के अंदर उल्लास का वातावरण है।भारत माता वैभव के परम शिखर पर हैं।देश के विभिन्न समस्याओं को हल किया गया।चाहे वह राम मंदिर का निर्माण हो, धारा 370 हो या गरीबों के उत्थान के लिए देश में चलाया जाए रहे कार्य हो सभी हो रहे हैं।आप सभी लोग संघ के स्वयंसेवक हैं।अपने पूर्वजों के तेज और रोज को ग्रहण करते हुए भारत को वैभवशाली संपन्न राज बनाने के लिए आप सत्संग के शाखों को गांव-गांव में पहुंचाएं, संघ भारत की आत्मा है।आप सभी देव दुर्लभ स्वयंसेवक हैं।इसलिए और अधिक हो जाती है।संगठित शक्ति के द्वारा ही सारे कार्य संभव हैं।इस मौके पर नगर पंचायत सलोन के नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, लघु सेवा भारती के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, संघ चालक डा0 अनिल चन्द्रा, नागार्जुन प्रसाद गुप्ता, राम सजीवन गौड़, शुभम साहू, शिवम रस्तोगी, बजरंग दल के सुरेश सिंह, पप्पू कौशल, देवनाथ प्रजापति, खंड प्रचारक जयप्रकाश जी मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं से देश बन रहा सशक्त

## भाजपा नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू ने रात्रि प्रवास में योजनाओं की दी जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गांव चलो अभियान- बूथ चलो अभियान के तहत मलिकमऊ आइमा के बूथ संख्या 186 पर बूथ संयोजक सनी कपूर के साथ नगर महामंत्री भाजपा अजय सिंह सोनू ने रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार में पात्रों को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। झोपड़ी और



कच्चे घरों में रहने वाले लोग अब पक्के घरों में रह रहे हैं। इतना ही नहीं निश्शुल्क अनाज के कारण अब कोई भूखा नहीं सोता है।इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी एवं जनहित योजनाओं के बारे में बताते कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण ही आज देश सशक्त हो रहा है। हर क्षेत्र में तेजी से विकास कराया जा रहा है। किसान हो या फिर सेना के जवान सभी सरकार की कार्यशैली खुश हैं। विरोधी पूरी तरह से परेशान हैं। आगामी चुनाव में विरोधियों का सुफड़ा साफ होना तय है। इस अवसर पर टीएल सिंह, उमेश जायसवाल, रामा सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले मालिकाना अधिकार नहीं मिला तो बीजेपी का होगा विरोध




**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ समेत उप्र के कई जिलों के लगभग डेढ़ करोड़ मज़दूरों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर आज मानस पार्क, श्रमिक बस्ती, नैनी में धरना-प्रदर्शन के माध्यम से विरोध व्यक्त किया गया।

धरना-प्रदर्शन में शामिल आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग किया है कि पिछले 43 वर्षों से लंबित उत्तर प्रदेश औद्योगिक श्रमिक बस्तियों के मालिकाना अधिकार की समस्या का निराकरण लोकसभा चुनाव 2024 के पहले किया जाए। अन्यथा इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग बीजेपी सरकार का विरोध करेंगे।

श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश श्रम विभाग के तानाशाही पूर्ण रवैये के कारण यह मामला अधर में लटका हुआ है।

केंद्र सरकार ने 1978 में मालिकाना आदेश दिए जाने का आदेश जारी किया था। देश के सभी राज्यों ने इन कॉलोनियों के आवासों का मालिकाना अधिकार उसमें रहने वाले लोगों को दे दिया। लेकिन उत्तर प्रदेश श्रम विभाग जानबूझकर इस मामले को लटकाए हुए हैं।

श्रम विभाग के तानाशाही पूर्ण रवैये के कारण पूरे प्रदेश की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में समिति का गठन किया है। पहले भी कई बार समितियां गठित हो चुकी है। लेकिन धरातल पर कोई ठोस काम नहीं हुआ।

समिति के सचिव विनय मिश्र ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उत्तर प्रदेश श्रमिक कॉलोनियों की समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त मजदूर, किसान, नौजवान छात्रों के द्वारा सरकार के इस दमनकारीपूर्ण लापरवाही बरतने का विरोध किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि नैनी में मजदूरों के लिए बनाई गई कॉलोनी में 42 वीं वाहिनी पीएसी के लोग जबरन कब्जा करके यहां स्थाई निर्माण कर रहे हैं। जिससे स्थानीय जनता में भारी रोष व्याप्त है।

पीएसी के लोग श्रमिक कॉलोनी में लोगों के घरों के सामने कूड़ा फेंक कर भारी अभद्रता कर रहे हैं।

कॉलोनी में गंदगी फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री के सफाई अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कई ट्रक कचरा बच्चों के खेलने वाले राजकीय श्रम हितकारी पार्क के मैदान में फेंक दिया गया है। जिसकी वजह से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। कूड़े के ढेर में आग लगा देने के कारण धुआं उठता है। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है।

घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश की अवहेलना की जा रही है और उत्तर प्रदेश श्रम विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

आंदोलन के संयोजक, श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए शासन ने प्रदेश स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्तियों को बेचने का निर्णय लिया था।

सन 1995 में बिक्री प्रक्रिया शुरू भी की गई। लेकिन श्रम विभाग के अधिकारियों ने साजिश रची, बिक्री प्रक्रिया को रुकवा दिया। जिसकी वजह से प्रदेश के लाखों लोग आज भी मालिकाना हक से वंचित है।

श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि मालिकाना अधिकार के लिए नैनी में आंदोलन चल रहा है। जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा श्रमिक बस्ती के निवासियों का आंदोलन चलता रहेगा।

धरना-प्रदर्शन आंदोलन में सभाजीत यादव, प्रभु दयाल यादव, उमानंद मिश्र, सत्येंद्र यादव, उमेश कुशवाहा, गुड्डू राय, आनंद सिंह, जगबरन सिंह, मोहम्मद शाहिद, अजमत हुसैन, विनय मिश्र, जवाहर यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत प्रगति के स्वर्णिम पायदान पर- महापौर



**प्रयागराज।** वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने व कल्याणकारी योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इन्ही उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आज प्रथम सत्र में कल्लू कचौडी चौराहा मुट्ठीगंज तथा द्वितीय सत्र में नेतराम चौराहा कटरा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' चलाई गयी। कार्यक्रम में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी, महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र, पार्षद किरन जायसवाल, नीरज टंडन सहित कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। अतिथियों द्वारा लोगों को विकसित भारत से संबंधित शपथ दिलायी गयी।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सीबीसी द्वारा नगर निगम प्रयागराज के सहयोग से चलाये जा रहे कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत प्रगति के स्वर्णिम पायदान पर पहुंच रहा है। भारत निरंतर सशक्त हो रहा है और अन्त्योदय के संकल्प को पूरा कर रहा है।कार्यक्रम को सम्बोधित करती निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के प्रति बेहतरीन योजनाओं को आमजन तक पहुचाने के लिए धन्यवाद दते हुए उपस्थित लोगों से कहा कि यहां पर लगाये गये कैम्पों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, आवास योजना आदि का रजिस्ट्रेशन कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने मोदी की गारंटी वैन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक लाभार्थी को बिना भेदभाव जन कल्याणकारी योजना का लाभ मिले, यही मोदी जी की गारंटी है।नोडल अधिकारी राम मूरत ने बताया कि योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, डूडा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, आधार सेवा केन्द्र, जिलापूर्ति कार्यालय, उज्ज्वला, स्वास्थ्य कैम्प, आयुष्मान, जिला उद्योग तथा केनरा बैंकों स्टाल लगाये गये। , कार्यक्रम में राघवेन्द्र कुशवाहा, कुंज बिहारी मिश्र,नरसिंह, किशोरी लाल जायसवाल, स्वाती गुप्ता, परमानन्द वर्मा, सत्या जायसवाल, सचिन जायसवाल, रतन प्रकाश शुक्ला, राजेश केसरवानी, हर्ष केसरी, हरीश मिश्र, आलोक वैश्य, रामजी केसरवानी, प्यारे लाल जायसवाल, आशीष, अंकुश, लवकुश, दीपक, शुभम अर्पित, विजय जायसवाल, संदीप जैन, पूजा सिंह, आंचल ओझा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# जूनियर से माध्यमिक तक की पढ़ाई के लिए नहीं है स्कूल ,कहां पढ़ें बच्चे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**जारी (प्रयागराज)।** बहुत से ऐसे गांव हैं जहां आज भी माध्यमिक व उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए एक भी स्कूल या कॉलेज नहीं है। जिसके चलते इस क्षेत्र के बहुत से बच्चे बच्चियों की माध्यमिक व उच्च शिक्षा पूर्ण नहीं हो पाती है । और वे उच्च प्राथमिक शिक्षा के बाद ही शिक्षा छोड़ दिल्ली या मुंबई आदि महानगरों में या तो नौकरी करने चले जाते हैं। या घर पर रह खेती किसानी या अन्य काम करने शुरू कर देते हैं। बताते चलें कि ब्लॉक के पश्चिमी छोर पर स्थित लगभग 20 गांवों कोटर, रेंगा, चंद्रोदया, पालपट्टी, हर वारी, पिपरहटा, बिसौरा, गोपालपुर, बड़िहा, लोहरा, कौहट ,गडेरिया, गुलालपुर, माझियारी, नारतीर, कचरा पर आदि ऐसे गांव हैं जहां आज आजादी के लगभग 67 - 68 साल बाद भी क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को उच्च प्राथमिक शिक्षा के बाद पढ़ाई करने के लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा संस्थान नसीब नहीं हो पाया है। जिसके चलते इस क्षेत्र में लगातार शिक्षा का स्तर और शिक्षित लोगों की संख्या घटती जा रही है। क्षेत्र के जिन बच्चे बच्चियों को उच्च प्राथमिक से ऊपर की शिक्षा ग्रहण करनी होती है उन्हें 15 से 20 किलोमीटर का जोखिम भरा सफर तय करना होता है तब कहीं जाकर उन्हें विद्यालय मिल पाता है। इस जोखिम भरे सफर को तय कर कुछ बच्चे तो शिक्षा ग्रहण कर ने में कामयाब हो जाते हैं। लेकिन बच्चियों को अपनी शिक्षा छोड़ने के सिवा कोई रास्ता नजर नहीं आता।

अभिभावक भी अपनी बच्चियों को दूर पढ़ने जाने के भेजने के पक्ष में नहीं रहते। परिणामस्वरूप इस इलाके की बच्चियों की माध्यमिक व उच्च शिक्षा पूरी नहीं हो पाती। इलाकाई लोगों लल्लू प्रसाद त्रिपाठी, उदय भान सिंह , मानसिंह,वीरेंद्र , कृष्ण कुमार तिवारी ,अरुण कुमार, संतोष कुमार, बलराम प्रसाद, रजनीश तिवारी, कमलेश तिवारी, घनश्याम प्रसाद, सहित तमाम लोगों ने बताया की क्षेत्र में शिक्षा की उचित व्यवस्था न होने के चलते हमारे बच्चे प्रतिभावान होते हुए भी अच्छी शिक्षा नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। जिसके चलते हमारा क्षेत्र दिनों दिन विकास की दौड़ से बाहर होता चला जा रहा है। यह चिंता का विषय है। हम लोगों ने हमेशा जनप्रतिनिधियों से इस क्षेत्र में माध्यमिक व उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने की मांग किया लेकिन सभी ने हमें धोखा दिया। हमसे वोट तो ले लिए लेकिन आज तक किसी ने भी हमारे गांव की तरफ ध्यान नहीं दिया। सभी एमपी, एम एल ए बनने के बाद दुबारा गांव में तभी लौट कर आते हैं। जब चुनाव आता है उसके पहले नहीं। माध्यमिक व उच्च शिक्षा न होने का प्रभाव हमारे बच्चों पर तो पड़ ही रहा है साथ ही साथ इसका सबसे ज्यादा प्रभाव बच्चियों पर पड़ रहा है। उच्च शिक्षा विहीन होने के कारण हमें उनके शादी विवाह करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। तब जाकर कहीं उनकी शादी हो पाती है। आज के दौर में कोई भी बिना पढ़ी लिखी लड़की को अपनी बहू नहीं बनाना चाहता जिसके चलते बच्चियों की शादी हम उस हिसाब से नहीं कर पाते जैसे घर में जाने के लायक वह होती हैं। इसी तरह से बच्चों के शादी में भी काफी अड़चन आ रही है । लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग किया है कि इस क्षेत्र पर भी अपनी नजर डालें और बच्चे बच्चियों के भविष्य के लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा की उचित व्यवस्था इस क्षेत्र में अविलंब कराने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाएं।

# लेड़ियारी में आसान नहीं होगा जल संरक्षण तालाबों पर कब्जा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** जल ही जीवन है। जल है तो पर्यावरण है। पर्यावरण है तो धरती है और धरती है तो कल है। यह चारों स्लीगन अपने दामन में संसार समेटे है। जल संरक्षित करने के लिए कस्बा के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तालाब मौजूद है। जिम्मेदारों की मेहरबानी पर कुछ ही तालाब जीवित है।बाकी तालाबों पर खेती किसानी और इमारत खड़ी हो गई है। ऐसी परिस्थिति में घटते भू - जल को आखिर कैसे बचाया जा सकेगा । उदाहरण यह आलम है कि पूर्वजों का धरोहर को भी संभालना मुश्किल हो गया है। सगरा तालाब में कूड़ां कचरा डालकर भवन निर्माण कार्य कराया है। लेड़ियारी बाजार में 5 तालाब है । नीबी में तीन, किहुंनी खुर्द दो, किहुंनी खुर्द दो, डीही खुर्द दो, पथरपुर में एक, धोबहट मे दो, डीही खुर्द में दो, कोलसरा में एक उसरी, गोदहा, पवांरी, में एक-एक देईबांध दो बहरैचा दो तालाब अभिलेख में दर्ज है । अधिकांश तालाब की अस्तित्व विहिन है। 10 तालाब को जीवित बताया जा रहा है। वहां भी कुछ भाग पर कब्जा कर समेट दिया है। जल ही जीवन है। यदि आधार बनाकर कोई जल संरक्षण पर काम करने का मन बनाए तो आखिर कहा बनाएं । गर्मी में पशु-पक्षी, पेड़, पौधे और मनुष्यों का बगैर पानी जिंदा रहना नामुमकिन है। चंद ही ऐसे हैं जिसमे पानी भरा होता है । कस्बा के काली जी मंदिर के ठीक सामने नीबी के लोग आकर मिट्टी से पाटकर भवन निर्माण कार्य कराया । वहीं पूर्वी हिस्से का अंश पर मकान बन गए। जबकि 44 बीघे का तालाब शेष एक बीघे बचा है। सगरा तालाब अपनी उदासीनता पर मातम कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी तालाब कब्जा युक्त है । तो सगरा तालाब की साफ-सफाई कराने के बाद उसी जल संरक्षण के लिए सजाया संवारा जा सकता है ।

ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने बताया कि अभी तालाब के लिए कोई मद नहीं आया है । जैसे कि वजट पास होने पर इसका कायाकल्प हो जाएगा।

इस संबंध में कोरांव वीडियो को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं की ।

# एसआई अजय शंकर त्रिपाठी अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी परिवहन शाखा प्रभारी माघ मेला को इनके द्वारा पुलिस विभाग में अतुलनीय एवं सेवाभिलेख के आधार पर किए गए कार्यों के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। जिसे आज रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर आईपीएस के द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र आईपीएस, जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल आईअएस, कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद आईपीएस, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर आईपीएस, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे आईपीएस, पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती आईपीएस, पुलिस उपायुक्त यातायात/ नोडल मेलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी आईपीएस उपस्थित रहे।

# मार्ग बदहाल होने से आवागमन में हो रही परेशानी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** गड़री से बैजला संपर्क मार्ग तक डामरीकरण के लिए मिट्टी कुछ दूर तक डालकर छोड़ दी गई। जिससे पैदल और वाहनों के आवागमन करने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्ष पहले ग्राम प्रधान गीता देवी की ओर से तीन लाख रुपये की लागत से मिट्टी व गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। लोगों ने विधायक राजमणि कोल को कई बार प्रार्थना पत्र दिया। अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। गड़री से बैजला संपर्क मार्ग पांच किलोमीटर दूर स्थित है।अभी मात्र एक किलोमीटर तक मिट्टी डालकर छोड़ दिया है। इससे आवागमन में परेशानी होती है।

विकास खंड कोरांव के ग्राम पंचायत कैथवल राजस्व गांव बैजला के लोगों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। सबसे ज्यादा समस्या बरसात में होती हैं। सबसे अधिक समस्या बरसात में होती हैं।बस्ती में भी कोई न तो इंटरलाकिंग है और न ही डामरीकरण हुआ। इससे घर से निकलना मुश्किल हो जाता है।

**सुनीता देवी**

गांव में पक्की सड़क का निर्माण न होने की वजह से ग्रामीणों को आवागमन के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

**ममता देवी**

सबसे ज्यादा स्थित तब खराब होती है जब गर्भवती महिलाओं की तबियत खराब हो जाती है । इलाज के लिए समय से अस्पताल नहीं ले जाया सकता है ।

**राजकली देवी**

नदी के किनारे हम लोग बसे हुए हैं । लेकिन इस गांव के लिए कोई समुचित मार्ग न होने से बच्चे स्कूल भी नहीं पहुंच पाते है । बरसात में फजीहत बढ़ जाती हैं । कल्पना देवी

वजट न मिलने से गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है । खंड विकास अधिकारी को कई बार डिमांड भेजी गई है । और कार्य योजना में डाला गया है । लेकिन अभी तक पैसा न मिलने से सड़क, नाली का निर्माण कार्य नहीं हो सका ।

**गीता देवी**
**ग्राम प्रधान कैथवल।**

# पड़रिया में शतचंडी महायज्ञ आज से शुरू



**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव तहसील के पड़रिया गांव में कल सोमवार 12 फरवरी से शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत होगी। यह कार्यक्रम 22 फरवरी तक चलेगा। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम शतचंडी यज्ञ के आयोजक रामबली द्विवेदी ने क्षेत्रीय लोगों से यज्ञ में शामिल होने की लोगों से की अपील की है।

# जिला सेपका टकरा चैंपियनशिप में संगम सिटी क्लब झूंसी विजई



**नैनी(प्रयागराज)।** जिला सेपक टकरा चैंपियनशिप 2024 का आयोजन नैनी स्थित राजकीय आईटीआई कॉलेज के मैदान पर संपन्न हुआ जिसमें बालक वर्ग में संगम सिटी क्लब झूसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम और तीसरे स्थान पर आईटीआई अप्रेंटिस की टीम रही।

बालिका वर्ग में बेनी माधव पीजी कॉलेज बिगहिया प्रथम स्थान पर रही । श्रीमती जानकी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज दूसरे स्थान पर और तीसरे स्थान पर लेट आर0पी0 इंटर कॉलेज चाका ने अपना स्थान बनाया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजकीय निर्माण निगम के सहायक अभियंता सुमित कुमार, एवं राजकीय आईटीआई कॉलेज के प्रभारी उप प्रधानाचार्य चंद्रेज, एवं विपिन बिहारी कौशल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहते हुए दीप प्रज्वलित कर के किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के चीफ स्टैंडिंग काउंसिल एस0पी0 गौर, विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार शर्मा शासकीय अधिवक्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला प्रयागराज सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष डॉ जयप्रकाश शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सचिव विनोद कुमार कुशवाहा ने सभी का धन्यवाद दिया अरुण प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संयोजक फूल प्रकाश, नरेश चंद्र सचान, विनोद कुमार पटेल,सुनील कुमार पटेल, शहजाद अहमद खान, मोहम्मद अजमेर, संजीव जायसवाल, नंदकिशोर बिन्द , विपिन बिहारी कौशल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# माघ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मेला पुलिस दिखी सतर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** रविवार के अवकाश पर मौसम के बदलते मिजाज व बसंत के आहट के मध्य खिलखिलाती धूप में प्रयागराज संगम मे भारी संख्या में श्रद्धालु / स्नानार्थी संगम तट पर स्नान व लेटे हनुमान जी के दर्शन-पूजन हेतु मेला क्षेत्र में आये।

श्रद्धालुओं ने संगम की पावन धारा में आस्था की डुबकी लगाकर लेटे हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया। मेला क्षेत्र के आने जाने वाले प्रमुख मार्गों व महत्वपूर्ण स्थानों पर भीड़ ही भीड़ दिखी। स्नान के उपरान्त मेले में आये श्रद्धालु एवं स्नानार्थियों ने मेला क्षेत्र के प्रत्येक महत्वपूर्ण स्थानो,प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर प्रदर्शनी व झूलों का भी लुत्फ उठाया

स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में आने जाने में कोई असुविधा न हो इसके लिये उनके वाहनों को माघ मेला पुलिस द्वारा निकटस्थ पार्किंग हेतु अनुमन्य किया गया 7 जिससे मेला क्षेत्र की पार्किंग पूरी तरीके वाहनों से भरी दिखाई पड़ी माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की भीड के दृष्टिगत व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये।इस दौरान मेला क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी प्रमुख मार्गों, संवेदनशील स्थानो व चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की निरन्तर चेकिंग करते दिखे। मेला क्षेत्र मे भारी भीड़ को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों द्वारा विशेष सतर्कता बरती गयी। पुलिस उप-महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र व अन्य अधिकारीगण मय हमराह मेला क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करते रहे व स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम लेते रहे।

# सभी वर्गो का हित सपा में है सुरक्षित- सोमदत्त सिंह पटेल




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कोरांव और ग्राम सभा गिरगोठा में दिन रविवार को को समाजवादी पार्टी की पीडीए पखवाड़े के तहत बैठक हुई। बैठक में सपा के मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने कहा कि सभी वर्गो का हित सपा में ही सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों सहित किसानों और नौजवानों के लिए बहुत से कार्य किए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। भाजपा की गलत नीतियों की वजह से पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक का विकास नहीं हो पा रहा है।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में इलाहाबाद लोकसभा प्रभारी समाजवादी पार्टी महिला सभा ने कहा कि जिस प्रकार से धर्म के नाम पर देश की जनता को गुमराह करते हुए ठगने का कार्य कर रही है आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में जनता इसका जवाब अवश्य देने का कार्य करेगी।बैठक का संचालन रविंद्र कुमार जैसल जाटव प्रधान एवम महासचिव समाजवादी पार्टी ने किया।इसी क्रम में सपा नेता पवन सोनकर ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष सारिका यादव गीता पासी महिला सभा मेहताब खान नगर अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष सुमन कोल अनीता शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष रंजना जैसल सीमा अंसारी रुकशाना अंसारी त्रिवेणी यादव बृजेश यादव जय राजी जैसल भानु पटेल सावित्री जैसल नियाज़ अहमद तुफैल अहमद उर्मिला देवी रेहाना बेगम आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रयागराज परिचायिका के प्रकाशन को लेकर आयोजित प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को मध्यान्ह एक बजे प्रधान कार्यालय अवंतिका कालोनी नैनी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं संचालन महासचिव एस पी सिंह ने किया। बैठक में ÷प्रयागराज परिचायिका÷ के प्रकाशन पर विस्तृत चर्चा के उपरांत शीघ्र ही एक कार्यसमिति के गठन का निर्णय लिया गया। कार्यसमिति में सक्रिय सदस्यों को ही शामिल करने पर भी सहमति बनी। यह भी प्रस्तावित हुआ कि नये सदस्य केवल फरवरी माह तक ही बनाये जाने चाहिए जिस पर अगली बैठक में विचार किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव एस पी सिंह ने बताया कि सामान्य सभा की अगली बैठक 18 फरवरी दिन रविवार को मध्यान्ह होगी, जिसमें परिचायिका प्रकाशन हेतु कार्यसमिति का गठन होगा।बैठक में भूषण सिंह पटेल, सूर्यमणि द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, रणकेन्द सिंह, कुलदीप तिवारी, विष्णु प्रताप सिंह, अरुण विश्वकर्मा आदि की सहभागिता रही।

# भानु प्रताप सिंह क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को चार विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान ने रविवार को अपने मैदान पर 39.5 ओवर में 168 रन (सक्षम अवस्थी 44, प्रिंस मौर्य 42, विशाल यादव 3/32, अखिल कुमार कश्यप 3/48, अभिषेक विश्वकर्मा 2/30) बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 31.4 ओवर में 6 विकेट पर 169 रन (अथर्व प्रजापति 42, प्रमोद यादव 24 नाबाद, शुभम गुप्ता 23, सचिन तिवारी 20, आदर्श मिश्रा 2/32 सक्षम अवस्थी 2/49) बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व राहुल सिंह अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

# आबू धाबी के पहले हिन्दू मंदिर को लेकर प्रवासी भारतीयों में उत्साह

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे मंदिर का उद्घाटन



**आबू धाबी, (हि.स.)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में पहला हिन्दू मंदिर बनने और इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने को लेकर प्रवासी हिन्दुओं के साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों के एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुका है। यह मंदिर 27 एकड़ में बना है, जिस पर लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत आई है। मंदिर का निर्माण बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कराया है।दुबई स्थित भारतीय व्यापार एवं उद्यम परिषद के संयोजक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. साहित्य चतुर्वेदी ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि आबूधाबी में सनातन मंदिर की स्थापना अनेक संस्कृतियों का एक सम्मिलन है, जो भारत और अरब सागर की तटवर्ती सभ्यता को निकटता से जोड़ने का काम करेगा। मंदिर परिसर के लिए यूएई सरकार का भूमि देने से लेकर शिलान्यास, शिखर निर्माण तक पूरे मनोयोग से सहयोग देना अत्यंत ही सराहनीय है। इस भव्य मंदिर का निर्माण प्राचीन पद्धति से किया गया है। वास्तव में कहा जाये तो यह मानव सभ्यता का मंदिर है, जो कि विश्व को एक कुटुम्ब की भावना के प्रति प्रेरित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी 20 फरवरी तक विभिन्न आयोजन होंगे। मंदिर में 108 यज्ञ वेदियों का निर्माण किया गया है।डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण में सहयोगी बने प्रमुख दानदाताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री मोदी आबूधावी के स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित भी करेंगे। इस स्टेडियम में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस मौंके पर भारत और यूएई की कुल 180 छात्र-छात्राएं दोनों देशों के राष्ट्रीय गीत के साथ मोदी का स्वागत करेंगे। इसके बाद 18 फरवरी से यूएई का हिंदू मंदिर जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।आबूधाबी में पहले हिन्दू मंदिर के निर्माण को लेकर दुबई में स्टील व्यवसाय से जुडे भारतीय मूल के इंजीनियर धैर्य नारायण झा ने कहा कि अबूधाबी में हिन्दू मंदिर निर्माण होने से हम सब बहुत प्रसन्न हैं। यह मंदिर यहां के प्रवासी भारतीयों के अलावा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस मंदिर का निर्माण यह भी दर्शाता है कि यूएई में किस तरह की विविधता और समावेशिता है। भारत में भी विविधता में एकता की विशेषता है। मुझे गर्व है कि भारत और यूएई दोनों इसी तरह के मूल्यों का पालन करते हैं।

इस संबंध में दुबई की शिक्षिका सना सुलेमान ने कहा कि सामूहिक प्रयास से यहां हिन्दू मंदिर बनना खुशी की बात है। सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्वक और आपस में मिलजुल रह सकते हैं, इसका एक अच्छा उदाहरण दुबई है।

# भारत-नेपाल अन्तरदेशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन का निर्माण मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य



**काठमांडू, (हि.स.)।** भारत सरकार के सहयोग से अन्तरदेशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन के दूसरे चरण का काम मार्च के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसका उद्घाटन कराने की योजना है। बिहार के मोतिहारी से नेपाल के अमलेषगंज के बीच इस पाइपलाइन का निर्माण होने के बाद डीजल की तरह ही पेट्रोल और केरोसिन ऑयल की सीधी आपूर्ति हो सकेगी।इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल इन दिनों निर्माणाधीन अन्तरदेशीय पाइपलाइन की प्रगति का निरीक्षण करने नेपाल आया है। इस निरीक्षण दल ने बीरगंज से लेकर अमलेषगंज तक हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया है। अमलेषगंज डिपो के प्रमुख विनीत मणि उपाध्याय ने बताया कि अब तक 60 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है और अगले दो महीनों में इस काम को पूरा करने का निर्देश ठेकेदार कंपनी को दिया गया है।आईओसी के कंट्री मैनेजर निरूपम रायजादा ने ठेकेदार कंपनी को जनशक्ति बढ़ाने और तीन शिफ्ट यानि चौबीस घंटे काम को जारी रखने को कहा है। इस पेट्रोलियम पाइपलाइन के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हर हाल में मार्च के अंत तक प्रोजेक्ट पूरा करने के लक्ष्य के साथ ही सब लोग इसमें लगे हुए हैं। आईओसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर किसी बात की समस्या है तो अभी बताएं लेकिन हर हाल में इसे तय सीमा पर ही पूरा करना होगा। भारत में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसका उद्घाटन कराने की योजना है।इस पेट्रोलियम पाइपलाइन के निर्माण पर कुल 214 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें 100 करोड़ रुपये का निवेश आईओसी की तरफ से किया जा रहा है, जबकि बाकी के 114 करोड़ रुपये का निवेश नेपाल ऑयल निगम कर रहा है।

भारत सरकार के पूर्ण सहयोग से पाइपलाइन के पहले चरण का उद्घाटन 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संयुक्त रूप से किया था। उस पाइपलाइन से इस समय डीजल का आयात किया जा रहा है। नई बनने वाली पाइपलाइन से पेट्रोल और केरोसिन ऑयल का आयात किया जाएगा।

# बजट बड़ा होने से नहीं, सवाल है आखिर खर्च क्यों नहीं हो रहा -अखिलेश यादव




**लखनऊ,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार के बजट खर्च न किए जाने को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने शनिवार को यूपी विधानसभा सत्र 2024-25 के स्थगित होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सवाल ये है कि विभागों का बजट खर्च नहीं हो पा रहा है और हर बार बड़ा बजट पेश किया जा रहा है। आखिर क्यों नहीं बजट खर किया जा रहा है।अखिलेश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की बुनियादी जरूरतों को लेकर क्या कर रहे हैं। आज 80 करोड़ लोगों को इन्हें राशन देना पड़ रहा है। लेकिन 80 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन स्तर कब बेहतर होगा? उनके सपने कब पूरे होंगे। क्या पढ़ाई का इंतजाम अच्छा हो गया है। उनके पढ़े लिखे बच्चों के लिए नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। क्या किसानों की आय दोगुनी हुई? ये बुनियादी चीजें जो हैं इंफ्रास्ट्रक्चर, मेडिकल सेवाएं बेहतर हों। लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें सुधारने के लिए क्या किया जा रहा है। ये लोगों का जीवन स्तर नहीं सुधारना चाहते है केवल वोट की राजनीति करना जानते हैं।पश्चिम में सीटों और जयंत चौधरी को लेकर किए गए एक सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि सपा के चलते ही पहले भी चीजें बदली थी। राज्य सभा में जाने के लिए हमारी पार्टी के 23 विधायकों ने समर्थन दिया था।

# कानपुर में लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**कानपुर, (हि.स.)।** एयरफोर्स से सेवानिवृत्त महिला अधिकारी ने अपने पति लेफ्टिनेंट कर्नल और उनके साथ अवैध तरीके से रह रही उनकी प्रेमिका के खिलाफ कैंट थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पत्नी ने महिला पर सेना की जासूसी करने का भी आरोप लगाया है।इस संबंध में रविवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि कैंट इलाके में रहने वाली राखी अग्रवाल जो एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं, उनके पति सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। थाने में दी गई तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया गया है कि उनके पति के साथ अवैध रूप से पत्नी बनकर दिल्ली की एक महिला रहती है। अब वह मेरे नाम राखी अग्रवाल बनकर सेना से मिलने वाली सारी सुविधाओं का लाभ उठा रही है। सैनिक क्षेत्र में पति के साथ रहकर सेना की गोपनीय जासूसी भी करती है।

# प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे की तैयारियों ने जोर पकड़ा,अमूल डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे

## लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री का दौरा भाजपा संगठन के लिए बोनस से कम नहीं



**वाराणसी,(हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी दौरे की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह दिखने लगा है। भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारी प्रधानमंत्री के जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में भी सक्रिय है। वाराणसी दौरे में प्रधानमंत्री मोदी छह हजार करोड़ की लगभग 30 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।प्रधानमंत्री वाराणसी दौरे में फूलपुर करखियांव में अमूल डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। यहीं आयोजित जनसभा में प्लांट से जुड़े पूर्वांचल के 10 जिलों के किसानों को बोनस वितरित करेंगे। वाराणसी परिक्षेत्र के कमिश्नर कौशलराज शर्मा और अन्य अफसर करखियांव स्थित अमूल प्लांट का निरीक्षण कर चुके हैं। कमिश्नर ने जनसभा स्थल का निरीक्षण कर भूमि समतल कराने का निर्देश अफसरों को दिया है।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा 21 से 24 फरवरी के बीच प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री वाराणसी दौरे में संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर भी जाएंगे। प्रधानमंत्री करखियांव में अमूल डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। उससे जुड़े पूर्वांचल के 10 जिलों के किसानों को बोनस वितरित करेंगे। साथ ही, अमूल डेयरी प्लांट के समीप लगभग एक हजार करोड़ रुपये की परियोजना भेल के हाइड्रोजन प्लांट और वंदे भारत ट्रेन के पार्ट्स निर्माण यूनिट का शिलान्यास करेंगे।गौरतलब है कि अमूल प्लांट में साइलो के साथ ही प्रोसेसिंग पैकेजिंग चिलिंग ब्वॉयलर समेत लगभग शत प्रतिशत मशीनें इंस्टाल हो चुकी हैं। दुध, छाछ तथा दुग्ध उत्पादों से बनने वाले लाल पेड़ा, लौंगलता का निर्माण प्लांट में शुरू हो चुका है। प्लांट शुरू होने से वाराणसी समेत पूर्वांचल के लगभग एक लाख पशुपालकों को लाभ होगा। अमूल की ओर से चंदौली समेत आसपास के जिलों में दूध कलेक्शन प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे।

# सीएपीएफ में कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा पहली बार 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी आयोजित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी।गृह मंत्रालय के अनुसार कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा के प्रश्न पत्र अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2024 से सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था।

# एलएसी के करीब सैन्य थोइस एयरबेस पर घरेलू यात्री टर्मिनल बनाने की तैयारी

**लद्दाख के नुब्रा इलाके में टर्मिनल भवन के लिए सरकार ने दी 28 कनाल भूमि को मंजूरी स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति, कला और विरासत पर तैयार होगा नया नागरिक टर्मिनल**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब लद्दाख के नुब्रा इलाके में थोइस सैन्य एयरबेस को अब नागरिक उड़ानों के लिए नया टर्मिनल भवन बनाने की तैयारी है। अभी तक इस रनवे का इस्तेमाल सशस्त्र बल सैन्य उड़ानों के लिए करते हैं लेकिन इसके बाद यहां से पूरे देश के आम नागरिकों के लिए हवाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी। इस टर्मिनल भवन का निर्माण स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति, कला और विरासत को देखते हुए आकर्षक तरीके से तैयार किया जाएगा।लद्दाख के नुब्रा क्षेत्र में थोइस एक छोटा सा गांव है, जहां मौजूद सैन्य हवाई पट्टी भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक ग्राउंड पोजिशन लाइन के पास एक ग्लेशियर, हेलीपैड और युद्ध के मैदान सियाचिन तक आवाजाही को सक्षम बनाती है। थोईस जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर है और यह सड़क आगे तुरतुक तक जाती है, जो भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित है। यह लद्दाख की राजधानी लेह से लगभग 160 किमी दूर है। थोइस तक खारदुंग ला पर्वत दर्रे से होकर पहुंचा जा सकता है, जो मोटर वाहनों के उपयोग वाली दुनिया की सबसे ऊंची सड़कों में से एक है।भारत और चीन के बीच बीते कुछ सालों से गतिरोध के बीच लद्दाख के नुब्रा इलाके में थोइस हवाई पट्टी के रनवे का इस्तेमाल सशस्त्र बल सैन्य उड़ानों के लिए करते हैं। एलएसी के पास इस क्षेत्र में चीनी सैनिकों के साथ भारतीय सैनिकों की तनातनी के बीच केंद्र की %उड़ान योजना% के तहत लेह से कुछ नागरिक उड़ानें देखी गई हैं, ऐसे में सरकार जल्द ही थोइस के लिए और अधिक यात्री उड़ानों की योजना बना रही है।

इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस सैन्य एयरबेस पर नए नागरिक टर्मिनल भवन निर्माण के लिए 28 कनाल भूमि को मंजूरी दे दी है और जल्द ही एक सलाहकार नियुक्त करने जा रही है।इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी ने रविवार को पुष्टि की कि इसके लिए बोलियां भी आमंत्रित की जा चुकी हैं। यहां नागरिक टर्मिनल भवन का निर्माण होने के बाद लद्दाख में दूसरा नागरिक हवाई अड्डा बन जाएगा। दरअसल, इसके निर्माण से चीन को बड़ा संदेश देने की कोशिश है कि भारत एलएसी के पास देश के सुदूर कोनों तक भी नागरिकों के लिए हवाई कनेक्टिविटी की सुविधा ला रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 130 करोड़ रुपये आंकी गई है। थोइस में 5,300 वर्ग मीटर क्षेत्र के साथ एक केंद्रीय वातानुकूलित घरेलू यात्री टर्मिनल भवन बनने की उम्मीद है।इस डोमेस्टिक पैसेंजर्स टर्मिनल भवन का निर्माण स्थानीय वास्तुकला, संस्कृति, कला और विरासत को देखते हुए आकर्षक तरीके से तैयार किया जाएगा। इस भवन को आधुनिक संरचना के लिहाज से बनाया जाएगा, जिसके इंटीरियर पर भी खासा ध्यान दिया जाएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए थोइस में एक सिविलियन एयरपोर्ट की स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग रही है। नए टर्मिनल भवन में प्रस्थान और आगमन क्षेत्र, सुरक्षा होल्ड क्षेत्र और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारतीय सेना की सेवा के लिए एक तेल डिपो का निर्माण कर रहा है, जिसकी निगरानी चंडीगढ़ से की जा रही है।

# जब से भाजपा सत्ता में आई, तब से उसके किसी नेता को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा है -शरद पवार

**पुणे।** वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'मूल' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा कि देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है और लोग ऐसे फैसले का समर्थन नहीं करेंगे। आयोग ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया है शरद पवार ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दावा किया कि जब कोई सत्तारूढ़ भाजपा का विरोध करता है तो सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया, ''ईडी ने देश भर में जांच की है, जिसमें 2005 से 2023 तक 6,000 मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन, 25 मामलों में पर्याप्त निष्कर्ष प्राप्त हुए और (जिनमें से) 85 प्रतिशत मामले विपक्ष के नेताओं से जुड़े थे।''



पवार ने उनकी पार्टी द्वारा आयोजित 'आरोग्य दूत अभियान' में दावा किया, ''जब से भाजपा (2014 से) सत्ता में है, इस पार्टी के किसी भी नेता को ईडी की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। इसके अलावा, पार्टी के सत्ता में आने के बाद भाजपा नेताओं के खिलाफ जांच रोक दी गई।'' बाद में, जब एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों ने उनसे राकांपा के नाम और चुनाव चिह्न पर निर्वाचन आयोग के फैसले के बारे में पूछा, तो राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने अपना पहला चुनाव ''बैलों की जोड़ी'' के चुनाव चिह्न पर लड़ा था। उन्होंने कहा कि विचार और विचारधारा किसी भी चिह्न से अधिक महत्वपूर्ण हैं। पवार ने कहा, ''निर्वाचन आयोग का फैसला आश्चर्यजनक है। हमारी राजनीतिक पार्टी दूसरे लोगों को दे दी गई, ऐसी स्थिति देश में कभी नहीं देखी गई। मेरा मानना है कि लोग इस तरह के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे। हम सोमवार को नये नाम और चुनाव चिह्न पर चर्चा करेंगे।'' पत्रकार निखिल वागले पर हमले के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि पुणे में एक व्यक्ति पर हमला किया गया और एक कार में तोड़फोड़ की गई, यह चिंताजनक स्थिति है।

# भाजपा डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती है -अरविंद केजरीवाल



**तरन तारन।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है। एक निजी कंपनी से बिजली संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, '' आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है। 'आप' उसे चैन की नींद सोने नहीं दे रही।'' उन्होंने कहा कि 10 साल की अवधि में 'आप' ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाई है और गुजरात व गोवा में उसके विधायक हैं। केजरीवाल ने कहा, '' जहां भी हम चुनाव लड़ते हैं, वहां अनेक मत हासिल करते हैं। आज भाजपा डरी है कि अगर यह (आप) इसी तरह बढ़ती रही तो केंद्र में भी 'आप' की सरकार होगी।'' 'आप' नेता ने कहा, ''हमारी एक ताकत है और वह है स्पष्ट मंशा के साथ ईमानदारी। हम जनता की सेवा करते हैं। हम स्कूल और अस्पताल बनाते हैं, बिजली का अधिकार देते हैं और सड़क बनाते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा ऐसा काम नहीं कर सकती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा विगत कई सालों से सरकार चला रही है। उन्होंने कहा, '' पिछले 30 साल से वह गुजरात में सरकार चला रही है और गत 15 साल से मध्य प्रदेश में उसकी सरकार है। वहां एक स्कूल ठीक नहीं है। वे कुछ नहीं करते।''

# किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल-प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित दिल्ली चलो मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों किया जा रहा है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है, जो बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाती है। लगभग 200 कृषि संघों द्वारा आयोजित मार्च के तहत



उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में किसानों के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करने की संभावना है। वाद्रा ने पोस्ट किया, ''किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? इसी असंवेदनशील एवं किसान विरोधी रवैये ने 750 किसानों की जान ली थी। किसानों के खिलाफ काम करना, फिर उनको आवाज भी न उठाने देना - कैसी सरकार का लक्षण है?'' उन्होंने कहा, ''किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया- न एमएसपी का कानून बनाया, न किसानों की आय दोगुनी हुई - फिर किसान, देश की सरकार के पास नहीं आएंगे तो कहां जाएंगे?'' कांग्रेस नेता ने पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री जी! देश के किसानों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? आपने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा क्यों नहीं करते?'' पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय तिर्की द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, किसानों की मांगें पूरी होने तक दिल्ली की सीमाओं पर उनके धरना देने की संभावना है। इसमें कहा गया है, ''अतीत में विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जिस तरह का व्यवहार और अड़ियल रुख दिखाया है, उसे ध्यान में रखते हुए, किसानों/समर्थकों के अपने-अपने जिलों से ट्रैक्टर/ट्रॉली/हथियारों के साथ दिल्ली की ओर जुटने/गतिविधियां करने की संभावना है। किसान हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और अन्य संभावित क्षेत्रों से भी आएंगे।'' इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में जानमाल की सुरक्षा के लिए, किसी भी अप्रिय घटना को टालने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 के तहत एहतियाती आदेश जारी करना आवश्यक है। कई किसान संघों ने अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून की मांग के लिए 13 फरवरी को मार्च करने का आह्वान किया है, यह उन शर्तों में से एक है जो उन्होंने 2021 में केंद्र के तीन कृषि कानूनों (बाद में वापस ले लिये गए) के खिलाफ अपना आंदोलन वापस लेने पर सहमति व्यक्त करते समय निर्धारित की थी। इन किसान संघों में ज्यादातर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से हैं।

# मंत्रियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं-हिमंत विश्व शर्मा



**गुहावटी,एजेंसियां।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य के मंत्रियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं दी जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि हालिया संवाद के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन से बहुत ही मामूली राशि बिजली बिल के मद में काटी जाती है। उन्होंने कहा, ''तत्काल, मैंने विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सभी सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ''किसी भी मंत्री, अधिकारी या सरकारी कर्मचारी को सब्सिडी पर बिजली नहीं मिले''।

# अंत्योदय से ही सही मायनों मे राष्ट्र का उदय होगा: प्रो0 आशुतोष सिन्हा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग मे रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ में श्रद्धांजलि सभा एवं पं0 दीनदयालः जीवन एवं दर्शन विषय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने पंडित दीनदयाल जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए बताया कि उन्होंने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया, कभी भी मूल्यों से समझौता नहीं किया और उन्होने नैतिकता का मार्ग नहीं छोड़ा और सदैव राष्ट्रहित मे अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

कार्यक्रम में प्रो0 सिन्हा ने बताया कि पं0 दीनदयाल ने हमे 'एकात्म मानवदर्शन' के रूप मे ऐसा सिद्धांत दिया जिसमें एकात्म मानव के उत्थान से समाज के समग्र विकास की परिकल्पना निहित थी। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा सिद्धांत था जिस पर चलकर समस्त प्रकार की समस्याएं चाहे वे राजनैतिक हो, चाहे आर्थिक या सामाजिक का स्वतः निराकरण हो जाता है। प्रो0 सिन्हा ने बताया कि किसी भी समाज एवं राष्ट्र को तब तक विकसित नहीं माना जा सकता जब तक अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का समग्र विकास नहीं होगा। अंत्योदय से ही सही मायनों मे राष्ट्र का उदय होगा और यही पंडित जी का सपना था। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि दीनदयाल जी के सपनों को साकार करना देशवासियों का परम कर्तव्य है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ. अलका श्रीवास्तव ने पं0 दीनदयाल के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की विस्तार में चर्चा की। शोधार्थी अनिल कुमार ने दीनदयाल के छात्र जीवन से संबंधित बातों को विस्तार से बताया और उससे सीख लेने की बात कहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कुशाग्र पाण्डे एवं हीरा लाल सहित अन्य उपस्थित रहे

## प्रधान पति व पंचायत सचिव की व्हाट्सएप आईडी को हैक

रुदौली - अयोध्या।जनपद के पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत खुर्दहा निवासी एक युवक की मोबाइल नंबर से चल रहे व्हाट्सएप आईडी को किसी अनजान व्यक्ति द्वारा हैक करने का मामला प्रकाश में आया।मामले की जानकारी तब हुई जब हैकर के द्वारा लोगों को ब्लैकमेल किया जाने लगा।हैकर से पीड़ित लोगो ने मामले की जानकारी व्हाट्सएप आईडी चला रहे अमरेश कुमार को दी। बताया जाता है कि खुर्दहा निवासी अमरेश कुमार पुत्र राम सिंह के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप की आईडी बनाकर चला रहे थे।गुरुवार को किसी हैकर के द्वारा इस नंबर को से बनी हुई आईडी को हैक कर लिया गया।जिसके बाद अनजान व्यक्ति के द्वारा संपर्क वाले लोगो ब्लैकमेल करने की कोशिश की।हैकर के द्वारा ब्लैक होने वाले लोगो ने मामले की जानकारी अमरेश कुमार को दी।जानकारी होते ही अमरेश कुमार ने बिना देरी किए अपने पहचान वाले लोगो को जागरूक करते हुए घटना की ऑनलाइन साइबर क्राइम रिपोर्ट दर्ज कराई।और उक्त घटना की लिखित शिकायत थानाध्यक्ष पटरंगा से की। दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि व्हाट्सएप नंबर से बनाई गई थी।

# मंत्रियों-विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के किये दर्शन

## जगह-जगह पर लोगों ने पुष्पवर्षा के साथ जय श्री राम के उद्घोष से जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

अयोध्या। सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोड़कर सभी दल के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्रियों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। इसके साथ ही वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान वह अपने बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पाकर काफी गदगद नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए यूपी के विधायक और



मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे 10 लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हो गया। रास्ते में बाराबंकी में सभी जनप्रतिनिधियों के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहां पर नाश्ता करने के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी आगे के लिए रवाना हो गए। विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे। वहीं विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और जय श्री राम के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण राममय हो गया।

लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर यूपी के विधायकों का स्वागत किया। इस दौरान लोक कला के कलाकरों द्वारा अलग अलग विधा से लोक नृत्य के जरिये सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। इतना ही नहीं स्कूल के बच्चे भी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते नजर आए। विधायकों और मंत्रियों को गेट नंबर 11 से प्रवेश दिया गया। इसके बाद सभी विधायक और मंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अगुवाई में रामलला के दर्शन करने पहुंचे। दर्शन के बाद सभी विधायकों और मंत्रियों को प्रसाद भी दिया गया। वहीं सभी ने परिसर मंदिर में भोजन भी किया।

दर्शन करने के बाद यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढ़ांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज सबसे सौभाग्य की बात है कि भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा बीएसपी के विधायक उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

# देवा में बोर्ड परीक्षा के छात्र-छात्राओं हेतु मनोचिकित्सकीय कार्यशाला का आयोजन

अयोध्या।संस्कारित शिक्षा, सुरक्षा, सुविधा और अनुशासन के साथ समग्र विकास हेतु समर्पित उसरू-अमौना, अयोध्या स्थित देवा इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षाओं के ठीक पहले कक्षा 10वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं हेतु मनोचिकित्सक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य सहभागिता जिला चिकित्सालय अयोध्या के मनोचिकित्सक डॉक्टर आलोक मनदर्शन द्वारा की गई।मुख्य अतिथि व मनोचिकित्सक डॉ आलोक मनदर्शन, विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा नें मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मंच संचालक शिक्षक घनश्याम यादव ने अतिथि, विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य व उपस्थित शिक्षकों का अभिवादन किया। कार्यशाला में मुख्य भूमिका निभाते हुए मनोचिकित्सक डॉक्टर आलोक मनदर्शन ने सभी छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से स्वस्थ व शांत रहने का परामर्श देते हुए कहा कि भावनात्मक रूप से कमजोर बच्चों में एग्जाम फोबिया होता है। बौद्धिक क्षमता अच्छी होने के बावजूद घबराहट, लापरवाही



सबसे घातक है। परीक्षा से डरना नहीं चाहिए। परीक्षा से डरना होपलेसनेस ,हेल्पलेस, और वर्थलेसनेस जैसे घातक विचारों को मानसिक प्रबलता प्रदान करता है। यह विचार जीवन के लिए आत्म घातक होते हैं। अतः हमें परीक्षाओं के समय शरीर व दिमाग को शांत रखते हुए व अपनी पूरी दिनचर्या सामान्य रूप से बिताते हुए पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक दबाव दिमाग पर नहीं डालना चाहिए। भावनात्मक रूप से हम तभी आगे बढ़ेंगे जब मेंटली व इमोशनली हम स्ट्रांग रहेंगे। रेट्रो इवोल्यूशन सिंड्रोम यानी परीक्षा देने के बाद की जाने वाली गुणा भाग गणित आदि से बचना चाहिए। यह आपके समय को बचाएगा तथा अगली परीक्षा के लिए आपको किसी भी तरह की सकारात्मकता प्रदान करते हुए उचित समय प्रदान करेगा। इस अवसर पर कार्यशाला में छात्र-छात्राओं क्रमशः शिवांशी सिंह, विशाल, आनंद कुमार, रागिनीबाला आदि ने अपनी समस्या संबंधी प्रश्न पूछे तथा उनके सकारात्मक उत्तर प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय ने कार्यशाला के सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए मनोचिकित्सक डॉक्टर आलोक मनदर्शन को धन्यवाद प्रेषित किया व कहा कि आपके मार्गदर्शन से छात्र छात्राओं नें मानसिक ऊर्जा प्राप्त की है। जो बच्चों की बोर्ड परीक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक है। मैं आशा करता हूं कि सभी छात्र-छात्राएं इस कार्यशाला का समुचित लाभ उठाते हुए बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा करने का सफल प्रयास करेंगे वह सफलता अर्जित करेंगे। शिक्षक सीता शरण मिश्र ने बोर्ड परीक्षा की सभी बारीकियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा की परीक्षा या प्रश्न पत्र से नर्वस नहीं होना चाहिए तथा अपना रोल नंबर बहुत ध्यानपूर्वक लिखना चाहिए। प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दिन के ठीक पहले अपनी तैयारी, सभी सामग्री को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा यूनिफॉर्म में स्कूल जाने, नर्वस ना होने, टाइम मैनेजमेंट को समझने तथा रोल नंबर को ध्यान पूर्वक लिखने आदि संबंधी आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय उप प्रबंधक अजय उपाध्याय, कोऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी व शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## जालंधर में नौकरी कर रहे युवक की छत से गिरकर मौत

सोहावल- अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के देवराकोट गांव निवासी एक युवक की जालंधर शहर में छत से गिर जाने के कारण मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है इसकी सूचना पर परिवार में हड़कंप मच गया। देवराकोट गांव निवासी हृदय राम निषाद 32 वर्ष पुत्र शिवलाल निषाद बीते कई वर्षों से जालंधर शहर में गद्दा की फैक्ट्री में काम कर रहा था।प्रधान मनोज सिंह व मृतक के भाई राजीव निषाद ने बताया शनिवार ड्यूटी के उपरांत रात लगभग एक बजे वह दो मंजिली छत पर बाथरूम करने गया था इसी बीच उसका पैर फिसल जाने से गिरकर मौत हो गई।

# न ट्री गार्ड बना और न कराया गया पौधारोपण, 14 वें वित्त से निकाल लिए साढ़े सात लाख रुपये

## ग्राम पंचायत सदस्य ने डीएम से की शिकायत

अयोध्या। रूदौली विकास खंड के ग्राम पंचायत मीनापुर फगौली कुर्मियांन में न ट्री गार्ड बना और न ही वृक्षारोपण हुआ और ग्राम पंचायत के 14 वें वित्त से साढे सात लाख रुपए खारिज भी हो गए।यह मामला है विकास खण्ड रूदौली के ग्राम पंचायत फगौली कुर्मियान का है।गांव निवासी ग्राम पंचायत सदस्य हरिमोहन मिश्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर धन के रिकवरी कराएं जाने की मांग की है। हरिमोहन मिश्रा ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा मलिहाबाद के ठेकेदार से ग्राम सभा में वृक्षारोपण के लिए पौधे खरीदे गए तथा एक भट्ठे से ट्री गार्ड बनाने के लिए ईटों की भी खरीद की गई है लेकिन मौके पर पूरी ग्राम पंचायत में न तो कहीं पर वृक्षारोपण हुआ और न ही कहीं ट्री गार्ड ही बने हैं।इतना ही नहीं गांव के मुंशीलाल व रामनरेश के खेत में वृक्षारोपण कराया जाना बताया गया है।जिनके पास एक बिस्सा भी भूमि नहीं है।इसी प्रकार ग्राम पंचायत हलीमनगर, रहीमगंज अख्तियारपुर,सहबाजपुर,ममरेजनगर सहित विकास खंड की अधिकांश ग्राम पंचायत इसी प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त है कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं,जहां पर वृक्षारोपण तो नहीं किया गया परन्तु वृक्षारोपण के नाम पर राज्य वित्त आयोग मद से लाखों रुपए निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत सौरभ गुप्ता ने बताया कि कौन-कौन से ग्राम पंचायत ने वृक्षारोपण के नाम पर धन निकाला है और मौके पर वृक्षारोपण नहीं कराया गया है इन सब की जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी।

# रमियाबेहड़ में स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों से धोखाधड़ी कर सवा छह लाख रुपए गमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रमियाबेहड-खीरी।** विकास खंड रमियाबेहड़ के विभिन्न गांवों में संचालित आधा दर्जन स्वयं सहायता समूहों के बैंक अकाउंट से धोखाधड़ी कर 6 लाख 24 हजार रुपए गमन करने का मामला उजागर हुआ है। ठगी का शिकार हुई दर्जनों कार्यकर्तियों ने शनिवार दोपहर पढ़ुआ थाने में तहरीर देकर मामले में सम्मिलित समूह के ही सखी कार्यकर्तिओं के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में समूह की महिला फूल कुमारी, रुचिरा तिवारी, राजकुमारी, पूनम देवी, सुनीता, मीरा देवी, मंजू देवी, अंबिका देवी तथा सोनम सिंह समेत दर्जनों महिलाओं ने बताया है कि उनके विभिन्न गांवों में



पूजा, संतोष सिंह, सीता, जय मां काली और लक्ष्मी देवी के नाम से स्वयं सहायता समूह संचालित है। जिनके बैंक अकाउंट से समूह सखी गुरविंदर कौर और प्रमिला ने समूह में शामिल 72 महिलाओं को सूचना दिए बगैर धोखाधड़ी कर बैंक खातों से से 6 लाख 24 हज़ार रुपए निकाल कर गमन कर लिया है। कार्रवाई को लेकर थाना प्रांगण में बैठी समूह की महिलाओं ने बताया कि उक्त समूह सखी अपनी मनमानी दिखाते हुए किसी कार्य की जानकारी नहीं देती है।

जिससे उन्हें समूह से कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में एसओ हरिकेश राय ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छ पर्यावरण से स्वस्थ रहता है मनुष्य का तन एवं मन

कुमारगंज -अयोध्या।आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई - 2 के छात्र-छात्राओं द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम बवां में किया जा रहा है। एनएसएस के शिविर में कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह भी पहुंचे। कुलपति ने कहा कि युवाओं में चरित्र एवं व्यक्तित्व का विकास इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखें। साफ सफाई से इंसान का तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। कुलपति ने किसानों से अपील किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम समन्वयक डा. डी नियोगी ने बताया कि छात्र-छात्राओ द्वारा स्वच्छता अभियान, मतदान जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पशुओं में देखभाल एंव बीमारियों से बचाव, केन्द्र एवं राज्य

# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** सत्यम पब्लिक स्कूल में सपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, जोनल प्रभारी व सेक्टर प्रभारियों की बैठक वीरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक रामसरन भार्गव, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, मोहन बाजपेई मौजूद रहे। धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि मुझे सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने आपकी लड़ाई लड़ने के लिए भेजा है। मैं पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते आप सबको शपथ दिलाता हूं कि आगे आने वाले चुनाव में पूरी ईमानदारी के साथ पूरी ताकत लगाकर दिल्ली की छाती पर पार्टी का झंडा लगाने का कार्य करेंगें। कहा कि अगर आपका बूथ मजबूत है, तो पार्टी की विजय को कोई रोक नहीं सकता। पार्टी की जीत, आप सब कार्यकर्ताओं की जीत होगी। मंडल प्रभारियों को लोकसभा निर्वाचन सूची देते हुए कहा कि कोई मतदाता छूटने न पाए। पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला ने कहा कि मैं आपके सम्मान की लड़ाई लड़ता रहूंगा। जहां मेरी आवश्यकता होगी, मैं वहां पर खड़ा दिखाई पड़ूंगा। आपके सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। कहा कि अबकी बार लोकसभा क्षेत्र से आनंद भदौरिया को विजयी बनाकर समाजवादी पार्टी से धौरहरा का सांसद बनाएं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खीरी में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई आरओ-एआरओ परीक्षा,एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट ने देखे परीक्षा केंद्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** रविवार को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ परीक्षा जिले में 36 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल व नकल विहीन संपन्न हुई। इस दौरान प्रथम पाली में 11416 एवं द्वितीय पाली में 11351 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए एडीएम समेत 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही 36 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। आयोग से भी समन्वयी पर्यवेक्षक परीक्षा की निरंतर निगरानी करते रहे। रविवार को पीसीएस-प्री परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक चली तो दूसरी पाली ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक चली। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश दिया गया। जनपद के 36 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 15850 के सापेक्ष पहली पाली में 11416 परीक्षार्थी उपस्थित रहे

# विभिन्न धाराओं में सात वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर दर्ज किये गये मुकदमे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**निघासन-खीरी।** अपराधियों की धर पकड़ अभियान चलाकर प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने टीम के सहयोग से सात शातिर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया चलिये आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में वारण्टी,वांछित व संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र यादव के पर्यवेक्षण में तथा कोतवाल सुरेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण अनीस पुत्र आशिक अली निवासी मटेहिया को धारा



323/504/506 में व दीपू रैदास पुत्र रम्पू निवासी रकेहटी धारा 302/376/201 में सत्यप्रकाश पुत्र विन्द्रालोध निवासी रकेहटी को सम्बंधित केस नं0 6240-23 थाना निघासन में व गुड्डु पुत्र कालिका प्रसाद निवासी खैरहनी को धारा 323/325/504/506 में कालिका प्रसाद पुत्र बूधर निवासी खैरहनी धारा 323/325/504/506 में हरिहर प्रसाद पुत्र जंगली निवासी मटेहिया धारा 60/62 में व रमाकान्त पुत्र छोटन्न निवासी ईशवरीपुरवा मजरा रकेहटी धारा 363/366/376 व 3/4 पाक्सो एक्ट में सम्बंधित अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय लखीमपुर खीरी में सभी वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त को इनके गांव से पुलिस हिरासत में लिया गया साथ ही वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया साथ ही कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक प्रेम नरायन राजपूत,हेड कांस्टेबल अमरपाल,कांस्टेबल योगेन्द्र कुमार,प्रभात सिंह,छीतर सिंह थाना निघासन मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

अमेठी जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस जी महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिशन के क्रिकेट विकास समिति के अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी मो फहीम लीगल सेल के चेयरमैन और एपेक्स कमेटी के सदस्य इंदु प्रकाश मिश्रा,अध्यक्ष जिला पंचायत राजेश अग्रहरी पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह और विशिष्ट अथिति के रूप राष्ट्रीय खिलाड़ी रुचि सिंह उप जिला क्रीड़ाधिकारी मो शमीम अहमद अपर शासकीय अधिवक्ता विजय द्विवेदी मौजूद रहे पहला उद्घाटन मैच अमेठी बनाम रायबरेली का रहा जिसमे 20 ओवर के मैच में पहले बैटिंग कर रही रायबरेली ने 159 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेठी बी की टीम 118 पर आल आउट हो गई दूसरा मैच लखनऊ बनाम बनारस का चल रहा है जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बनारस की टीम ने 131 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने अभी 9 ओवर में 3 विकेट खोकर 40 रन पर खेल रही है,यूपीसीए के विकास समिति के अध्यक्ष वा मीडिया प्रभारी श्री मो फहीम जी ने अपने वक्तव्य में कहा की अमेठी संघ को सफल प्रतियोगिता के लिए मेरी शुभकामना है क्रिकेट बोर्ड से जो भी मदद होगी की जायेगी जो भी क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए संघ को जरूरत होगी उसके लिए हम तैयार है सभी मुख्य अथिति गण ने सफल आयोजन के साथ और सभी खिलाडियों को शुभकामना प्रेषित की। उक्त अवसर अवसर पर संघ के सचिव राजेश तिवारी निदेशक प्रांजल तिवारी उपाध्यक्ष मुकेश यादव गोविंद मौर्य मुख्य फिजियो डॉ आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पधाधिकारी मौजूद रहे।यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान की।

## गुलदार ने झोपड़ी में बंधी बकरे व बकरियों को मार डाला ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद के थाना पढ़ुवा क्षेत्र के ग्राम पठानन पुरवा निवासी रुखशाद खां के मकान के पास उनकी फूस की झोपड़ी ( घारी) बनी है उसमें उसके बकरी तथा बकरे बंधे हुए थे । रात करीब 12 बजे के बाद उस झोपड़ी में गुलदार घुस आया तथा बंधे बकरी व बकरों पर मुंह तथा पंजों से हमला किया जिससे नौ बकरी व बकरे मर गये । जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सुबह यह नजारा देखकर रुखशाद ने वन कर्मियों को सूचना दी। सूचना पर अपनी टीम के साथ पहुंचे वन दरोगा राजेन्द्र वर्मा ने मौका मुआयना किया तथा मौके पर गुलदार के पंजों के होने की पुष्टि की तथा कहा कि गुलदार के हमले से ही बकरियां मरी है । पोस्टमार्टम के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने बिखेरी मनोहारी छटा आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

अयोध्या। विद्यालय के निदेशक एवम जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ होते ही एक क्षण के लिए सभी के चेहरों पर उदासी छा गई। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9 के बच्चो ने इंटर के सभी बच्चो को स्वयं बनाए हुए गुडलक बैच लगाकर अभिनंदन किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित मिश्र जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन बड़ा ही भावुकता का दिन है जिसमें एक तरफ बच्चों से अलग होने का दुख है तो दूसरी तरफ उनके कुछ बनने की खुशी है। यहां से जाने के बाद बच्चें विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफलता हासिल कर विद्यालय का मान ड्ड सम्मान बढ़ाएंगे और अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। इन विचारों के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धमाकेदार प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया।




कक्षा 12 छात्राओं का सामूहिक नृत्य बहुत ही प्रभावशाली रहा। इसके अलावा विद्यालय के प्रवक्ता विनोद निषाद जी ने अपने शब्दों के द्वारा विदाई समारोह के अर्थ को तथा बच्चों को विद्यालय के प्रति जिम्मेदारी का आभास कराया।

इस मौके पर छात्र-छात्राओ को प्रवक्ता शिवकुमार एवम समस्त स्टाफ द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने भी अध्यापकों के प्रति अपने मनोभावों को प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद निषाद जी ने किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के द्वारा संपन्न कार्यक्रमों की तहे दिल से प्रशंसा की और अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। सभी कार्यक्रम विद्यालय के समस्त स्टाफ की देखरेख में संपन्न हुए। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी बच्चो एवम शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया ,इस लम्हे को यादगार बनाने के लिए सभी बच्चो ने खूब फोटोज भी खिंचवाई।

# सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम बच्ची की हुई दर्दनाक मौत,परिजनों में मचा कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** रविवार को अमीरनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदी की तहफ से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची नाजिया को टक्कर मार दी। जिससे मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। रविवार को चौकी क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर-मोहम्मदी हाईवे पर गरदहा में मोहम्मद रफीक की पांच वर्षिय मासूम बच्ची नाजिया एक डीसीएम की चपेट में आ गई।

जिससे नाजिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जबकि वाहन को चालक सहित पास के ही गांव से अपने कब्जे में ले लिया है।

# डेढ़ करोड़ के कर्ज में डूबे व्यापारी ने बुजुर्ग मां और बेटे को मारकर की खुदकुशी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** थाना न्यू आगरा की लायर्स कालोनी में आज सुबह एक घर में तीन लाशें मिलने के पीछे व्यापारी के डेढ़ करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे होने का मामला सामने आया है। व्यापारी में अपने बेटे और बुजुर्ग मां की हत्या करने के बाद खुद को फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को प्रारंभिक छानबीन में व्यापारी का मौत से पहले का एक वीडियो मिला, जिसमें उसने स्वयं वारदात की वजह बताई है। बताया गया है कि लॉयर्स कॉलोनी निवासी तरुण प्रताप सिंह उर्फ जॉली (करीब 45 वर्ष) का पाइप का कारोबार था। उसकी पत्नी रजनी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। घर में जॉली के अलावा उसकी बुजुर्ग मां ब्रजेश देवी (65 वर्ष) और 12 साल का बेटा कुशाग्र चौहान था। सुबह रोज की तरह जब उसके घर पर नौकरानी काम करने पहुंची तो घर के सारे दरवाजे खुले हुए थे। उसने जॉली का शव फंदे पर लटका हुआ था। यह देख नौकरानी चीखती हुई कमरे की ओर दौड़ी तो वहां 12 वर्षीय कुशाग्र और बुजुर्ग महिला ब्रजेश देवी की लाश पड़ी हुई थी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही थाना न्यू आगरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके से व्यापारी का मोबाइल फोन मिला, जिसमें एक वीडियो है। इस वीडियो में उसने कहा है कि उसे व्यापार में करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वह कर्ज से परेशान है, इसलिए सबको मार दिया। जॉली के पिता मान सिंह की कुछ माह पहले मौत हो गई थी। उसके पिता अधिवक्ता थे।



डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि तरुण ने आत्महत्या की और उससे पहले उसने अपनी मां और बेटे को मार दिया। वारदात को अंजाम देने से पूर्व उसने अपना एक स्वीकारोक्ति वीडियो भी बनाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तरुण के पिता की कोविड के दौरान मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद तरुण परेशान रहता था। वह एक फैक्ट्री में काम करता था। पिता के समय से ही उन पर कर्ज हो गया था। वह शराब का आदी हो गया था। तरुण ने आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में उसने कर्ज की बात बताकर कहा, ÷मैं जानता हूं कि मैं बहुत गलत फैसला ले रहा हूं, लेकिन इसके अलावा मेरे पास कोई चारा नहीं है।

बताया गया है कि तरुण की शादी 15 वर्ष पहले हुई थी। उसकी पत्नी रजनी सिकंदरा क्षेत्र में रहने वाली अपनी नंद गुंजन के साथ शनिवार को खाटू श्याम मंदिर चली गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि तरुण शनिवार से ही बाहर नहीं निकला था। पत्नी के जाने के बाद क्या हुआ इसकी जानकारी नहीं है। माना जा रहा है कि उसने शनिवार की रात को ही यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। रविवार सुबह जब उसके घर में काम करने वाली नौकरानी पहुंची, तब लोगों को इसकी जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। पुलिस को मौके पर सिगरेट के खाली खोखे भी मिले हैं।

# सात साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या, सरसों के खेत में मिला शव

## गॉव के ही एक युवक ने चॉकलेट का लालच देकर दिया था घटना को अंजाम, आरोपी युवक गिरफ्तार

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के थाना कोतवाही देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में सात साल की मासूम बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या का मामला सामने आया है। डॉग स्क्रायड का टीम में बच्ची के शबर को सरसों के खेत से बरामद किया है। मासूम का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और सैकड़ों की संख्या में भीड़ इकठ्ठा हो गई। घटना की सूचना पर वरिष्ठ अधीक्षक राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा भी मौके पर पहुंच गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया के शनिवार रात्रि 8~30 बजे थाना कोतवाली देहात पुलिस को मासूम 7 वर्षीय बच्चे के दोपहर 12 बजे से गायब होने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस तथा अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और घटना के खुलासे के लिए डॉग स्क्रायड टीम बुलाई गई। टीम ने बच्ची के शव को गाँव के पास स्थित एक सरसों के खेत से बरामद कर लिया गया। बच्ची के परिजनों के अनुसार 7 वर्षीय बच्ची दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ गाँव में ही खेलने के लिए गयी थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी उसे उसकी माँ ने चारों ओर काफी तलाश किया गया, किंतु उसका कहीं पता नहीं चला तो उसने घटना की सूचना अपने पति को दी उसने भी आकर उसे तलाश किया गया। उसके बाद घटना की सूचना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद पाडेय को दी गयी। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुँच गयी और मासूम को चारों ओर तलाश कर डॉग स्काइट तथा फोरैंसिक टीम को बुला कर जांच प्रारंभ कर दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार मासूम बच्ची के साथ प्रथम दृष्टया दुराचार होना तथा उसकी गला घोटकर हत्या किया जाना प्रतीत होता है। घटना के खुलासे हेतु चार टीमों का गठन किया गया है।

### सनसनीखेज घटना का एटा पुलिस ने किया 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार

शनिवार को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत एक 07 वर्षीय बालिका के गायब होने की सूचना पर, बालिका के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 45/24 धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। शनिवार को ही समय करीब 22.00 बजे बालिका का शव थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत एक सरसों के खेत में मिलने तथा चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 302, 376ए भादवि 5एम/ 6 पोस्को एक्ट की वृद्धि की करते हुए घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए गये। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गठित चार टीमों द्वारा रविवार को घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्त जवाहर शर्मा पुत्र सुधीर बाबू शर्मा निवासी गाजीपुर पहोर थाना कोतवाली देहात एटा को आगरा रोड, नगला जसराम के पास से गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त जवाहर अविवाहित तथा शराबी किस्म का व्यक्ति है, कोई काम धन्धा नहीं करता है और आवारा घूमता रहता है। घटना के दिन अभियुक्त द्वारा गॉव की ही एक दुकान से चॉकलेट खरीदी थी तथा अभियुक्त मृतका को चॉकलेट का लालच देकर सरसों के खेत में ले गया। जहाँ उसने मृतका के साथ जबरन दुष्कर्म किया, बालिका के चिल्लाने पर अभियुक्त ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव वहीं छोड़कर चला गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म तथा हत्या किए जाने की बात स्वीकार की गई है।



# स्वयं को बिल्डर बताकर फ्लैट बेचने के नाम पर हड़प लिए 13 लाख

गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र में फ्लैट बेचने के नाम पर दिल्ली के रहने वाले नरेंद्र सिंह से एक व्यक्ति ने 13 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कविनगर के विवेकानंदनगर में रहने वाले राकेश यादव ने खुद को बिल्डर बताकर झांसे में लिया और फ्लैट बुकिंग कर रकम ले ली, लेकिन फ्लैट का बैनामा नहीं लिया। दिल्ली के कड़कड़डूमा के रहने वाले नरेंद्र सिंह का कहना है कि उनके परिचित ने करीब 10 साल पूर्व उनकी मुलाकात विवेकानंद नगर के रहने वाले राकेश यादव से कराई थी। राकेश ने खुद को बिल्डर बताया और गौतमबुद्धनगर के गिरधरपुर में फ्लैट बनाने की बात कही। जिसमें उसने उनका एक फ्लैट बुक कराया और 13 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि कई बार कहने के बाद भी राकेश ने बैनामा नहीं किया। इसी बीच बिल्डर ने चेक भी दिया जो बाउंस हो गया। मामले में उन्होंने कविनगर थाने में राकेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी कविनगर का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# मुंडन कराने जा रहे परिवार से भरी कार नगर पालिका के साइन बोर्ड से टकराई

एटा। जनपद एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में मुंडन कराने जा रहे परिवार से भरी कार नगर पालिका के साइन बोर्ड से टकरा गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार घायलों को अलीगंज के सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को वेहत्तर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बड़ा हादसा अलीगंज थाना क्षेत्र के एस एस रिसोर्ट के समीप लगे साइन बोर्ड से कार टकराने की वजह से बताया जा रहा है। सड़क हादसे में घायल पांच वर्षीय मासूम बच्चा ओम नारायण भी घायल हुआ है जिसकी हालत गम्भीर है।घायल परिजनों ने बताया की घर के लाडले ओम का मुंडन करवाने परिवार फर्रुखाबाद जिले के शमसाबाद क्षेत्र के सैदबाड़ा से फिरोजाबाद जनपद स्थित जखईया माता मंदिर दर्शन करने जा रहा था । तभी कार चालक नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित कार स्वागत बोर्ड से टकरा गई।हादसे के बाद कार में चीत्कार मच गया।मॉर्निंग वाक कर रहे लोग और राहगीर दौड़े दौड़े कार के समीप पहुंचे ।किसी तरह कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया।स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती करवाया।जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत गम्भीर रूप से घायल चार लोगों को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।घायल परिजनों ने बताया की दर्शन के लिए परिवार जा रहा था मंगल गीत कार में महिलाएं गा रही थी।अचानक कार टकरा गई और हादसा हो गया।हादसे में एक ही परिवार के सात लोग घायल हुए हैं।घायलों में रघुवीर पुत्र टीकाराम उम्र 65 वर्ष उनकी पत्नी उर्मिला उम्र 55 वर्ष,पिता ओम नारायण उम्र 5 वर्ष,पुत्र बधू आरती पत्नी कमल प्रताप,शिल्पी पत्नी सनोज उम्र 23 वर्ष,सनोज पुत्र रामशंकर उम्र 35 वर्ष,रामशंकर पुत्र रामेश्वर उम्र 50 वर्ष निवासी सैदबाडा जनपद फर्रुखाबाद घायल हुए हैं।वहीं परिवार के लाडले ओम नारायण की हालत नाजुक है ।घायल पोते सहित बाबा,दादी समेत चार लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।घायल सनोज ने बताया की परिवार जखैया की जात करने जा रहा था प्रातः सात बजे कार साइन बोर्ड से टकरा गई और हादसा हो गया। वहीं इलाज कर रहे चिकित्सक शिवकुमार ने बताया की सुबह सात लोग घायल अवस्था में सी एच सी आए थे सभी का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।चार लोग गम्मभीर रूप से घायल है जिन्हे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।



# प्राथमिक शिक्षक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुये किया जागरूक



एटा। रविवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को यूआरसी (शिकोहाबाद रोड) जनपद एटा में प्राथमिक शिक्षक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुये जागरूक किया गया तथा उनसे स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

इस अवसर पर स्काउट शिक्षक दयानंद श्रीवास्तव तथा अध्यापिका नीतू सिंह द्वारा यातायात संकेतक प्रदर्शित किए गए।

# एसीएल को बेहतर कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए मिला प्रदेश में पहला स्थान

कर्नलगंज,गोण्डा। ग्रामीण इलाकों में बेहतर कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये करनैलगंज गोण्डा में आरजीसीएसएम स्किल्स कोटा द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र एकेडमी आफ कम्प्यूटर लर्निंग को उत्तर प्रदेश के तहसील स्तरीय केन्द्रो में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। लीडरशिप एक्सलेंसी अवार्ड 2023 के नाम से मिले इस अवार्ड को एसीएल कम्प्यूटर सेंटर के केन्द्र निदेशक अजीत प्रताप दीक्षित व चेयर पर्सन मालती दीक्षित को शुक्रवार को कोटा राजस्थान में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

# सुनील गौतम को किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया



एटा। जिला कांग्रेस कमेटी एटा के नेतृत्व मे लालपुर हॉउस गांधी मार्केट सत्या बहन पूर्व सांसद के केम्प कार्यालय एटा पर किसान कांग्रेस एटा का जिला अध्यक्ष सुनील गौतम को बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया और फुल माला पहना कर स्वागत सम्मान किया।नव नियुक्त किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील गौतम ने कहा की किसान भाइयो की लड़ाई के लिए उन पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर संघर्ष करुँगा। और किसान कांग्रेस कमेटी जल्द बना कर प्रदेश नेतृत्व को भेज दुगा। इस अवसर पर ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने एवं सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहना कर स्वागत किया। बैठक मे ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एटा,अरुणेश गुप्ता, नैना शर्मा एडवोकेट, सुभाष सागर,दिनेश सागर,जीतेन्द्र फेजल, मुकेश बघेल, नीरज मिश्रा ,मधुरकान्त कश्यप,आमिर अली,उमेश वर्मा,संजीव गुप्ता,अरविन्द जाटव,कौशल कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत पड़ा मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

कर्नलगंज,गोण्डा। स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ रेल खंड पर मैजापुर के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत विक्षत शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पहुंची हलधरमऊ चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया है ।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की देर रात सूचना मिली कि गोण्डा कचहरी खंड डाउन लाइन 672/10 किमी पर एक व्यक्ति की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गयी है । इस सूचना पर तत्काल हलधरमऊ चौकी प्रभारी को मौके पर भेजा गया।

ट्रेन की चपेट में आने से मृतक का शव क्षत विक्षत हालत में था और शव के टुकड़े रेल ट्रैक पर बिखरे पड़े थे। कपड़े भी चीथड़े में तब्दील हो चुके थे। इसलिए मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पंचनामा भरकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया गया है । मृतक के शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# दुकानों का किराया बढ़ाने का विरोध जारी, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

गाजियाबाद। नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया बढ़ाए जाने के फैसले का विरोध शनिवार को भी जारी रहा। नगर निगम के खिलाफ लामबंद हुए विभिन्न बाजारों के व्यापारियों ने शनिवार को पहले घंटाघर पर धरना दिया, इसके बाद पुरानी सब्जी मंडी, दिल्ली गेट, चौपला बाजार, डासना गेट, रमते राम रोड समेत विभिन्न बाजारों में जुलूस निकाला। अब व्यापारी सोमवार को बाजार बंद कर नगर निगम कार्यालय का घेराव कर सकते हैं। सुबह 10 बजे गोल मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, रामानुज दयाल मार्केट, कविनगर सी-ब्लॉक समेत कई अन्य बाजारों के व्यापारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के पास इकट्ठा हुए। उन्होंने नगर निगम के खिलाफ धरना दिया। व्यापारियों ने नगर निगम के अधिकारियों पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि एक साथ किराए में छह से आठ गुना बढ़ोत्तरी करना अन्याय है। व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। गोल मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव लाहोरिया ने बताया कि नगर पालिका ने करीब साठ साल पूर्व फड़ यानी चबूतरे के रूप में बंटवारे के बाद पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए दी गई थी। उस वक्त इन दुकानों को लेने के लिए कोई तैयार नहीं था। प्रत्येक दुकान के लिए तीन से चार लाख रुपये पगड़ी की रकम भी ली गई थी। इसके बाद जिन दुकानों का हस्तांतरण अगली पीढ़ी या अन्य व्यक्तियों को हो चुका है उसके लिए नगर निगम ने एक निर्धारित रकम जमा कराने के साथ-साथ दुकानों का किराया भी दोगुना कर दिया है। अब नगर निगम के अधिकारी एकतरफा निर्णय लेकर दुकानों का किराया 300 से 1500 रुपये प्रतिमाह की बजाय 12 से 18 हजार रुपये प्रतिमाह करना चाह रहे हैं।



# सरकार की जैसी मंशा वैसा काम,रोशन हुआ राकेश सिंह का नाम

जगदीशपुर/अमेठी। अपराधों पर अंकुश लगे फरियादियों को निष्पक्ष न्याय मिले यही सरकार की मंशा है ठीक वैसा ही कार्य करके कोतवाल राकेश सिंह ने क्षेत्र से लेकर जिले तक अपना नाम रोशन किया ।इनकी प्रतिभा पर चार चांद तब लग गया जब आकस्मिक निरीक्षण मे आए नवागत डीएम निशा अनंत व पुलिस कप्तान डाक्टर इलामारन भी इनके संतोषजनक कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गदगद हो गए।

जिले का जिगर कहा जाने वाला कोतवाली जगदीशपुर यहां जो भी आया कोई अपनी कार्य कुशलता की छाप छोड गया तो कोई खाकी पर दाग लगाकर रुख्सत हो गया ।वहीं यदि वर्तमान कोतवाल की बात की जाए तो इन्होंने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल मे अपनी कार्य कुशलता की बदौलत ऐसी पहचान बनाई कि जनमानस मे चर्चा का विषय बन गया इंसाफ के लिए आने वाले फरियादियों को बगैर भेदभाव के दर्जनों ऐसे मामले सुलह समझौते के जरिए निपटा दिए जो कई वर्षो से कोर्ट कचेहरी के चक्कर काट रहे थे वहीं वर्षो से फरार चल रहे इनामी बदमाश चोर लुटेरों गौ हत्यारों जुआरियो शराबियो स्मैकियों कछुआ तस्करों आदि अपराधों मे लिप्त कारोबारियों को जेल की संलाखो मे पहुंचाकर अपराध पर अंकुश लगाते हुए हरे भरे वृक्षो की कटान पर ऐसा प्रतिबंध लगाया कि वन माफिया क्षेत्र छोड कर दूसरे क्षेत्र को पलायन करने पर मजबूर हो गए।

बताते चलें कि कोतवाली का निरीक्षण करने अचानक नवागत जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस कप्तान डाक्टर इलामारन ने पहुंच कर जन सुनवाई रजिस्टर मे जन शिकायतों के निस्तारण मे कमी, विवेचना,अपराधिक रजिस्टर मे अपराधों की कमी पाए जाने समेत अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया कार्य संतोषजनक पाने पर उन्होने खुशी जाहिर करते हुए उनके कार्य को सराहा ।इस मौके पर एसडीएम सविता यादव क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना अतुल कुमार समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# अनियमित रूप से विद्युत कनेक्शन देने वाले विद्युत कर्मियों पर कब होगी कार्यवाही

गोण्डा। विद्युत विभाग जनपद गोण्डा की टीम द्वारा दिनांकः 06.02.2024 को ग्राम हारीपुर लखनऊ रोड निकट- एस0सी0पी0एम0 मेडिकल कालेज, गोण्डा के बगल स्थित अमित रेस्टोरेन्ट एण्ड ढाबा, प्रतिष्ठान से लगभग 130 मीटर दूर स्थापित परिवर्तक से डायरेक्ट विद्युत केबिल खींच कर वाणिज्यिक विधा में अवैध रूप से (लोड 348 वाट) विद्युत का उपभोग करते हुए पाया गया था।

मौके पर उपभोगकर्ता के सामने वीडियोग्राफी करते हुए चेकिंग रिपोर्ट संख्याः एम.वी.वी.एन.एल. 24/6730 भरी गयी। जिसके पश्चात प्रतिष्ठान संचालक के विरूद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु दिनाँक 07.2.2024 को थानाध्यक्ष थाना-बिजली चोरी निरोधक, बड़गाँव जिला-गोण्डा को पत्र दिए गए। अब सवाल यह उठता है कि जब प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की गई तो अवैध रूप से 130 मीटर लम्बी केबिल खींचकर प्रतिष्ठान पर कनेक्शन देने वाले दोषी कर्मियों के विरुद्ध अभी तक कार्यवाही क्यों नही हुई।

# फ्री स्क्रीनिंग मैमोग्राफी कैंप में 20 महिलाओं का हुआ चैकअप

गाजियाबाद। द कैंसर फाउण्डेशन के तत्वाधान में शनिवार को आरएचएएम फाउण्डेशन ने रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफरोन, मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल वैशाली के साथ मिलकर ग्रैण्ड अजनारा हैरिटेज में फ्री स्क्रीनिंग मैमोग्राफी कैंप का आयोजन किया। कैंप में ग्रैण्ड अजनारा हैरिटेज के साथ स्थानीय निवासियों ने भी अपना चेकअप कराया। मोबाईल मैमोग्राफी बस की क्षमतानुसार 20 महिलाओं का चेकअप किया गया। कैंप को सफल बनाने में शारदा अस्पताल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आरएचएएम फाउण्डेशन के चेयरमैन तथा रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर के प्रधान डॉ. धीरज कुमार भार्गव, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरोन की प्रधान कोमल भार्गव, मनीषा भार्गव, अपूर्व राज, संजय शर्मा समेत मैक्स हॉस्पिटल का स्टॉफ मौजूद रहा।




# भूमि विवाद में चाचा ने भतीजे पर भाले से किया हमला, गंभीर घायल

## जिला अस्पताल में चल रहा इलाज,जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

परसपुर,गोण्डा। स्थानीय थाना क्षेत्र के शुक्लनपुरवा दुबाई गांव में रविवार को भूमि विवाद को लेकर चाचा ने भतीजे पर भाले से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल भतीजे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने आरोपी चाचा सहित तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के शुक्लनपुरवा दुबाई गांव के रहने वाले राम दयाल शुक्ला के मुताबिक जमीन बंटवारे को लेकर उसका अपने चाचा से विवाद चल रहा है । आरोप है कि उसके पिता की मृत्यु के बाद उसके चाचा बंटवारे में सीनाजोरी कर रहे हैं और उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं। इसी विवाद को लेकर रविवार की सुबह उसके चाचा ने उस पर भाले से हमला कर दिया। भाला उसकी पीठ में घुस गया और वह घायल हो गया। भाई शिवदयाल बचाने दौड़ा तो उसे भी लाठी डंडे से जमकर पीटा। वारदात को अंजाम देकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। घायल राम दयाल को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रामदयाल ने विपक्षी गण संतोष शुक्ला,विशंभर व नानमून के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी शेष मणि पाण्डेय ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# भाजपाइयों का पुलिस पर हमला, सिपाही के 12 टांके आए

## छह नामजद, 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** पुलिस कर्मियों से मारपीट के आरोप में थाना जगदीशपुरा में छह भाजपाइयों के खिलाफ नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट में एक सिपाही की आंख के पास 12 टांके आए। उधर भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस ने पूर्व पार्षद के बेटे के साथ मारपीट की। पूर्व पार्षद सहित बेटे, दामाद को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ही भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की। इस संबंध में रविवार को भाजपा कार्यकर्ता मेयर के आवास पर भी पहुंचे।

आवास विकास कॉलोनी में राहुल नगर में पूर्व पार्षद श्यामवीर रहते हैं। उनका 17 साल का बेटा रात लगभग नौ बजे अपने कुत्ते को घुमाने निकला था। तभी सादा वर्दी में एसओजी के सिपाही ने किसी जीतू नाम के अपराधी के बारे में जानकारी मांगी। श्यामवीर के बेटे ने कहा, मुझे नहीं पता। इसी बात पर मारपीट शुरू हो गई। बेटे को बिना नंबर की बाइक पर बैठाकर पुलिसकर्मी चौकी ले गए। श्यामवीर को जानकारी मिली तो वह अपने भांजों और दामाद के साथ चौकी पहुंचे। जहां दोनों पक्ष में बहस हुई। श्यामवीर और उनके भांजों और दामाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली तो सभी इकट्ठे होकर पहुंचे। थाने में ही भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बहस और धक्का मुक्की हुई। हाथापाई भी हुई। पुलिस का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट की, जिसमें एक सिपाही की आंख के पास चोट आई। उसके 12 टांके आए हैं। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस ने अभद्रता की। पुलिस ने सिपाही पर हमले और मारपीट के खिलाफ छह भाजपाइयों के खिलाफ नामजद और लगभग 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। डीसीपी सूरज राय का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले में सिपाही के चोट आई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता इस घटना के विरोध में रविवार सुबह मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह के आवास पर पहुंचे और मीटिंग की। विधायकों से भी बात की गई। विधायक इस समय अयोध्या में हैं। सांसद भी किसी कार्यक्रम के सिलसिले में शहर से बाहर हैं। मेयर का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। कमिश्नर से उनकी रात में ही बात हुई थी। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# आरओ/एआरओ प्री परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

अमेठी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने संयुक्त रूप से अमेठी के शिव प्रताप इंटर कॉलेज व सरयू देवी सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

बताते चलें की आरओ/एआरओ प्री परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पूर्वाह्न 9-30 बजे से पूर्वाह्न 11-30 बजे तक एवं अपराह्न 2-30 बजे से अपराह्न 03-30 बजे तक आयोजित हुई, दोनों पालियों में निर्धारित परीक्षार्थियों 8064 में से प्रथम पाली में 2515 व द्वितीय पाली में 2534 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।